स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ, मंगलवार
7 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 315 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, रिंकू सिंह की वापसी

# चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद यह ट्रस्ट की पहली बैठक राम मंदिर गेस्ट हाउस में हुई सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी को ले करके श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में आज श्रीराम मंदिर के गेस्ट हाउस में ट्रस्ट की पहली बैठक सम्पन्न हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय बंसल, ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने भाग नहीं लिया। उनके इस्तीफे पर ट्रस्ट ने बड़ी गंभीरता से चर्चा की। उसके बाद उनका इस्तीफा सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया और उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। चढ़ावा चोरी मामले में नाम उछलने के बाद चम्पत राय, डा. अनिल मिश्रा को लेकर लगातार तीखे सवाल उठाये जा रहे थे, जिसके बाद उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया था। बैठक की शुरुआत में ही ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने यह बेहद संवेदनशील घटना बताया। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में हुई इस कथित चोरी की घटना पर गहरा दुख और खेद व्यक्त किया। इसके तुरन्त बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरी ने मीटिंग का मुख्य एजेंडा सबके सामने रखा और चम्पत राय व डा. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर विचार का प्रस्ताव पटल पर रखा। इस दौरान बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष का दर्द इस हाई प्रोफाइल के दौरान देखा गया। कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने बेहद भावुक होते हुए स्वीकार किया कि हमसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है। इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया भर के भक्तों को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में कुछ जगहों पर तकनीकी और प्रशासनिक खामियां थीं जिन पर उस समय पर ध्यान नहीं दिया गया। सूत्रों का कहना है कि जब अंदर यह मंथन चल रहा था तब चम्पत राय और डा. अनिल मिश्रा एक साथ अयोध्या में ही मौजूद थे, लेकिन दोनों में से कोई भी इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।



## कृष्ण मोहन राय को मिली मंदिर व्यवस्था की जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने अपनी पहली औपचारिक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से ट्रस्ट की साख और जनता के भरोसे को बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया कि हाल के दिनों में समाज के मन में कुछ बातों को लेकर संशय और अविश्वास का माहौल बना है, जिसे दूर करना ही उनकी सबसे पहली और मुख्य प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए समिति की अगली बैठक 22 जुलाई को होगी। भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है। कृष्ण मोहन आरएसएस के पदाधिकारी और पूर्व इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस) अधिकारी रह चुके हैं। 73 साल के कृष्ण मोहन को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पिछले साल ही ट्रस्ट मेंबर बनाया गया था। वह आरएसएस के क्षेत्र संघ चालक (क्षेत्र प्रभारी) हैं। कृष्ण मोहन हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुर गांव के रहने वाले हैं।



## योगी मंत्रिमंडल ने पारित किए 28 प्रस्ताव

# जलालाबाद अब परशुरामपुरी

### होमगार्ड्स को कैशलेस इलाज | पदक विजेताओं की होगी सीधी भर्ती | डाटा सेंटर नीति फिर से लागू | पशुओं का कराया जाएगा बीमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट में विभिन्न विभागों के 29 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 28 को मंजूरी दी गई। जबकि, एक प्रस्ताव मदरसे से संबंधित स्थगित कर दिया गया। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया गया। इसके प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किया गया। यह जगह भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। शासन ने 25 जून 2025 को अनुरोध किया था। भारत सरकार से एनओसी आने के बाद इस पर अब कैबिनेट की भी सहमति मिल गई है। कैबिनेट में उप्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति के साथ ही उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत उप्र स्टार्टअप मिशन की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। डाटा सेंटर नीति जो समाप्त हो गई थी, आज फिर से लागू कर दी गई। मिशन डायरेक्टरेट बॉडी के हेड चीफ सेक्रेटरी होगें। एंपावरमेंट कमेटी बनाई जाएगी। अभी तक स्टार्टअप पॉलिसी में प्रोटोटाइप 10 लाख और सीए कैपिटल 15 से 50 लाख है। इनक्यूबेटर संचालन को 40 लाख सालाना अनुदान मिलेगा। 1000 करोड़ का स्टार्टअप फंड रखा गया है। इसमें 400 करोड़ एकेटीयू का है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सीएम जोखिम पशुधन बीमा प्रबंधन योजना, नस्ल सुधार, पशुधन बीमा और गौशाला के संवर्धन के लिए कई योजनाएं लागू की जाएंगी। पशुओं का बीमा भी होगा। इसका राज्यांश 85 फीसदी है। प्रत्येक पशुधन की कीमत तय की जाएगी। मुर्रा भैंस 75000, विदेशी, हरियाणवी, साहिबान गिरी गाय की कीमत 50 हजार से 65 हजार तक रहेगी। बैल की कीमत 40 हजार, खच्चर, गधा आदि 20 हजार, घोड़ा 60 हजार, भेड़ और बकरी की 6500 रुपये कीमत रहेगी। बीमा में केंद्र का राज्यांश 51 फीसदी, राज्य का 34 फीसदी और किसान का 15 फीसदी रहेगा। दैवीय आपदा, बीमारी और हादसे पर बीमा मिलेगा। गौशालाओं में 1.35 लाख गाय हैं। इन पर हर दिन आठ करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बनारस में ईएसआईसी श्रम विभाग के मेडिकल कॉलेज के लिए निःशुल्क जमीन आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया। मुरादाबाद, गोरखपुर में पांच-पांच एकड़ में 100 बेड हॉस्पिटल के लिए जमीन आवंटित की गई है। बनारस में 13 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा। 50 फीसदी जमीन श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है। कुल 50 सीट में 25 सीट श्रमिक के बच्चों के लिए रहेगी। मंत्री गिरीश यादव ने बताया कि ओलंपिक, महिला ओलंपिक, एशियन आदि के पदक विजेताओं के सीधी भर्ती का प्रस्ताव पास किया गया। लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया से बाहर करके इन्हें नौकरी दी जाएगी। समूह ख और क के लिए यह है।




## ताजमहल में तेजो महालय मंदिर, हाईकोर्ट ने जवाब मांग

**प्रयागराज।** आगरा स्थित ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने वाले मुकदमे में सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। मामले में राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को जवाब दाखिल करना होगा। यह याचिका आगरा की जिला अदालत के उन आदेशों के विरुद्ध दाखिल की गई है, जिनमें सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला जज ने विवादित परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। मामले के तथ्यों के मुताबिक ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने को लेकर आगरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में वर्ष 2015 से दीवानी मुकदमा लंबित है। इस मुकदमे में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि ताजमहल परिसर में वास्तव में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर स्थित है। इसी मुकदमे के ट्रायल के दौरान परिसर के सर्वेक्षण के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। दोनों अदालतों (सिविल जज सीनियर डिवीजन व अपर जिला जज) ने इस पर कोई भी आदेश देने से मना कर दिया था।

## 'देश में भारत टैक्सी की तर्ज पर शुरू होगी नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी'

- अमित शाह ने किया बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** देश के सहकारिता आंदोलन को नया जीवन देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक नीतिगत पहल की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में घोषणा की कि देश में सहकारी समितियों के विकास को तेज करने के लिए जल्द ही एक नई सहकारी लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) कंपनी का गठन किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सहकारिता आंदोलन, जो कांग्रेस शासन के दौरान एक उपेक्षित आंदोलन बन चुका था, उसे इस मंत्रालय के गठन से एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन मिली है। देश के लगभग 8.5 लाख सहकारिता संगठनों और 30 करोड़ से अधिक सदस्यों के लिए यह पहल एक दूरगामी गेम-चेंजर साबित होने वाली है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि देश में सहकारी मॉडल पर आधारित भारत टैक्सी का कामकाज बेहद शानदार रहा है और आगामी दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों में करने की ठोस तैयारी है। इसी मॉडल की तर्ज पर, बीमा क्षेत्र में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक स्वतंत्र सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि उर्वरक क्षेत्र की दिग्गज सहकारी संस्था इफको (आईएफएफसीओ) पहले से ही एक जापानी फर्म के साथ संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) के जरिए बीमा व्यवसाय में सक्रिय है। यह नई कंपनी सीधे तौर पर सहकारिता क्षेत्र को वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लाकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेगी।



## नौसेना को मिलेगा नया 'समुद्री प्रहरी' महेंद्रगिरि


- दुश्मन के रडार को देगा चकमा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत जल्द ही और बढ़ने वाली है। 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह केवल एक नया युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा तकनीक, आत्मनिर्भरता और समुद्री सुरक्षा का नया प्रतीक भी है। अत्याधुनिक हथियारों और स्टील्थ तकनीक से लैस यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक क्षमता को और मजबूत करेगा। महेंद्रगिरि पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। स्टील्थ तकनीक की वजह से यह दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देता है। युद्ध के दौरान यह विशेषता इसे सामरिक बढ़त देती है और दुश्मन के लिए इसकी पहचान करना कठिन बना देती है। महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देश की बड़ी रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया है।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90 प्रतिशत गायब

- ऊंचाई एक फीट बची
- तीन दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6 प्रतिशत ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 प्रतिशत गायब हो चुका है। अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।



## 17 जुलाई को लॉन्च होगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होगी। खास बात यह है कि ट्रेन को मेक इन इंडिया पहल के तहत विकसित किया गया है और इसका डिजाइन लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने तैयार किया है।

## बारिश पर आईएमडी का कई राज्यों के लिए रेड-ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कई राज्यों में अगले 24 से 72 घंटे बेहद भारी पड़ सकते हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुजरात, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के लिए रेड अलर्ट, जबकि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ इलाकों में 21 से 50 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है, जबकि अगले तीन दिनों में मानसून के पूरे देश में फैलने की संभावना है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. शशि कांत ने सोमवार को बताया कि देश के पश्चिमी तट, जिसमें गुजरात, सौराष्ट्र, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं, वहां आज पूरे क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात, तटीय महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 21 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हो सकती है। आज पूर्वी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, जिनमें वाराणसी और प्रयागराज जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## नेतन्याहू के भारत समर्थन वाले बयान पर सरकार पर बरसी कांग्रेस

- कहा- 'विश्वगुरु' की चुप्पी अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याह की तरफ से भारत के समर्थन का दावा किए जाने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी भारत की सभ्यतागत परंपराओं और मूल्यों के खिलाफ है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि नेतन्याहू का यह कहना गलत है कि भारत इस्राइल के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री मोदी इस्राइल के प्रति झुकाव रखते हों, लेकिन करोड़ों भारतीय गाजा में हो रही हिंसा, फलस्तीनियों के विस्थापन, ईरान पर हमलों और दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियान की निंदा करते हैं। उनके अनुसार, ये सभी घटनाएं मानवता पर हमला हैं।



## मणिपुर में तनाव के बीच फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में लंबे समय से जारी जातीय तनाव के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। कांगपोकपी जिले के थिंगखोंगजांग (थिंगखोजांग) कुकी गांव पर हुए कथित सशस्त्र हमले में एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। घटना के बाद कुकी संगठनों ने सोमवार से राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (एनएच-37) पर 24 घंटे के बंद का एलान कर दिया है। साथ ही स्वतंत्र न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है। हालांकि, सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार शाम गांव के लोग चर्च में प्रार्थना कर रहे थे, तभी हथियारबंद हमलावरों ने गांव पर गोलीबारी की और विस्फोटक फेंके।

## किश्तवाड़-डोडा में बारिश से तबाही

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिले में सोमवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। तेज बहाव के साथ आए पानी और मलबे ने 540 मेगावाट क्वार जलविद्युत परियोजना के टीआरटी क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। बाढ़ की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड भी हुआ है। उधर, लगातार बारिश के कारण प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। प्रभावित इलाकों में हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ का असर 540 मेगावाट के क्वार पावर प्रोजेक्ट पर पड़ा है। परियोजना की टीआरटी साइट पर भारी मात्रा में मलबा और पानी घुसने से वहां खड़े कई वाहन मलबे में फंस गए। कई गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

## महाराष्ट्र के सतारा में बारिश से पुल टूटा

**सतारा।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूट गया। 10-12 पर्यटक फंसे हैं, कारों को क्रेन की मदद से निकाल गया। बीएमसी ने आज सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है।




पड़ताल

पाकिस्तान की साजिश के सबूत होने का दावा

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए ने पेश की पूरक चार्जशीट

- हाफिज सईद को बनाया आरोपी
- लश्कर प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद को अपनी पूरक (सप्लीमेंट्री) चार्जशीट में आरोपी बनाया है। एनआईए ने उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से आतंकी साजिश रचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी ने हमले की साजिश और आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ भी अतिरिक्त साक्ष्य अदालत में पेश किए हैं।




जम्मू की एनआईए स्पेशल कोर्ट में दायर अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में, आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने हाफिज सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा व उसके सक्रिय प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के चीफ के तौर पर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाफिज सईद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चार्जशीट में उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और पाकिस्तान से आतंकी साजिश चलाने का आरोप लगाया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद हालात चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया।

### पहले स्थानीय पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर

हमले के बाद सबसे पहले पहलगाम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह मामला एनआईए को सौंप दिया था। एनआईए ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और एजेंसी पाकिस्तान की उस पूरी साजिश का पर्दाफाश करने में जुटी है, जिसके तहत सीमा पार से भारत में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुलिस ने गैर जमानती वारंटी को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत सिन्दुरियां, महराजगंज।** स्थानीय पुलिस ने एक गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। इस दौरान सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्लू ) के अनुपालन में थाना क्षेत्र के ग्रामसभा सोनवल निवासी 29 वर्षीय इन्द्रजीत पुत्र प्रेम चौधरी को उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार, हे.का. बृजेश यादव, का. आदर्श सिंह एवं का. सौरभ दुबे की टीम ने गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायायलय भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 352, 64(2) एम एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### विधायक ने लिया ड्रेन सफाई कार्य का जायजा

**स्वतंत्र भारत खड्डा(कुशीनगर)।** खड्डा विकास खंड के ग्राम सभा सिसवा गोपाल में ड्रेन की सफाई कार्य एवं निर्माणाधीन सड़क का सोमवार को विधायक विवेकानंद पांडेय ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विधायक श्री पांडेय ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने तथा स्वच्छता एवं जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, सुनील प्रजापति, सुधीर दूबे, प्रदीप चौरसिया, अभिषेक कुशवाहा, कृष्ण प्रताप विश्वकर्मा, भागीरथी, रामचन्द्र जायसवाल, रामप्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत सिन्दुरियां।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार को एक पीड़िता की तहरीर पर उसकी नाबालिग लड़की को एक अज्ञात युवक भाग ले गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग भगाने के मामले में एक अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और विधिक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष विशाल कुमार शुक्ला ने बताया कि नाबालिक की मां की तहरीर पर एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### समय से करें शिकायतों का निस्तारण : डीएम

**स्वतंत्र भारत बस्ती।** जनता की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम



तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हर्रैया तहसील सभागार में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने पुलिस विभाग से संबधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए पुलिस से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनें तथा थाने पर आने से सहजता से बात करें। उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 89 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 19 का निस्तारण हुआ।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद को दी श्रद्धाजंलि

**स्वतंत्र भारत कुशीनगर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर पुष्पांजलि और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नेता और जनप्रतिनिधि अपने अपने बूथ पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संस्मरणों को साझा किया और एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। इसी क्रम में जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल के नेतृत्व में जिला मंत्री विश्वरंजन कुमार आनन्द, नगर मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी और पार्टी पदाधिकारीयों के साथ पडरौना नगर में जिला उपाध्यक्ष मीनू जिंदल के आवास पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और रविन्द्र नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पौधारोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रनिर्माण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को जागृत करने और भारत की अंखडता के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। वह एक प्रख्यात शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक, दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्र भक्त थे। जिला मंत्री विश्वरंजन कुमार आनन्द ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने तथा भारत की अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

# समाधान दिवस : डीएम की अध्यक्षता में सुनीं गयी जनसमस्याएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कसया/कुशीनगर।** कसया तहसील सभागार मे सोमवार को समाधान दिवस डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें भूमि संबंधी मामलों की भरमार रही। उमस भरी भीषण गर्मी में फरियादियों की उमड़ी भीड़ के कारण सभागार में कदम रखने तक की जगह नहीं बची। डीएम और एसपी केशव कुमार ने समस्या सुनी और त्वरित समाधान का निर्देश दिया। आयोजन में कुल 103 मामले पटल के समक्ष प्रस्तुत हुए। इनमें राजस्व के छह मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया। नगरपालिका के वार्ड बुद्धनगरी के सभासद केशव सिंह ने डीएम के समक्ष प्रस्तुत होकर कहा कि उनका वार्ड फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। इससे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही। इस कारण किसान खाद बीज या अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित रह जा रहे हैं। चेगौंना सोमाली निवासी



दिव्यांग्र मनोज पटेल ने अपनी बेवा भाभी कलावती के लिए आवास की मांग की। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तत्काल पीडी पीयूष सिंह को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। सिसवा महंथ के रहने वाले अवधेश ने गांव के मुख्य सड़क पर कुछ लोगों द्वारा जबर्दश्ती कब्जा करने की शिकायत की। नगरपालिका के महंत अवेद्यनाथ नगर के लोगों ने वार्ड स्थित कोटे की दुकान को निरस्त होने के बाद वर्तमान में दूसरे गांव में कोटा संबद्ध होने से राशन उठाने में परेशानी हो रही है।

उन्होंने वार्ड में कोटे का चयन कर शीघ्र दुकान संचालित कराने की मांग की। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है। ऐसे में जिस अधिकारी या कर्मी के पास समस्या लंबित है उसे अविलंब गुण दोष के आधार पर निस्तारित करें। एसपी ने मातहतों को कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। चल रही कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के 64, पुलिस के 16, विकास के 9, खाद्य एवं रसद विभाग के चार, विद्युत विभाग से तीन, नगरपालिका परिषद कुशीनगर से चार तथा अन्य विभागों से तीन मामलों सहित कुल 103 समस्या प्रस्तुत हुआ। इनमें से राजस्व विभाग के छह मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। एसडीएम डा. संतराज सिंह बघेल, सीएमओ डा. चंद्रप्रकाश, सीओ डा. अजय सिंह, नाब तहसीलदार संदीप कुमार, राहुल खरवार, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, बीएसए अनिल सिंह, बीडीओ रवि कुमार रंजन, डीसी मनरेगा राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत आकाश सचान, सिंचाई खंड बोधई राम, डीएसओ कृष्ण गोपाल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### कंप्लेन से परेशान डाक्टरों ने डीएम से की फरियाद

सीएचसी के चिकित्सक आईजीआरएस पर लगातार की जा रही शिकायत को लेकर काफी परेशान हैं। संपूर्ण समाधान दिवस की चल रही कार्रवाई के दौरान सीएचसी के प्रभारी डा. मारकंडेय चतुर्वेदी के नेतृत्व में सभी चिकित्सक कामकाज छोड़ कर तहसील सभागार पहुंचे। डीएम के समक्ष प्रस्तुत होकर पत्रक सौंपा। कहा कि सीएचसी प्रवेश द्वार पर संचालित एक मेडिकल स्टोर एवं पैथालाजी सेंटर संचालक द्वारा चिकित्सकों पर मरीजों को उसकी दुकान पर भेजने एवं जांच कराने का दबाव बनाया जाता है। उसके दुकान पर कार्यरत युवक परिसर में घुमते रहते हैं। मरीजों को झांसा देकर अपने सेंटर पर ले जाकर जांच के नाम पर धन उगाही करते हैं।

उसे टोकने पर सभी चिकित्सकों के विरूद्ध अनर्गल आरोप लगाकर आनलाइन शिकायत की जाती है। इसे लेकर पूरा स्टाफ परेशान है। चिकित्सकीय कार्य भी प्रभावित होता है। डीएम ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**नौतनवां।** तहसील नौतनवा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी गौरव सिंह और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राजस्व संबंधी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, पुलिस शिकायतें, पेंशन, विद्युत, जल निकासी, सड़क तथा अन्य जनहित से जुड़े प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए।

दोनों अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। भूमि एवं पारिवारिक विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की



जाए तथा जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पर्यवेक्षण में छात्रों ने किया प्रतिभाग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** दुदही विकास खंड के एआरपी गणित धर्मेंद्र यादव ने सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान छात्रों को सरल तरीके से त्रिभुज की अवधारणा समझाई। उन्होंने विद्यार्थियों को त्रिभुज की परिभाषा, उसके विभिन्न प्रकार तथा कोणों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विषय की समझ विकसित कराई।

पर्यवेक्षण के दौरान एआरपी ने सहशैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया तथा शिक्षकों को शिक्षण कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने स्कूल रेडिनेस, शिक्षक डायरी, समय सारणी, इको क्लब की गतिविधियां, बालवाटिका, टेन टूल किट, पठन संस्कृति तथा शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप संचालित शिक्षण कार्य की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने शिक्षकों को नियमित रूप से शिक्षक संदर्शिका के अनुसार अध्यापन कराने, बच्चों में पठन संस्कृति विकसित करने तथा



बालवाटिका गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालयी अभिलेखों को अद्यतन रखने, समयबद्ध शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित करने पर विशेष जोर दिया।

अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक नन्हे प्रसाद, धनन्जय मिश्र, ब्रजेश सिंह, नीतू यादव, अनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# अस्पताल सील, दो को नोटिस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा कुशीनगर।** सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ व मोतीचक के मथौली बाजार सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी ने नगर में चल रहे तीन निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्वास्थ्य टीम ने एक अस्पताल को सील कर दिया, जबकि दो अस्पताल मौके पर बंद मिलने पर नोटिस दिया गया।

सोमवार को डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आरडी कुशवाहा व मथौली बाजार के सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार मद्धेशिया ने सबसे पहले मथौली बाजार में स्थित सीटी अस्पताल पहुंचे। जहां पर कागजात मे कमियां मिलने पर अस्पताल का आपरेशन थियेटर शील कर दिया। उसके बाद स्वास्थ्य टीम ने नगर में स्थित श्रीबाला जी व शिवम अस्पताल पर कि दोनों पहुंचे की बंद मिला। जिसपर स्वास्थ्य विभाग



ने बंद मिले दोनो अस्पताल पर नोटिस चस्पा किया गया। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर राकेश कुमार मद्धेशिया, बीपीएम सुनील कुमार मौजूद रहे।

# संपर्क मार्ग के निर्माण का हुआ शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सदर अंतर्गत ग्राम सभा विजयपुर में विजयपुर-बागपार मुख्य मार्ग से पोखरावा टोला संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने विधिवत पूजन-अर्चन एवं शिलान्यास कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार को भी नई गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क, बिजली, पेयजल, आवास, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।



उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की अपील की। साथ ही भरोसा दिलाया कि संपर्क मार्ग बनने से पोखरावा टोला के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुणेश शुक्ला, मंडल महामंत्री सूर्यनाथ शर्मा, जय हिंद चौधरी, अजीत यादव, प्रदीप भारती, प्रधान रामाज्ञा जायसवाल, प्रधान राम सवारे यादव, सरदार राव, प्रधान परीक्षण गुप्ता, शिवाकांत गुप्ता, पूर्व प्रधान नंदू वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### मेटा के अलर्ट पर पुलिस के सक्रिय होने से बची युवक की जान

**स्वतंत्र भारत सिन्दुरियां, महराजगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं मेटा से प्राप्त आत्महत्या संबंधी अलर्ट पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक 29 वर्षीय युवक का जीवन सुरक्षित बचाया गया। थाना सिन्दुरिया क्षेत्र के युवक ने यूपी-टीईटी 2026 की परीक्षा अपेक्षा के अनुरूप न होने से उत्पन्न मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या का प्रयास किया तथा उससे संबंधित वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर दिया। युवक की पोस्ट किसी व्यक्ति को टैग नहीं की गई थी, लेकिन मेटा की ओर से प्राप्त आत्महत्या संबंधी अलर्ट उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी कंट्रोल रूम की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम तक पहुंचा। डीजीपी कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल इसकी सूचना महराजगंज पुलिस की सोशल मीडिया सेल को उपलब्ध कराई गयी । सोशल मीडिया सेल ने बिना विलंब युवक की संभावित लोकेशन का पता लगाकर थाना सिन्दुरिया पुलिस को अलर्ट किया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सिन्दुरिया विशाल कुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल मनीष सिंह, चौकी प्रभारी चिऊटहां मनोज कुमार यादव, कांस्टेबल रामजनम यादव एवं रिक्रूट कांस्टेबल सौरभ दुबे मात्र 05 मिनट के भीतर युवक के घर पहुंच गये । मौके पर युवक आत्महत्या का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस टीम ने तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षित बचा लिया तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। पुलिस की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई से एक अनमोल जीवन बचाया जा सका। युवक के परिजनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं महराजगंज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की सराहना की। इस सराहनीय एवं जीवनरक्षक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने थाना सिन्दुरिया की पूरी टीम को पचीस हजार रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने पुलिस टीम के त्वरित रिस्पॉन्स, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई ने एक परिवार को बड़ी त्रासदी से बचा लिया।

# एथेनाल को लेकर जिले में घमासान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** एथेनाल को लेकर पूरे देश में धमासान मचा है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी निशाने पर हैं। आरोप है कि नितिन गडकरी ने पुत्र मोह में ऐसा फैसला लिया है जो देश की जनता को भारी नुकसान पहुंचाएगा।

एथेनॉल फैक्ट्री लगाकर वाहन स्वामियों और स्थानीय लोगों को भारी चूना लगाने की तैयारी है। एक्सपर्ट का दावा है कि एथेनाल के प्रयोग से गाड़ियों के माइलेज 30 प्रतिशत कम हो जाएंगे। इतना ही नही दावा किया जा रहा है कि हवा, पानी और जमीन भी बरबाद हो जाएगी, इसकी गुणवत्ता निचले स्तर पर पहुंच जायेगी। लोगों को सांस और त्वचा की बीमारी होगी और बदबू के कारण हवा मे सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। इलाके मे सूखे का संकट झेलना पड़ेगा।

कारखाने से निकलने वाले धुएं से फसलें बरबाद हो जाएंगी, और फसलों की पैदावार कम हो जायेगी। ताल पोखरे भी प्रदूषित होंगे और मवेशियों को भारी नुकसान पहुंचेगा। दावा किया जा रहा है कि कारखाने के आसपास कई



किलोमीटर तक जमीनों और मकानों के दाम बहुत कम हो जाएंगे, गन्ने और मक्के का दाम आसमान पर पहुंच जायेगा, लोग पलायन को मजबूर हो जाएंगे। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि इतने सारे नुकसान की भरपाई जनता को करनी पड़ेगी।

लेकिन एक बात तय है कि केन्द्रीय मंत्री के बेटे का फ्यूचर सेट हो जायेगा। जनपद वासियों को भी एथेनाल का वरदान मिल चुका है। पक्ष विपक्ष आमने सामने है। विगत दिनों कलेक्ट्रेट मे मीटिंग के दौरान भाजपा नेताओं के बीच तल्खियों को आप पहले ही देख और सुन चुके हैं। बस्ती वाले नेता जी ने कहा सरकार को एथेनाल से कोई लेनादेना नही है। हर्रैया वाले नताजी ने तुरंत जवाब दिया, ''क्यों नही मतलब है भाई।'' बैठक में शामिल दो सपा विधायक भी बस्ती वाले नेताजी की तरफदारी करने लगे।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत महराजगंज।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के तीन मामलों का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाने में दर्ज वाहन चोरी के तीन मुकदमों (मु.अ.सं. 306/2026, 192/2026 एवं 160/2026) के वांछित अभियुक्तों को 6 जुलाई 2026 को पकड़ी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मकसूद पुत्र रूसेदीन निवासी खुटहा बाजार, थाना पनियरा तथा गुल मोहम्मद उर्फ गोली पुत्र सगरी निवासी मुड़िला बाजार, थाना पनियरा के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ एवं तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी-56 एक्स-5963), दो साइलेंसर तथा दो मोटरसाइकिल के पहिए बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद की मनी जयंती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के पावन अवसर पर आज भारतीय जनता पार्टी, जिला इकाई बस्ती द्वारा जिले के सभी मंडलों और प्रत्येक बूथ पर भव्य माल्यार्पण, डिजिटल कार्यक्रम व वृक्षारोपण कर उन्हें नमन किया गया।

जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र के कुशल नेतृत्व में जिले के हर बूथ पर कार्यकर्ताओं ने डा मुखर्जी के चित्र पर पुष्प और माला अर्पित कर उनके राष्ट्र-निर्माण के संकल्पों को याद किया। जिलाध्यक्ष ने स्वयं तिलकपुर सेक्टर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिभाग किया। वहाँ उन्होंने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डा मुखर्जी जी का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। %एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे%, संगठन के प्रत्येक बूथ और मंडल स्तर पर कार्यकर्ता डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम से जुड़े, इसके साथ ही के दिन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ एक पेड़ लगाकर डा मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह ने बताया कि इस अवसर पर प्रत्युष विक्रम सिंह, भानु प्रकाश मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र गौतम, ब्रह्मदेव यादव देवा, दिलीप पांडेय, शिवानी सिंह, शालिनी मिश्रा, अमृत वर्मा, अभिषेक कुमार गौतम, प्रेम प्रकाश चौधरी, सुनील सिंह, राकेश शर्मा, राजेन्द्र राजभर, नीलम गौड़, प्रदीप निषाद, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, श्याम बिहारी गौड़, रवि कुमार तिवारी, नीरज त्रिपाठी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, तारक जायसवाल, शिव प्रसाद चौधरी, विजय भान सिंह, अंकित पांडेय पवन, भोलू सिंह, राज कुमार शुक्ल वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर डा मुखर्जी को नमन किया।

**गोरखपुर में 100 बेडेड ईएसआईसी हॉस्पिटल बनने का मार्ग प्रशस्त**

# गीडा सेक्टर नौ में 5.249 एकड़ में बनेगा हॉस्पिटल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में ईएसआईसी (कमर्चारी राज्य बीमा निगम) के 100 बेडेड हॉस्पिटल बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह हॉस्पिटल गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 9 (संस्थागत) में बनेगा। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में हॉस्पिटल निर्माण के लिए रियायती दर (2000 रुपये प्रति वर्गमीटर) पर भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। ईएसआईसी हॉस्पिटल के निर्माण से श्रमिकों और उनके परिजनों को इलाज की बड़ी सुविधा व सहूलियत मिल जाएगी तथा उन्हें इलाज के दूसरे शहरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

ईएसआईसी में पंजीकृत कर्मचारियों और उनके परिजनों को गोरखपुर में जिला अस्पताल और गीडा में स्थित ईएसआईसी डिस्पेंसरी में इलाज के लिए सामान्य चिकित्सकीय परामर्श मिल जाता है लेकिन गंभीर बीमारियों के लिए उन्हें वाराणसी या अन्य स्थानों के लिए रेफर किया जाता है। सरकार ने पूर्वांचल की औद्योगिक प्रगति के लिहाज से गीडा क्षेत्र में 5 एकड़ एरिया में 100 बेड का ईएसआईसी खोलने की निर्णय लिया था।

अब यह निर्णय शीघ्र धरातल पर भी नजर आएगा। प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर के मुताबिक ईएसआईसी हॉस्पिटल निर्माण के लिए गीडा के सेक्टर-9 स्थित भूखंड संख्या एएल-7 को उपलब्ध कराया जाएगा। इसका क्षेत्रफल 5.249 एकड़ (21427 वर्गमीटर) है। इस भूमि को वर्तमान आवंटन दर (टेलिस्कोपिक दर 8720 रुपये प्रति वर्गमीटर) के स्थान पर रियायती दर 2000 रुपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से उपलब्ध कराया जाएगा। रियायती दर पर भूमि आवंटन के प्रस्ताव को सोमवार को योगी सरकार की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में 100 बेडेड ईएसआईसी हॉस्पिटल की स्थापना से बड़े पैमाने पर कमर्चारियों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन भी होगा।



**■ ईएसआईसी में पंजीकृत कमर्चारियों को इलाज में मिलेगी बड़ी सहूलियत**

# गोरखपुर नगर निगम लाएगा ८० करोड़ का म्यूनिसिपल बॉन्ड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के नगरीय और व्यावसायिक विकास को और ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी सौगात दी है। सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर नगर निगम के 80 करोड़ रुपये के म्यूनिसिपल बॉन्ड लाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। नगर निगम, इस बॉन्ड से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल मल्टीस्टोरी कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स बनाने में करेगा। यह अत्याधुनिक और बहुआयामी कॉम्प्लेक्स गोलघर स्थित जलकल परिसर में बनाया जाएगा।

योगी सरकार ने स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के अपने संकल्प के अंतर्गत, नगर निगम गोरखपुर द्वारा म्यूनिसिपल बॉन्ड के क्रियान्वयन से जुड़े 80 करोड़ रुपये की धनराशि के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इस स्वीकृत प्रस्ताव के माध्यम से नगर निगम जलकल परिसर में एक अत्याधुनिक और विशाल मल्टीस्टोरी कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप, इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने से पहले स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख स्टेक होल्डर्स, बिल्डर्स और ट्रस्टियों के साथ व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति सुनिश्चित की गई थी, जिसके बाद इस लोक-कल्याणकारी और राजस्व-जनित प्रस्ताव को कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने मल्टीस्टोरी कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के प्रयोगार्थ म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार, इस बड़े प्रोजेक्ट पर बिना किसी विलंब के अत्यंत तीव्र गति से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तय समय-सीमा के भीतर इसका लाभ जनता को मिलना शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि यह कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स महानगर की व्यापारिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा।



नगर आयुक्त अजय जैन का कहना है कि गोरखपुर नगर निगम का यह सफल प्रयास इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों की वित्तीय और लेखांकन प्रणालियां अब राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट मानकों को छू रही हैं। इस बॉन्ड व्यवस्था के माध्यम से निर्मित होने वाला कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स भविष्य में नगर निगम के लिए राजस्व का एक निरंतर और मजबूत स्रोत बनेगा। इस परियोजना से होने वाली आय को आगामी समय में राज्य सरकार के %स्मार्ट और जीरो वेस्ट सिटी% के विजन को पूरा करने के लिए शहर की जलापूर्ति, आधुनिक स्वच्छता प्रणाली और बुनियादी जन-सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में पुनर्निवेश किया जाएगा, जो गोरखपुर को एक आदर्श और आत्मनिर्भर महानगर के रूप में स्थापित करेगा।

राज्य सरकार का मानना है कि म्यूनिसिपल बॉन्ड शहरी स्थानीय निकायों द्वारा बाजार से पारदर्शी तरीके से पूंजी जुटाने और वित्तीय रूप से सशक्त बनने का एक सर्वोत्तम आधुनिक माध्यम है। सीएम योगी के इस विशेष प्रोत्साहन से अब प्रदेश के नगर निगमों को विकास कार्यों के लिए केवल पारंपरिक सरकारी अनुदानों पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे अपनी सुदृढ़ वित्तीय साख (क्रेडिट रेटिंग) और प्रशासनिक पारदर्शिता के बल पर स्वयं बड़े और आत्मनिर्भर प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व कर सकेंगे। म्यूनिसिपल बॉन्ड के जरिये बाजार से धनराशि जुटाने पर सरकार की तरफ से प्रत्येक 100 करोड़ रुपये के सापेक्ष 13 करोड़ रुपये का अनुदान भी दिया जाएगा। म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने के लिए नगर निगम सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) के इशू एंड लिस्टिंग ऑफ म्यूनिसिपल डेब्ट सिक्योरिटीज रेगुलेशन 2015 का अनुपालन करते हुए अग्रिम कार्यवाही करेगा।

नगर निगम की तरफ से गोलघर स्थित जलकर परिसर में बनाया जाने वाला मल्टीस्टोरी कॉमर्शियल कम रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स बहुआयामी होगा। इसमें जलकल बिल्डिंग के दुकानदारों को स्थान देने के साथ ही कॉरपोरेट ऑफिसों के लिए स्थान मुहैया कराया जाएगा। साथ ही इस मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में स्टूडियो अपार्टमेंट भी बनाया जाएगा। इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर करीब 211 करोड़ की लागत आएगी। इसमें से 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था म्यूनिसिपल बॉन्ड से हो जाएगी।

## पुरी में रथ यात्रा के लिए रेलवे की तैयारियां पूरी

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी के साथ मिलकर पुरी में होने वाली रथ यात्रा के लिए भारतीय रेलवे की तैयारियों का जायजा लिया। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि त्योहार के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित, सुगम और आरामदायक हो। मंत्री ने रेलवे की व्यवस्थाओं का समग्र आकलन किया, जिसमें भीड़ प्रबंधन, यात्रियों की आवाजाही और संचालन संबंधी तैयारी शामिल थी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन ने उन्हें त्योहार के सुचारू संचालन के लिए की गई एकीकृत व्यवस्थाओं और विस्तृत संचालन योजना के बारे में जानकारी दी। इस साल रथ यात्रा के लिए 300 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने, 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया (प्रतीक्षा क्षेत्र), भोजन की व्यवस्था और अतिरिक्त टिकट काउंटर जैसी तैयारियां पुरी क्षेत्र में की जा रही हैं।

# २६४ शिकायतों में ३८ का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 264 फरियादी अपनी शिकायतों के साथ पहुंचे, जिनमें से 38 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

तहसील दिवस में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी, चकरोड निर्माण, मुआवजा, नामांतरण, नकल प्राप्ति एवं दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने जैसे मामले प्रमुख रूप से सामने आए। कई फरियादियों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जबकि कुछ ने सरकारी योजनाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत की।

मौजा चिलबिलवा (हवेली) के प्रार्थियों ने आरोप लगाया कि उनकी भूमि पर बिना नक्शे में चकरोड दर्ज हुए जबरन चकरोड बनवाकर खड़ंजा लगाया गया और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। इस संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए चकरोड हटाने की मांग की गई।



वहीं, एक अन्य मामले में प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि उसकी खरीदी गई जमीन को फर्जी तरीके से अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया तथा कब्जा दिलाने के नाम पर धन उगाही की गई। इस संबंध में थाना खोराबार में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई न होने की शिकायत की गई।

इसके अलावा कई मामलों में दबंग भू-माफियाओं द्वारा जमीन कब्जाने की कोशिश, धमकी देने तथा प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतें सामने आईं। फरियादियों ने अपनी जान-माल की सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, तहसीलदार/डिप्टी कलेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, परियोजना निदेशक संदीप सिंह, सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी, सीओ कैंट विभा सिंह, सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे और हर शिकायत का पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## विद्यालय के मुख्य गेट पर लटक रहे तार, शिकायत

**स्वतंत्र भारत सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय महुआपार स्थित विद्यालय के मुख्य गेट के ठीक सामने विद्युत का केबल लटक रहा है। जिससे कभी दुर्घटना हो सकती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक से अधिशासी अभियंता को शिकायत कर विद्युत केबल हटाने की मांग किया है। प्रधानाध्यापक शरद चंद त्रिपाठी ने आरोप है कि विद्यालय परसर से कुछ ग्रामीण विद्युत केबल ले गए है। केबल विद्यालय के मुख्य गेट पर लटक रहा है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत तार पेड़ो की झालो में लटक रहे है। और कई जगह तार कट भी चुके है।मुख्य गेट से स्कूल के बच्चे तथा शिक्षक गुजरते है। जो कभी भी विद्युत की चपेट में आ सकते है। प्रधानाध्यापक ने मांग किया है। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता राघवेंद्र कुमार ने कहा कि जनहित को देखते हुए विद्यालय परिसर से केबल हटाया जायेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आयें 98 मामले, 10 का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्र भारत सहजनवां, गोरखपुर।** सोमवार को सहजनवा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा वैभव शर्मा ने किया। इस दौरान 98 मामले आये थे। जिसमें 10 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 79, पुलिस 10, विकास 4, आपूर्ति1, अन्य 4 मामले आये थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिये राजस्व टीम गठित किया गया। तथा पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नदन तिवारी, सीओ गीडा के0 एन0 आनंद बीडीओ बृजेश यादव,ईओ सूर्यकांत सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया टीएचआर का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पिपरौली।** ब्लॉक के देईपार में संचालित राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित टेक होम राशन टीएचआर यूनिट का ब्लॉक प्रमुख ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यूनिट में बन रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। टीएचआर में कनक प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाएं कार्यरत हैं। ये महिलाएं दो पाली दिन और रात में 10-10 की संख्या में काम करती हैं। ब्लॉक प्रमुख ने कच्चे माल के भंडारण से लेकर पैकिंग तक की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया।टीएचआर के प्रभारी सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास संजय दूबे ने बताया कि खजनी और पिपरौली ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर से कुल 10 प्रकार के पुष्टाहार की आपूर्ति की जा रही है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और अपनी जिंदगी संवार रही हैं। ब्लॉक प्रमुख ने एडीओ ग्राम्य विकास संजय दूबे को निर्देश दिए कि टीएचआर में कार्यरत सभी महिलाओं को सुरक्षा के मद्देनजर मास्क, ड्रेस, कैप, जूता और दस्ताना अविलंब उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के उत्थान और स्वरोजगार के लिए लगातार काम कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है।



निरीक्षण के दौरान टीएचआर की व्यवस्था देखकर ब्लॉक प्रमुख संतुष्ट नजर आए।इस दौरान बीएमएम पवन पाण्डेय,चंद्रकुमार सिंह चंदन,अभिषेक सिंह,संजय सिंह,सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जल्द खुलेगी प्रेरणा कैंटीन

**स्वतंत्र भारत पिपरौली।** ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ब्लॉक मुख्यालय पर सस्ती व स्वच्छ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिपरौली ब्लॉक में जल्द ही प्रेरणा कैंटीन शुरू की जाएगी। खंड विकास अधिकारी सत्यकाम तोमर ने बताया कि कैंटीन के संचालन के लिए स्वयं सहायता समूह का चयन पूरा कर लिया है। बीडीओ ने समूह को एक सप्ताह के अंदर कैंटीन को संचालित करने का निर्देश दिया है। बीडीओ सत्यकाम तोमर ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। एडीओ ग्राम्य विकास संजय दूबे ने समूह की महिलाओं को साफ-सफाई, गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। कैंटीन शुरू होने से ब्लॉक परिसर में भोजन की सुविधा सुलभ हो जाएगी।

# पर्यावरण संतुलन में पेड़ पौधों की भूमिका अहम : शैलेन्द्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सोमवार को वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर पिपरौली ब्लॉक के ग्रामसभा भगवानपुर में वन विभाग के तत्वाधान में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं। साथ ही पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को अवशोषित करके हमें शुद्ध जीवनदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण में को स्वच्छ रखने के लिए अब सबको जागरूक होते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि पेड़ पौधे मानव जीवन का दूसरा पहलू है। जीवन का अर्थ ही है कि जीव और वन। जीव और पेड़ पौधे एक दूसरे पर निर्भर है।मानव जीवन की आजीविका का साधन भी पेड़ पौधे होते हैं। पौधरोपण के बाद उपस्थित के सभी लोगों द्वारा पेड़ पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान लिंक एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन के किनारे कुल दो सौ पौधरोपण किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अरविन्द यादव, सी बी पासवान डिप्टी रेंजर, राजेश दूबे, आशुतोष तिवारी वन दरोगा, चन्द्रकेश यादव वन दरोगा, मनोज, नरेंद्र राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बडहलगंज।** बडहलगंज विकास खण्ड के डेरवा महादेव चौक स्थित जनसेवा केंद्र प ेमेरा युवा भारत गोरखपुर की जिला युवा अधिकारी सिमा पाण्डेय के निर्देश प ेस्वयं सेवक अंतिमा मिश्रा व सोनू गुप्ता द्वारा महान शिक्षाविद् राष्ट्रवादी चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गयी।

जयंती के अवसर पर शिक्षक शरद शुक्ल कृष्ण कुमार तिवारी त्रिपुरारी मिश्र ने मुखर्जी के चित्र प ेमाल्यार्पण करते हुए युवाओं को उनके विचारों से अवगत कराते हुए देश मे शिक्षा के प्रति उनके योगदान प ेप्रकाश डाला ।

बता दे कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रास्ट्र धर्म के प्रखर प्रहरी व एक ात्म मानववाद के प्रणेता थे। कार्यक्रम में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान राजेश विश्वकर्मा सत्यम मिश्र विकास गुप्ता त्रिभुवन मिश्र नीलेश मिश्र आकाश गोंड़ सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।



# डॉ. श्यामा प्रसाद की मनी जयंती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यालय पर रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने एक देश, एक संविधान के सिद्धांत को सर्वोपरि माना और इसी विचार के लिए तत्कालीन नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। जम्मू-कश्मीर में लागू धारा 370 और अनुच्छेद 35ए का उन्होंने खुलकर विरोध किया। उनका जीवन राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देता है और उनके आदर्श आज भी देशवासियों के लिए मार्गदर्शक हैं।



कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी मार्कंडेय उमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी उदयशंकर गुप्ता, वीरेंद्र मालाकार, संजय मद्धेशिया, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री इमरान अंसारी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, सभासद राजेश जायसवाल, दीपक जायसवाल, बब्लू सोनकर, सरवन गुप्ता, सुदर्शन कसौधन, राम मद्धेशिया, रमेश तिवारी, अछैवर जायसवाल, तेरस प्रसाद, आकाश जायसवाल, डॉ. देवा कन्नौजिया, रिंकू चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में ९ मामले निस्तारित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** गोला तहसील परिसर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर शिकायतों के निस्तारण की रफ्तार बेहद धीमी रही। कुल 124 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 9 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य मामलों को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। कुल में से 10 प्रतिशत शिकायतों का भी समाधान नहीं होने से अधिकांश फरियादी मायूस होकर लौटे।

समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी गोला ने की। इस दौरान तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य तथा नायब तहसीलदार बालचंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में बड़हलगंज थाना क्षेत्र की एक युवती ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। उसने आरोप लगाया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी पहचान बांसगांव थाना क्षेत्र के कनईल गांव निवासी धनंजय पुत्र महेश से हुई थी। दोनों पति-पत्नी की तरह साथ रहने लगे। युवती का आरोप है कि गर्भवती होने पर आरोपी ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया और बाद में उसे छोड़कर गुजरात चला गया। अब वह साथ रखने से भी इनकार कर रहा है। युवती ने प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की। वहीं वार्ड संख्या-3 निवासी सुधीर सिंह ने विद्युत विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बिजली बिल का भुगतान करने के बावजूद उनके नाम से लगातार बिल जारी हो रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की।

## मातृ शक्ति आशय पत्र पर हुआ हस्ताक्षर

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** 'मातृ शक्ति कॉन्क्लेव 2026' में मलाबार ग्रुप ने भाग लिया तथा महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, भूख उन्मूलन एवं सामुदायिक कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए क्षेत्र में विभिन्न सीएसआर पहलों को लागू करने के लिए जिला प्रशासन के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। अयोध्या जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में महिला नेतृत्वकर्ताओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लियाकार्यक्रम का उद्देश्य समावेशी विकास तथा महिला नेतृत्व आधारित प्रगति के लिए विचार विमर्श करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि, अयोध्या के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया देशभर में बड़े स्तर पर सामाजिक पहलों के संचालन के लिए मलाबार ग्रुप को इस कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए चयनित संस्थानों में शामिल किया गया।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का स्वयं अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से कतिपय मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि वे स्वयं मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का परीक्षण करें तथा निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवादों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करे तथा दोनों पक्षों को सुनते हुए विधिसम्मत एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवादों के अनावश्यक लंबित रहने से सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए इन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में भूमि विवादों की संख्या अधिक है, वहां विशेष राजस्व चौपाल आयोजित की जाए। इन चौपालों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से उपस्थित होकर दोनों पक्षों की सहमति एवं आपसी संवाद के माध्यम से विवादों का स्थायी समाधान कराने का प्रयास करें, जिससे ग्रामीण स्तर पर अनावश्यक मुकदमेबाजी एवं विवादों में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्ष 1990 में उन्होंने अपनी पत्नी मिथिलेश कुमारी के नाम पर ग्राम बरईपुर में भूमि क्रय की थी। किन्तु खतौनी में उनकी पत्नी का स्थायी निवास स्थान ग्राम बरईपुर अंकित होने के स्थान पर त्रुटिवश ग्राम रमवापुर इकौना दर्ज हो गया था। इस लिपिकीय त्रुटि के कारण उन्हें वर्षों से विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व टीम द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत अभिलेखों एवं उपलब्ध पुराने राजस्व रिकॉर्ड का मौके पर ही मिलान एवं सत्यापन किया गया। जांच में तथ्य सही पाए जाने पर तत्काल आवश्यक संशोधन की स्वीकृति प्रदान करते हुए खतौनी में दर्ज त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि को संशोधित करने की कार्रवाई पूर्ण की गई तथा प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए, ताकि आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसील जमुनहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**स्वतंत्र भारतश्रावस्ती।** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में तहसील जमुनहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं सुचितापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समस्त उपजिलाधिकारी स्वयं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते रहे, ताकि कोई भी प्रकरण लंबित न रहने पाए। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील भिनगा में मुख्य विकास अधिकारी एवं तहसील इकौना में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।इस अवसर पर सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित तहसील व ब्लाक स्तर के सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस जमुनहा में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस भिनगा में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील इकौना में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा एस0के0 राय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, तहसीलदार जमुनहा अम्बरीश सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के0पी0 मिश्र, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 अमरनाथ यति, खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा सहित नायब तहसीलदारगण, सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### किशोरी को भगाने वाले पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी 30 जून को लापता हो गई।उसके भाई ने प्रयागराज के होलागढ़ थाना के बभनपुर तुलापुर निवासी मिथुन यादव पर बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवती को जहरीले जंतु ने काटा

**कुंडा-प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली के लरु गांव निवासिनी 26 वर्षीय पूनम सिंह रविवार रात करीब आठ बजे घर मे कुछ काम कर रही थी। तभी उसे जहरीले जंतु ने काट लिया।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए,जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में चटकी लाठियां, सात घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** जमीन विवाद मे दो पक्षों मे चटकी लाठियां।सात घायल हुए जिनमें तीन गंभीर है।बाघराय थाना के छेंवगा में सोमवार को दो पक्षों मे जमकर लाठी-डंडे चले,जिससे एक पक्ष से राम सुन्दर,माला देवी,विमलेश,दूसरे पक्ष से मयंक,रोली,अनु, सुनीता देवी घायल हो गए।घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बाघराय ले गए।प्राथमिक उपचार के बाद माला,सुनीता,मयंक को डॉक्टर ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।झगड़े को लेकर मयंक का आरोप रहा है कि राम सुन्दर आदि ने उसकी चरही तोड़ डाली, विरोध करने पर जमकर पीटा।दोनों पक्ष के पीड़ितों ने एक-दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

### एक पौधा मां के नाम रोपित को निकाली रैली

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** वृक्षारोपण सप्ताह कार्यक्रम अन्तर्गत साकेत गर्ल्स इण्टर कालेज और साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं ने एलायन्स क्लब इंटरनेशनल व वन विभाग के सौजन्य से महाविद्यालय से अम्बेडकर चौराहे तक एक पेड़ माँ के नाम का उद्घोष करते हुए जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली को राजेन्द्र कुमार मौर्य विधायक सदर ने हरी झण्डी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रवाना किया।रैली की अगुवाई एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमर वैश्य व महाविद्यालय के संस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने किया।रैली में 500 से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम मे सदर वन रेंजर जगन्नाथ प्रसाद,वन दरोगा सत्यम विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मकान मालिक की हत्या मामले में दो और गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** मजदूरी के विवाद मे मकान मालिक राममिलन गुप्ता 55 की हत्या मामले मे परिजनों की मांग पर पुलिस ने मुख्य आरोपी राजगीर रामराज 42 पुत्र दुखी निवासी धनौर थाना अंतू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।सोमवार को दो हत्यारोपी मोनू पुत्र जीतलाल बनवासी,सूरज बनवासी पुत्र जमुना प्रसाद निवासीगण जैतीपुर कठार को ककरहा चौराहे से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त एक बांस का डंडा बरामद कर जेल भेज दिया है।पुलिस चौथे आरोपी की तलाश कर रही है।चमनगंज बघुमार मे मकान निर्माण कार्य करवा रहे राममिलन गुप्ता 55 पुत्र सुन्दर लाल की राजमिस्त्री रामराज व उसके साथियों ने 4 जुलाई की रात मजदूरी मांगने के विवाद मे बैट से पीट-पीट कर हत्या कर दिया।मृतक की पत्नी सुशीला देवी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर अब तक तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर चिलबिला चौराहा पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश बिंद,सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अंशुमान सिंह सहित अन्य जिला एवं मण्डल पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।प्रदेश मंत्री राकेश बिन्द ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता,अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योक्षावर कर दिया,उनके विचार,त्याग और राष्ट्रसेवा का संकल्प हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

### डॉ. अम्बिका प्रसाद गुप्त स्मृति सम्मान से डॉ दयाराम मौर्य रत्न अलंकृत

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के निराला सभागार मे बेल्हा के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार,समीक्षक एवं अनुवादक डॉ दयाराम मौर्य 'रत्न' को उनके विविध्य विशाल साहित्यिक अवदान के लिए डॉ अम्बिका प्रसाद गुप्त स्मृति सम्मान से एक भव्य सारस्वत सम्मान समारोह मे साहित्य हस्तियों द्वारा समलंकृत किया गया।उनको सम्मान पत्र,स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति लखनऊ द्वारा किया गया।इस महत्वपूर्ण समारोह की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की।मुख्य अतिथि इसी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ हरिशंकर मिश्र रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि फर्रुखाबाद के प्रख्यात साहित्यकार डॉ. शिव ओम अम्बर रहे।सम्मान के लिए डॉ दयाराम मौर्य 'रत्न' का चयन आयोजक संस्था की उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने किया। डॉ. रत्न की इस उपलब्धि पर बेल्हा व बाहर के प्रबुद्धजनों राष्ट्रपति से पुरस्कृत डॉ रामबहादुर मिश्र,साहित्य भूषण हरी लाल मिलन,विजय चितौरी,समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य,राजीव कुमार आर्य, आनन्द मोहन ओझा,विजय चितौरी,लखन प्रतापगढ़ी,श्रीनाथ मौर्य सरस,कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री,राधेश्याम दीवाना,प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम,अनिल कुमार निलय,अमरनाथ गुप्ता बेजोड़ आदि ने बधाई दी।

# डीएम ने रोवर आधारित सीमांकन प्रक्रिया का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील क्षेत्र के ग्राम धुसाह में स्थित पानी खाते की भूमि गाटा संख्या-399 पर रोवर के माध्यम से किए जा रहे सीमांकन कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे सीमांकन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि रोवर तकनीक के उपयोग से भूमि सीमांकन अधिक सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जा सकेगा। इससे सीमांकन कार्य में लगने वाला समय कम होगा तथा आमजन को शीघ्र राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से सीमांकन संबंधी लंबित मामलों के निस्तारण में भी तेजी आएगी और भूमि विवादों में प्रभावी कमी लाने में सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि रोवर उपग्रह आधारित आधुनिक सर्वेक्षण तकनीक है, जिसके माध्यम से फीता एवं जरीब के बिना भूमि का वैज्ञानिक एवं अत्यंत सटीक सीमांकन किया जा सकता है। इससे मानवीय त्रुटियों की संभावना न्यूनतम होती है तथा सीमांकन प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनती है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोवर तकनीक का अधिकाधिक उपयोग करते हुए सीमांकन संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनावश्यक भूमि विवादों में कमी आए। इस दौरान एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता, तहसीलदार सदर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### डीएम व एसपी ने भारत-नेपाल सीमा का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत श्रावस्ती।** सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने एसएसबी के अधिकारियों के साथ भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के तहसील जमुनहा क्षेत्र अंतर्गत ककड़दरी बार्डर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर सीमा सुरक्षा, तस्करी पर अंकुश और नागरिकों की आवाजाही से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों के साथ सीमा चौकियों का भ्रमण किया और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। सीमा पार से होने वाली किसी भी प्रकार की तस्करी या घुसपैठ को रोकने के लिए पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को और मजबूत करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल मिल सके।

# जिलाधिकारी ने गरीब परिवार की सहायता के लिए एसडीएम को भेजा



**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील अंतर्गत ग्राम रायगढ़ निवासी संतोष राम चतुर्वेदी की पत्नी की दर्दनाक मृत्यु हो जाने से पति मानसिक रूप से कमजोर होने व घर की माली हालत को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को कलेक्टर अभिषेक पांडेय के द्वारा संज्ञान मे लिया गया और एसडीएम पट्टी पूर्णेंदु मिश्रा को मौके पर भेजा।

एसडीएम गरीब परिवार के घर पहुंचे और परिवार का कुशल क्षेम जाना।एसडीएम के द्वारा खाद्य सामाग्री एवं अन्य सहायता तत्काल उपलब्ध कराया गया।गरीब परिवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत सहायता पहुंचाई जा रही है।बच्चों के भविष्य एवं परिवार के कल्याण हेतु जिला प्रशासन परिवार के साथ है।बता दें कि गरीब परिवार छप्परनुमा कच्चे मकान मे निवास करता है,जिसमे बारिश होने पर पानी टपकता है। मां की मौत के बाद बच्चों को खाने पीने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था,जिसका समाचार पत्रकार बंधुओं ने प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसका संज्ञान स्वयं कलेक्टर अभिषेक पांडेय के द्वारा लिया गया और त्वरित कार्रवाई के साथ सहायता पहुंचाई गई।

# भारत-नेपाल सीमा पर 13 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक नेपाली तस्कर को 13 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने जानकारी देते हुए बताया कि की यह कार्रवाई 5 जुलाई को 59वीं वाहिनी द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि गोपनीय सूचना मिलने पर सीमा चौकी बलाईगांव तथा थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्र में सघन चेकिंग और निगरानी अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक नेपाली नागरिक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद मादक पदार्थ सहित आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों और सीमा पार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एसएसबी और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से लगातार अभियान चला रही हैं। सीमा सुरक्षा के साथ-साथ नशामुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### नहाते समय 08 वर्षीय राप्ती में डूबा, खोजबीन जारी

**उतरौला/बलरामपुर।** थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत ग्राम पंचायत रुस्तम नगर में उस समय मातम पसर गया जब बकरी चराने के लिए गया एक 8 वर्षीय बालक राप्ती नदी में नहाते समय डूब गया। घटना शनिवार की शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हडकंप सा मच गया। मौके पर पहुंची एनडीआरएफकी टीम लगा तार बालक की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रुस्तम नगर के निवासी आकाश, पुत्र तिलकराम आयु लगभग 8 वर्ष शनिवार को शाम गांव के निकट बकरी चराने के लिए गया था। इसी दौरान बगल में स्थित राप्ती नदी के किनारे पहुंचा कर नदी में नहाने के लिए उतर गया। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चला गया,और तेज बहाव की चपेट में आने से वह डूब गया। उसके साथ मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफ्लता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से काफी देर तक बालक की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद प्रशासन को सूचना दी गई, जिस पर तत्काल में राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। सूचना पर नायब तहसीलदार प्रतिमा मौर्या पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उनके निर्देश पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, जो देर रात्रि तक राप्ती नदी में सर्च ऑपरेशन चला। पुलिस भी मौके पर मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग कर रही थी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला प्रमाणपत्र




**उतरौला/बलरामपुर।** बुधवार को स्कालर एकेडमी इण्टर कालेज के प्रांगण में हिन्दुस्तान ओलंपियाड 2025 प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। प्रमाणपत्र मिलने पर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे,। विद्यालय के प्रबन्धक रेखा शर्मा व डायरेक्टर असलम शेर खां ने बताया कि हिन्दुस्तान ओलंपियाड प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और करंट अफेयर्स की समझ को बढाना है। इस परीक्षा में स्कालर एकेडमी के छात्र छात्राओं छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया, और अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम में सफ्ल छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र पाकर सभी छात्र-छात्रा ओं के चेहरे भी खिल उठे। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है और आगे भी वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने सभी सफ्ल छात्र-छात्राओं को बधाई दी, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। प्रबन्धक ने कहा कि विद्यालय आगे भी छात्रों को इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

# जिलाधिकारी ने तहसील जमुनहा का निरीक्षण कर लिया जायजा, साफ-सफाई रखने का दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत श्रावस्ती।**जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने तहसील जमुनहा का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने अभिलेखागार में जाकर राजस्व रिकार्डो का अवलोकन किया तथा सभी रिकार्डो को और व्यवस्थित ढंग से रखने व साफ-सफाई पर विशेष बल देने हेतु निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खतौनी नकल काउण्टर पर खड़े लोगों से संवाद भी किया तथा उनसे लिए जा रहे शुल्क आदि की भी जानकारी ली। जिस पर लोगों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उनसे खतौनी हेतु निर्धारित शुल्क ही लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील में खतौनी प्राप्ति के लिए आने वाले किसानों को निर्धारित शुल्क लेकर खतौनी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और यह भी ध्यान रखा जाए कि निर्धारित शुल्क से किसी भी दशा में अधिक धनराशि कदापि न ली जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, भूलेख अनुभाग, भूलेख अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दर्ज खतौनी, अंश निर्धारण, कृषि भूमि आवंटन, आवास स्थल आवंटन एवं तामीला पंजिका आदि की जांच की तथा सभी पंजिकाओं को अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बन्धित फरियादियों को समय सीमा के अन्दर ही प्रमाण पत्र जारी किया जाए, इसके लिए उन्हें इधर-उधर न भटकाया जाए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बड़े बकायदारों की भी जानकारी ली और वसूली में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को न्यायालय पर लम्बित वादों का निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि तहसील में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाए और उनका निराकरण भी समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों के लिए बेहतर सुविधा हेतु पेयजल एवं बैठने हेतु उचित प्रबन्ध रखे जाएं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में लगे अग्निशमन उपकरण की वैधता एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संचालन आदि की भी जानकारी ली। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा एस0के0 राय, तहसीलदार जमुनहा अम्बरीश सिंह सहित तहसील के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नहर में डूबने से युवक की हुई मृत्यु, शव बरामद

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** रूपईडीहा थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के पास नहर में डूबे युवक का शव सोमवार को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि औरहवा दाखिला परगवाहा निवासी जुगनू उर्फ सत्यनारायण (24) पुत्र सिपाही रविवार शाम अपने मित्र श्रीराम पुत्र बाजे के साथ नहर में नहा रहा था। बताया जाता है कि दोनों ने शराब का सेवन किया हुआ था। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया, जिसमें श्रीराम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि जुगनू पानी में लापता हो गया। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने युवक की तलाश शुरू कराई। सोमवार को जुगनू का शव नहर से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पौराणिक धाम मां ज्वाला देवी में पांच दिवसीय शीतला सप्तमी मेले का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** पौराणिक सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का पांच दिवसीय शीतला सप्तमी का धार्मिक मेला मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार व मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने देवी मां के दर्शन पूजन व दीप प्रज्वलित किया।दीप प्रज्वलन के साथ सोमवार से मेला प्रारंभ हो गया है।मेला शुभारंभ करते हुए मेला मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार शालिक राम अग्रहरि ने कहा कि सदियों से चले आ रहे धार्मिक मेले हमारी भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म के प्रति आस्था व विश्वास के प्रतीक है।धार्मिक मेलों के आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति आस्था व विश्वास बढ़ता है।मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने धार्मिक मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए दैवीय शक्तियों का आवाहन करते हुए नगरवासियों से सहयोग कि अपील की है।उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरी मनिकपुर वैसे तो धार्मिक मेलों का शहर कहा जाता है,परंतु वर्ष में दो बार आषाढ़ मास की शीतला सप्तमी व कार्तिक पूर्णिमा पर बड़े मेले का आयोजन प्रशासन की देखरेख में मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित होता है।मेले मे दूरदराज से हजारों की संख्या मे भक्तगण।मां गंगा जी मे स्नान व देवी मां का दर्शन-पूजन करने आते है।यही हमारी धार्मिक आस्था व विश्वास है।इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया,राजस्व निरीक्षक नकुल प्रसाद शुक्ल,त्रिभुवन नाथ यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,प्रेमनाथ दीक्षित,रामनिहोर यादव,राकेश जायसवाल,खुशहाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश : जनहित मीडिया वेलफेयर सोसाइटी ने कई पार्कों में किया वृक्षारोपण, बांटे पौधे

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं के बीच पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 'जनहित मीडिया वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। सोसाइटी की ओर से न केवल सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया, बल्कि आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधों का वितरण भी किया गया।

इस विशेष अभियान के तहत जनहित मीडिया वेलफेयर सोसाइटी के सेक्रेटरी मोहम्मद राजिक ने अपने सभी पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर कई पार्कों परिसर में पौधे लगाकर इस मुहिम की शुरुआत की।

इस अवसर पर सेक्रेटरी राजिक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना आज के समय में किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इसी सोच के साथ सोसाइटी ने पर्यावरण बचाने की एक बड़ी मुहिम शुरू की है, जिसके तहत लोगों को जागरूक करने के लिए निशुल्क पौधे वितरित किए जा रहे हैं ताकि हर व्यक्ति अपने घर और आसपास हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान दे सके।



कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के सभी उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि भविष्य में उनकी पूरी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय नागरिकों ने सोसाइटी के इस जनहित कार्य की जमकर सराहना की और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का भरोसा दिया। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने अंत में अपील की कि हर नागरिक को अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसे पेड़ बनने तक संभालना चाहिए. इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में सेक्रेटरी राजिक के साथ मोहम्मद नईम अखलाक हुसैन इरशाद उल्ला मूल चन्द्र रमेश सोनी महिला शक्ति में अफसाना बानों नसरीन बानों रिजवान बेगम आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को लगाई फटकार जल्द कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश




**स्वतंत्र भारत कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव में मोती नगर के पास नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी द्वारा नेशनल हाईवे पी डब्लू डी को पुलिया खोदें जाने के कारण सड़क धंस गई। और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था,जिसको लेकर सुबह से ही यातायात प्रभावित हो गया। और ट्रकें फंस गई, जिससे लोगों को पैदल निकलना मुश्किल हो गया था। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी कोरांव संदीप कुमार तिवारी मौके पर पहुंचकर जे सी बी से ट्रकें हटवाकर मार्ग खाली करवाने के साथ ही ई ओ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का आदेश जारी करते हुए किस आदेश से सड़क खुदवाई गई को लेकर कड़ी फटकार लगाई।

## युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के भिदिउरा बाजार में बाइक सवार एक युवक की बेरहमी से पिटाई किए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। स्वतंत्र भारत वायरल वीडियो की पुष्टी नहीं करता है ।थरवई पुलिस ने बताया की वायरल वीडियो के मामले में मिली तहरीर पर जांच किया गया मारपीट की पुष्टि हुई। आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो दो जुलाई का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है की भिदिउरा बाजार में एक युवक बाइक पर खड़ा होकर एक युवक से बात कर रहा हैं। इसी दौरान कुछ और युवक आते है जिसमे एक युवक आते ही बाइक सवार युवक को बाइक खींच कर पिटाई शुरू कर देते है। एक युवक बचाने की कोशिश करता तभी आए एक युवक ने बाइक की चाभी निकाल लेता है और साथियों के साथ मिल कर युवक की बेरहमी से पिटाई करते है। करीब आठ मिनट के वायरल वीडियो में युवक की बेरहमी से जमीन पर गिरा कर पिटाई की जाती है। दरोगा प्रदीप यादव ने बताया की वायरल वीडियो के मामले में पीड़ित द्वारा तहरीर दी गईं है। जाँच में पता चला की आशीष कुमार यादव निवासी लखरैया थाना नवाबगंज है। बारतर गांव में अपने ननिहाल आया था। किसी काम से बाजार गया था जहाँ किसी बात को लेकर कुछ युवकों ने पिटाई कर दिया है ।मामले की जांच हो रही है।

## उपजिलाधिकारी कोरांव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 367 शिकायतों में पांच का निस्तारण



**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव तहसील में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 367 शिकायत दर्ज कराई गई। जिनमें राजस्व की कुल 167 में पांच का निस्तारण करवाया गया। वहीं पुलिस विभाग की 59, विकास विभाग की 45तथा शिक्षा विभाग 2 वहीं समाज कल्याण की 2 व अन्य 92 शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी कोरांव संदीप कुमार तिवारी ने सभी अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर कर समस्यायों का त्वरित निराकरण करायें जाने का आदेश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार राममूर्ती सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में छाया रहा बिजली-पानी का मुद्दा

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा तहसील मुख्यालय में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 535 शिकायतें प्राप्त हुईं। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नीलम उपाध्याय और प्रभारी तहसीलदार प्रेम नारायण प्रजापति की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

इसी दौरान, मेजा तहसील क्षेत्र के हुल्का गांव से रामफुलेल और मंगला प्रसाद के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष बेलन नहर विभाग के जेई नवरत्न के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने बताया कि जेई नवरत्न ने नहर में बनी पुलिया को तुड़वा दिया है, जिससे पूरी आबादी का रास्ता बंद हो गया है। पुलिया बनाने के लिए रखा गया सामान भी हटा दिया गया।



एसडीएम नीलम उपाध्याय ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और जेई नवरत्न को फटकार लगाई। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिया का निर्माण एक सप्ताह के भीतर करा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और एसडीएम जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वापस चले गए।

प्राप्त 535 शिकायती पत्रों में सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज की गईं। एसडीएम ने मौके पर निस्तारित न होने वाले सभी पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए उनके तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## युवक पर चाकू से हमला

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर देशी शराब ठे-के के पास आपसी विवाद में एक युवक के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लें गए। थरवई थाना क्षेत्र के मलाका मय भैसाही गांव का श्याम बहादुर पुत्र पन्ना लाल निवासी मलाका मय भैंसाही रविवार की शाम गारापुर देशी शराब के ठेके पर खड़ा था। बेरुई गांव के एक युवक से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद होने लगा। आरोप है की बेरुई के एक युवक ने पास खीरा बेचने वाले का चाकू लेकर मेरे ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू के



हमले से पेट और सिर में चाकू लगने से श्याम बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को लेकर अस्पताल लें गए। घटना की तहरीर थरवई पुलिस को दिया। पुलिस का कहना है की जाँच के बाद विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

## बिजली,पानी और कौशाम्बी को सूखाग्रस्त घोषित किये जाने को लेकर सकिपा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### कौशाम्बी को सूखाग्रस्त घोषित कर राजस्व वसूली रोकी जाये.... मुन्ना लाल तिवारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में किसानो की समस्यायों को लेकर प्रदर्शन किया गया और जिलाधिकारी कौशाम्बी को सम्बोधित एक छह सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में किसानो की समस्यायों के निराकरण हेतु मांग उठाई गई जिसपर समुचित कार्यवाही का अपर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है।

इसके पूर्व पार्टी के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में एकत्र हुए और बैठक की। बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष मुन्नालाल तिवारी ने कहा कि कौशाम्बी जनपद में बारिश न होने से सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे किसानों की खरीफ की फसलें प्रभावित हो रही हैं। आगे कहा कि नहरों में जलापूर्ति नही होने से कोढ़ में खाज का काम हो रहा है और किसान धान की रोपाई नही कर पा रहे हैं। इसके बाद तमाम पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी समेत कई किसानो ने जिलाधिकारी कार्यालय की ओर कूच किया। मौके पर मिले अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को एक छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी कौशाम्बी के नाम सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में जनपद कौशाम्बी को सूखाग्रस्त घोषित कर राजस्व वसूली रोके जाने, रामगंगा नहर, करारी माइनर नहर समेत जिले की सभी सूखी नहरों एवं रजबहों में टेल तक जलापूर्ति कराये जाने, रोस्टर से कृषि फीडर से विद्युत आपूर्ति किये जाने, सहकारी समितियों से किसानो को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति करने, गांव गांव पशूओं को टीकाकरण कराने और जल जीवन मिशन अन्तर्गत गांव गांव जलापूर्ति चालू कराये जाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अपर जिलाधिकारी ने सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी, राम कृष्ण तिवारी, जय प्रकाश पांडेय, संदीप प्रजापति, शिवानंद, फूलचंद्र लोधी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## विद्या प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन सेमिनार संपन्न

### मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण-पत्र, साइकिल एवं अन्य पुरस्कार वितरित किया गया

**स्वतंत्र भारत थरवई प्रयागराज।** अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रयागराज द्वारा गयादीन विश्वकर्मा इण्टरमीडिएट कालेज में विद्या प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, प्रतिभा सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट द्वारा संचालित अमृत ग्रीन प्रयागराज मिशन के अंतर्गत अतिथियों द्वारा पौधरोपण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सफलता का सबसे मजबूत आधार हैं। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, परिश्रम औरआत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों से अपनी रचनात्मक क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने का आह्वान किया। निवर्तमान सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ सुरेश कुमार त्रिपाठी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मण्डल आर. एन. विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ करियर की सही जानकारी भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सदस्य राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश डॉ. सुनील कुमार सिंह कुशवाहा, संयुक्त सचिव प्रशासन इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन बैरिस्टर सिंह, कमला मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, प्रयागराज के निदेशक डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा,सचिव नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय शैक्षिक समिति प्रयागराज नमित मिश्र, अंतर्राष्ट्रीय पैरा डार्ट्स खिलाड़ी एवं शिक्षाविद् डॉ. दीपक त्रिपाठी, प्रख्यात वित्त विशेषज्ञ मनीष धर, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रयागराज अनुज पाण्डेय, संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रयागराज डॉ. चंद्रमणि, प्रेरक वक्ता डॉ. सुग्रीव सिंह, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से राममूरत विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अरविंद विश्वकर्मा, वरिष्ठ शिक्षाविद् सुरेश विश्वकर्मा एवं हरिश्चंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थियों को साइकिल, गोल्ड मेडल एवं प्रमाण-पत्र, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, सिल्वर मेडल एवं प्रमाण-पत्र तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 25 विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स, ब्रॉन्ज मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 54 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार कुल 101 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। करियर मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा उन्हें शिक्षा और करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाज के सम्मानित नागरिकों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

## माइण्डफुल प्लस एजुकेशन के नये परिसर में पढ़ाई शुरू अभिभावकों संग पहुंच रहे नौनिहाल

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में नगर पंचायत सिराथू नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 रामलाल का पुरा स्थित माइण्डफुल प्लस एजुकेशन के नवनिर्मित भवन में सोमवार से नियमित शिक्षण कार्य का शुभारम्भ हो गया है। नये सत्र के पहले दिन विद्यालय पहुंचे नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय परिवार ने स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल और अभिभावकों के उत्साह से पूरे दिन गुलजार रहा।

प्रथम दिवस बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें नए वातावरण से सहज रूप से परिचित कराया।



शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह का भाव विकसित किया, जिससे पहले ही दिन बच्चे आनन्दपूर्वक अपनी कक्षाओं में शामिल हुए।

विद्यालय की संस्थापक-प्रधानाचार्या दीक्षा सेठी ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नए भवन में अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही अभिभावकों के विश्वास और सहयोग के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

अभिभावकों ने भी विद्यालय के नए भवन, स्वागत व्यवस्था और शैक्षिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया। विद्यालय प्रबन्धन ने विश्वास जताया कि नए भवन में प्रारम्भ हुआ है यह शैक्षणिक सफर बच्चों के समग्र विकास और बेहतर शैक्षिक उपलब्धियों का आधार बनेगा।

## विद्यार्थी परिषद ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी जिले के मंझनपुर नगर इकाई के कार्यकताओं ने विद्यार्थी परिषद की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी के माध्यम से प्रत्येक रविवार को होने वाले प्लास्टिक मुक्त अभियान सण्डे फॉर मंझनपुर के अन्तर्गत डायट मैदान में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया यह अभियान प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है ऐसे में नगर के विद्यार्थी प्रत्येक रविवार को अपना समय सामाजिक कार्यों के लिए देते हैं जिला संयोजक सुशील सोनकर ने बताया कि यह अभियान नियमित दो वर्षों से चल रहा है सिर्फ विद्यार्थी परिषद के प्लास्टिक मुक्त अभियान से पूरा नगर प्लास्टिक मुक्त नहीं हो सकता है। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, नगर मंत्री दीपक राजपूत आदि रहे।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

**स्वतंत्र भारत चायल कौशाम्बी।** जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को



तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील सिराथू कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनायी 125वीं जयन्ती

### भारत की एकता,अखण्डता और स्वाभिमान के लिए डॉ.मुखर्जी का बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा : जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने आवास कार्यालय बदलेपुर ननसेनी में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयन्ती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया व स्मरण करते हुए उनके जीवन पर अपने विचारों को साझा किया और एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण किया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि डॉ.मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की एकता,लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया ।उनका दूरदर्शी नेतृत्व निर्भीक व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा आज भी जनसेवा का आदर्श प्रस्तुत करते हैं उनके विचार और आदर्श हमें राष्ट्र प्रथम की भावना और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त बनाने की निरंतर प्रेरणा देते हैं। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं उनका जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ था जहाँ उन्हें सुख सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था ।आज हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे में डॉ.मुखर्जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन उस भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करें जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी एक ऐसा भारत जो सशक्त हो एकजुट हो आत्मविश्वास से भरपूर और संवेदनशील हो डॉ.मुखर्जी की जन्मभूमि,पश्चिम बंगाल में सुशासन का जो कमल खिला है सही मायनों में यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र त्रिपाठी सहित सम्मानित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## तीन बच्चों की मां गायब, पति परेशान

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन बच्चों की एक महिला के गायब होने से परिजन परेशान है। पति की तहरीर पर पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पति ने आरोप लगाया है कि 28 जून को मैं शहर मजदूरी करने चला गया था शाम को वापस आया तो पत्नी नहीं थी देर रात तक काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला मेरे तीन बच्चें है पत्नी के अचानक गायब होने से बच्चों का रो रो कर बुरा है। काफी तलाश के बावजूद पत्नी का पता नही चल रहा है। पुलिस को शिकायती पत्र देकर पत्नी को खोजने के लिए गुहार लगाई ।पति ने बताया कि करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं किया।

## अभाविप अपने 78 वें स्थापना दिवस पर जिले भर में करेगी 46 कार्यक्रम




### जिले में छात्रों की आत्महत्या चिंताजनक प्रांत सह मंत्री

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर जिले भर में 5000 विद्यार्थी करेंगे सहभाग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 6 जुलाई को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी जिला द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस पर होने वाले जिले भर में आगामी कार्यक्रम, अभियान के विषय में जानकारी दी गई जिला संयोजक सुशील सोनकर नें सभी पत्रकार बन्धुओं का अभिवादन किया एवं पत्रकार वार्ता में बैठे प्रान्त सह मंत्री शिव बाबू चौधरी एवं नगर सह मंत्री पूजा का परिचय कराया जिला संयोजक सुशील सोनकर ने बताया कि 9 जुलाई को अभाविप का 78वां स्थापना दिवस है जिसको हम सभी राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मानते हैं इसके अन्तर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाना हम सभी का लक्ष्य है विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए लोक हित को ध्यान में रखते हुए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम अभियान चलाने वाले हैं ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ जिले में विद्यार्थी परिषद नये कीर्तिमान को स्थापित कर रही है शैक्षिक एवं सामाजिक विषयों पर विद्यार्थी परिषद मुखर होकर छात्र हित के लिए सदैव आवाज उठाती है प्रान्त सह मंत्री शिव बाबू चौधरी ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई सन 1949 में हुआ जिसको अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मानती है कौशांबी जिले में 6 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक नगर के विभिन्न स्थान पर कार्यक्रम होने हैं जिसमें जिले के 30 स्थान पर 46 कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जिसमें सभी नगरों में एवं कॉलेज इकाइयों में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, दीपोत्सव, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम पर संगोष्ठी,छात्र सन्देश यात्रा, साइकिल यात्रा, जिला चिकित्सालय मंझनपुर में रक्तदान शिविर एवं पश्चिम शरीरा में 500 छात्रों का एक बड़ा छात्र सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

कई स्थानों पर खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित किया जा रहा है उन्होंने बताया कि जिले में शैक्षिक भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा एवं आए दिन जिले में विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं यह बहुत ही चिंताजनक है इसके लिए विद्यार्थी परिषद करियर काउंसलिंग एवं कॉलेज में आनन्द में सार्थक छात्र जीवन पर संगोष्ठी आयोजित करेगी ताकि छात्रों के आत्महत्या को रोका जा सके, उन्होंने कहा कि जिले में संगठन की दृष्टि से 16 नगर हैं जिसमें नौ नगर की इकाइयां गठित हो चुकी हैं सत्र 2025- 26 में जिले भर में 15145 विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 2026- 27 का लक्ष्य 27556 विद्यार्थियों को सदस्य बने का है जिसके लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ लगेंगे। नगर सह मंत्री पूजा निर्मल ने बताया कि आगामी सितम्बर माह में छात्राओं के सेल्फ डिफेंस के लिये मिशन साहसी के तहत ऐसे कॉलेजों में प्रशिक्षण शिविर लगवाने की योजनाएं हैं। इस दौरान अभिराज सिंह नगर मंत्री दीपक राजपूत आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बदलाव के लिए

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों में जबर्दस्त उलट फेर के बाद अब संसद के मानसून सत्र पर निगाहें टिक गई हैं। चुनाव परिणामों और उसके बाद की गतिविधियों से संसद में एनडीए के संख्या बल में बढ़ोतरी के बाद सत्र की गतिविधियों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। माना जा रहा है कि अपनी बढ़ी ताकत से उत्साहित मोदी सरकार कई अहम विधेयक इस सत्र में ला सकती है। इसी पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा 130वां संविधान संशोधन विधेयक लाने की उम्मीद है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को पांच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। यह सही है कि देश की राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मुद्दे पर लंबे समय से बातें होती रही हैं लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन सकी है कि केवल साफ छवि के लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। आज इस बात में कोई संशय नहीं कि देश की राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का बढ़ता दखल गंभीर समस्या बन चुका है। कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत तकनीकी जटिलताओं का फायदा उठा कर संसद या विधान सभाओं में कई बार ऐसे लोग भी चुन कर पहुंच जाते हैं जिन पर गंभीर व जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप लगा रहता है। जब ये बातें सामने आती हैं तब चिंता तो सभी दल जताते हैं लेकिन ऐसे लोगों को टिकट न देने की किसी भी दल में कोई इच्छाशक्ति नहीं होती। हैरत की बात यह है कि चुनाव आयोग भी इस मामले पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाता है। इसीलिए पिछले साल अगस्त में सरकार ने संसद में यह विधेयक पेश किया था पर विपक्ष की आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति बनी। हालांकि अपनी बात न सुने जाने का आरोप लगा कर विपक्ष समिति का बहिष्कार कर दिया था। अब विधेयक पर विचार करने के बाद यदि समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है तो मानसून सत्र में इसे फिर पेश किया जाएगा। वैसे भी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही बढ़ाने से लेकर लोकतंत्र में नैतिकता सुनिश्चित किए जाने के लिए इस समय सख्त कानूनी प्रावधान की जरूरत है। लेकिन यह सावधानी भी बरतनी होगी कि नया कानून देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर विपरीत प्रभाव डालने वाला न हो। प्रस्तावित कानून में यह व्यवस्था भी स्पष्ट रूप से होनी चाहिए कि केवल किसी चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के इरादे से इसका दुरुपयोग न होने पाए। स्वस्थ दृष्टिकोण रखकर बना तो यह कानून देश की राजनीति में निश्चित रूप से गुणात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## संगठित जालसाजी

पिछले दिनों लखनऊ के विभूति खंड में पकड़े गए फर्जी अंतर्राष्ट्रीय काल सेंटर के बारे में अब सामने आ रही जानकारियों से पता लगता है कि जालसाजी का काम भी कितने संगठित रूप से आपराधिक ढंग से खड़ा कर लिया जाता है। पकड़े गए एक सौ उन्नीस कर्मचारियों में स्थानीय लोग कम हैं और मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और असम के लोग अधिक हैं। इनकी जालसाजी का खास मकसद प्रौढ़ अमेरिकन नागरिकों को ठगना था जिनसे ये लोग अभी तक ढाई अरब रुपए वसूल चुके हैं। फोन पर अमेजन कंपनी के कर्मचारी बन कर झांसे का जाल फैलाने वाले ये साइबर ठग महीने में तनख्वाह और इंसेंटिव मिला कर एक से डेढ़ लाख रुपए तक कमा लेते थे। शक के दायरे से बाहर रहने और अपना हाई प्रोफाइल बनाए रखने के लिए ये लोग लखनऊ के महंगे पॉश इलाकों व होटलों में रहते थे। अपने शिकार का भरोसा जीतने के लिए ये खुद को अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी गिरामी कंपनियों का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बताते थे। गिरोह के काम करने के शातिर तौर तरीकों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है विभूति खंड के ऑफिस से डेढ़ साल तक इनकी जालसाजी चलती रही लेकिन स्थानीय पुलिस और एलआईयू को इसकी भनक तक न लग सकी। संदेह की सुई से बचने के लिए ही गिरोह ने भारत नहीं बल्कि हजारों मील दूर अमेरिका में बैठे लोगों को शिकार बनाने का रास्ता चुना। अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से इतने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी किए जाने का लखनऊ में यह अपने आप में पहला बड़ा मामला भले ही हो पर इस संभावना से इंकार नहीं हो सकता कि छोटे या बड़े पैमाने पर इसी ढंग के अन्य जालसाजों ने भी अपना चला रखा हो। चूंकि शहर का तेजी के साथ विस्तार हो रहा है और व्यावसायिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं तो ऐसे काम किए जाने की कोशिशें संभव भी हो सकती हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**भारी बारिश के बावजूद नहीं भर पा रहे जलाशय**
जैसे करोड़ों रुपये खाकर भी नीयतें नहीं भरतीं!
**बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट पर मेटा को नोटिस**
एपस्टीन फाइल की चर्चा अमेरिका में जारी है!
**मुझे रोकना है तो मारना ही पड़ेगा-ममता बनर्जी**
दीदी की सुरक्षा अब केंद्र सरकार का सिरदर्द है!
**चढ़ावा चोरी के पापियों को सख्त सजा-भागवत**
चोरों को चाबी सौंपने वाले निर्दोष बने रहेंगे?
**मानसून सत्र में आ सकता है परिसीमन विधेयक**
समय रहते ही मन की मर्जी पूरी करनी चाहिये!
**सत्ताईस में जीत के रिकार्ड तोड़ेगी भाजपा-नबीन**
तोड़ने फोड़ने में भाजपा को महारत हासिल है!

♦♦♦

# दल-बदल कानून पर पुनर्विचार की जरूरत

पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं।

**- संजय कुमार**


प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो।

यह बिल्कुल सही है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले नव निर्वाचित विधायकों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो तकनीकी रूप से बिना अयोग्यता के पार्टी विभाजन के लिए आवश्यक है. पर इससे इतर चुनावी जनादेश की पवित्रता पर भी विचार करने की आवश्यकता है. बड़ा प्रश्न यह है कि चुनावी नतीजे के बाद नेताओं का मूल पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी के साथ चले जाने से क्या उन मतदाताओं के साथ धोखा नहीं हो रहा, जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी के आधार पर ही चुनाव में वोट दिया था? अपने देश में बड़ी संख्या में मतदाता चुनावों में उम्मीदवारों को नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को वोट देते हैं. उनके लिए उम्मीदवारों की तुलना में राजनीतिक पार्टियों का महत्व अधिक है. पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद जिन विधायकों ने दल-बदल किया, वे दरअसल कुछ ही दिन पहले तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर आये थे. इस वर्ष हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा, जहां उसे केवल 80 सीटें मिलीं और 40.1 प्रतिशत वोट मिले. जबकि भाजपा ने 207 सीटें जीतीं और उसने 45.8 प्रतिशत वोट हासिल किये।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विधायकों और सांसदों के दल-बदल की स्थिति पहले के दौर की तुलना में बेहतर हुई है, जब कोई कानून नहीं था और जनप्रतिनिधि बिना सोचे-समझे रातों-रात पार्टी बदल लेते थे. लेकिन सच बात तो यह है कि अब भी स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में विभाजन किसे कहा जाये. इसलिए इस पर स्पष्ट परिभाषा की आवश्यकता है. इस अस्पष्टता को इसलिए भी दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि हाल के वर्षों में दल-बदल से जुड़े अधिकांश प्रश्न इसी कारण विवादित रहे हैं कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. हर बार जब दल-बदल होता है, तब यह सवाल उठता है कि क्या अलग समूह बना लेना पर्याप्त है या फिर कानून के तहत उस समूह का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय अनिवार्य है. तृणमूल कांग्रेस के जिन विधायकों ने दल-बदल किया, उन्होंने एक अलग समूह बनाया है और किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में अपना विलय नहीं किया है. जबकि तृणमूल के लोकसभा सांसदों ने अयोग्यता से बचने के लिए एनसीपीआइ, यानी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में अपना विलय कर लिया। सवाल यह है कि क्या वर्तमान कानून के तहत दोनों स्थितियां वैध हैं. इस मुद्दे पर स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय करना अनिवार्य होना चाहिए या फिर अलग समूह के रूप में बने रहना भी स्वीकार्य हो सकता है. वास्तविकता यह है कि ऐसे मामलों में स्पीकर द्वारा निर्णय लेने में कोई एकरूपता नहीं रही है कि दल-बदल वैध है या नहीं. कुछ मामलों में निर्णय जल्दी लिया जाता है, जबकि कुछ मामलों में स्पीकर द्वारा फैसला लेने में काफी समय लग जाता है. इस असमानता को देखते हुए स्पीकर द्वारा दल-बदल से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने के लिए कानून में एक निश्चित समय सीमा तय करने पर विचार करना उचित होगा. दल-बदल के मामले में अयोग्यता से बचने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की आवश्यकता एक उचित शर्त प्रतीत होती है।

हालांकि, छोटे राजनीतिक दलों में जहां विधायकों और सांसदों की संख्या कम होती है, वहां यह शर्त अप्रासंगिक हो जाती है. लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि एक राजनीतिक पार्टी से चुने जाने के बाद दूसरी राजनीतिक पार्टी में चले जाने की स्थिति में व्यक्तिगत मतदाता के वोट की पवित्रता का क्या होगा. ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं, जब जनप्रतिनिधियों ने उस राजनीतिक पार्टी में शामिल होकर दल-बदल किया, जिसके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा था. इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या दल-बदल करने वाले जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं. यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है, जब हम यह पाते हैं कि चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों में या कुछ सप्ताहों के भीतर ही दल-बदल हो जाता है, जैसा कि पश्चिम बंगाल में हाल की घटनाओं में देखा गया। दल-बदल विरोधी कानून को बने 41 वर्ष हो चुके हैं. वर्ष 2003 में इसमें एक संशोधन किया गया था, जब एक-तिहाई की शर्त को हटाकर दो-तिहाई कर दिया गया था. मेरा मानना है कि इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. यह भी सोचा जा सकता है कि क्या इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए कि जैसे ही कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदले, तो उसकी सदस्यता तत्काल समाप्त हो जाये और उस सीट पर उपचुनाव अनिवार्य हो. इससे नेताओं में व्यक्तिगत लाभ या हित के लिए दल-बदल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकता है. निश्चित रूप से यह आसान निर्णय नहीं होगा, लेकिन इस पर विचार तो किया ही जा सकता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

**(गतांक से आगे**

यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति। तत एव च विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ।। 30।

जिस काल में मनुष्य भूतों के न्यारे-न्यारे भावों को एक परमात्मा में प्रवाहित स्थित देखता है तथा उस परमात्मा से ही सम्पूर्ण भूतों का विस्तार देखता है, उस समय वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। जिस क्षण यह अवस्था आ गयी, उसी क्षण वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। यह लक्षण भी स्थितप्रज्ञ महापुरुष का ही है।

अनादित्वान्निर्गुणत्वात्परमात्मायमव्ययः । शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते ।। 31 ।।

कौन्तेय ! अनादि होने से और गुणातीत होने से यह अविनाशी परमात्मा शरीर में स्थित होते हुए भी वास्तव में न करता है और न लिप्त ही होता है।

किस प्रकार ? -

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते । सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ।। 32 ।।

जिस प्रकार सर्वत्र व्याप्त हुआ आकाश सूक्ष्म होने के कारण लिप्त नहीं होता, ठीक वैसे ही सर्वत्र देह में स्थित हुआ भी आत्मा गुणातीत होने के कारण देह के गुणों से लिप्त नहीं होता। आगे कहते हैं- यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः। क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ।। 33।।

अर्जुन ! जिस प्रकार एक ही सूर्य सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार एक ही आत्मा सम्पूर्ण क्षेत्र को प्रकाशित करता है। अन्त में निर्णय देते हैं-

क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा। भूतप्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम्।। 34।। इस प्रकार क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के भेद को तथा विकारसहित प्रकृति से छूटने के उपाय को जो ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा देख लेते हैं, वे महात्माजन परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होते हैं। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अनृत साहस मूढता, कपटरु कृतघन आइ ।**
**निरदयतारु मलीनता, तियमें सहज रजाइ ॥**

झूठ बोलना, एकाएक कोई काम कर बैठना, नखरे करना, मूर्खता करना, ज्यादा लालच रखना, अपवित्र रहना और निर्दयता का बर्ताव करना ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं।

♦♦♦

# मौलिक सोचने की क्षमता को चुनौती दे रहा है एआइ

इतिहास गवाह है कि जब भी किसी नये उपकरण का आविष्कार हुआ, उसने मानव श्रम को आसान बनाया. पहिये ने हमारे पैरों की थकान हरी, भाप के इंजनों ने बाहुबल की निर्भरता को अप्रासंगिक किया और कंप्यूटर ने जटिल गणनाओं को पलक झपकते ही संभव बना दिया. पर, इन तमाम युगांतकारी परिवर्तनों के बीच मनुष्य का मस्तिष्क अक्षुण्ण

**- अनुभा सिंह**

और सुरक्षित था. सोचना, मौलिक जिज्ञासा करना, संदेह प्रकट करना और वैचारिक अंतर्विरोधों से जूझना केवल और केवल मनुष्य का विशेषाधिकार रहा. पर आज इतिहास में पहली बार हम एक ऐसे मोड़ पर आ खड़े हुए हैं, जहां तकनीक हमारे इसी सर्वोच्च विशेषाधिकार यानी 'सोचने की क्षमता' को चुनौती दे रही है।

आज चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लॉड और डीपसीक जैसे एआइ प्लेटफॉर्म केवल पारंपरिक सर्च इंजनों की तरह सूचनाएं एकत्र नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे मानव मस्तिष्क की नकल करते हुए निबंध लिख रहे हैं, जटिल शोध-पत्र तैयार कर रहे हैं, कविताएं रच रहे हैं और सॉफ्टवेयर के कोड लिख रहे हैं. एकेडमिक और बौद्धिक जगत में इसका असर साफ दिखने लगा है. आज शोध का पहला चरण 'प्रॉम्प्ट' लिखना हो गया है और अंतिम चरण 'कॉपी-पेस्ट' करना. इस कारण बौद्धिक परिपक्वता का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है. 'एमआइटी मीडिया लैब' की एक हालिया जांच में पाया गया कि जो छात्र अपने एकेडमिक कार्यों के लिए चैटजीपीटी जैसे एआइ टूल्स पर अत्यधिक निर्भर थे, उनके इइजी माप में मस्तिष्क की सक्रियता काफी कम दर्ज की गयी. तर्क-वितर्क करने की गुणवत्ता भी बेहद निम्न स्तर की पायी गयी।

इसी तरह, गार्लिक द्वारा 2025 में 17 से 25 वर्ष के 666 युवाओं पर किये गये एक व्यापक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि एआइ पर निर्भरता के कारण युवाओं के 'क्रिटिकल थिंकिंग स्कोर' में उल्लेखनीय गिरावट आयी है. इस डिजिटल शॉर्टकट ने साहित्यिक चोरी (प्लेगरिज्म) को भी एक नया, परिष्कृत और अदृश्य चेहरा दे दिया है. आज बड़े भाषा मॉडल इंटरनेट पर मौजूद अरबों स्रोतों से सामग्री उठाते हैं और उसे इस तरह से पुनर्गठित करते हैं कि मौजूदा प्लेगरिज्म डिटेक्शन सॉफ्टवेयर भी कई बार चकमा खा जाते हैं. परिणामतः, हम एक ऐसी बौद्धिक पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो तात्कालिक उत्तर देने में तो माहिर है, लेकिन उसमें नये प्रश्नों को जन्म देने की क्षमता समाप्त हो रही है।

इससे भी बड़ा संकट यह है कि जब एआइ को किसी प्रश्न का सही उत्तर नहीं पता होता, तो वह अपनी प्रोग्रामिंग के आधार पर मनगढ़ंत तथ्य और आंकड़े तैयार कर देता है. इतिहास में पहली बार ऐसा दौर आया है जब गलत और भ्रामक सूचनाएं इतनी सुगठित, व्याकरण सम्मत और आश्वस्त करने वाली भाषा में प्रस्तुत की जा रही हैं कि वे सच से भी ज्यादा सच दिखने लगी हैं. यह केवल तकनीकी खामी नहीं है, लोकतंत्र, न्यायपालिका, चिकित्सा और पत्रकारिता जैसे स्तंभों के लिए गंभीर अस्तित्वपरक संकट है. हमें इस भ्रम से भी बाहर निकलना होगा कि एल्गोरिदम पूरी तरह से निष्पक्ष और तटस्थ होते हैं।

मशीनें अंततः वही सीखती हैं जो मनुष्य उन्हें सिखाता है. यहां सबसे बड़ा प्रश्न नैतिक जवाबदेही का है. यदि किसी एआइ जनित गलत चिकित्सा सलाह से किसी मरीज की जान चली जाये, या मशीन की त्रुटि के कारण अदालत में कोई निर्दोष दोषी सिद्ध हो जाये, तो कटघरे में किसे खड़ा किया जायेगा?

इस आभासी दुनिया का एक और



स्याह पहलू है. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में ही दुनियाभर के डाटा सेंटरों ने वैश्विक बिजली का 1.5 प्रतिशत (लगभग 415 टेरावॉट-ऑवर) हिस्सा डकार लिया. अनुमान है कि 2030 तक यह खपत बढ़कर 945 टेरावॉट-ऑवर हो जायेगी. संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय की 2026 की हालिया चेतावनी की मानें, तो एआइ सर्वरों और सुपरकंप्यूटरों को ठंडा रखने के लिए होने वाली पानी की खपत 2030 तक 1.3 अरब लोगों की घरेलू पानी की जरूरत के बराबर हो जायेगी और उसका कार्बन उत्सर्जन अर्जेंटीना जैसे बड़े देश के कुल उत्सर्जन को पार कर जायेगा. इस वैश्विक संकट को देखते हुए दुनिया के अग्रणी देशों ने संभलना शुरू कर दिया है. चीन ने अपनी प्राथमिक कक्षाओं में जेनरेटिव एआइ के स्वतंत्र उपयोग पर कड़ा अंकुश लगाया है. वहीं अमेरिका ने प्रतिबंध के बजाय 'एआइ साक्षरता' का मार्ग चुना है. भारत में भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एआइ के अनधिकृत उपयोग को अकादमिक कदाचार की श्रेणी में शामिल किया है।

हालांकि, भारतीय संदर्भ में एक व्यावहारिक उलझन यह भी आ रही है कि कई बार एआइ डिटेक्टर सॉफ्टवेयर छात्रों के मौलिक लेखन को भी मशीन जनित घोषित कर देते हैं. इसलिए, भारत को केवल सॉफ्टवेयर पर निर्भर रहने के बजाय वाइवा, विशेषज्ञ समीक्षा और पारदर्शी प्रकटीकरण की नीतियों को समान महत्व देना होगा. एआइ हमारी भाषा सुधार सकता है, शुरुआती मसौदा तैयार कर सकता है और विशाल डाटा को व्यवस्थित कर सकता है, पर संवेदनशीलता, अनुभव, नैतिक विवेक, अंतरात्मा की आवाज और मौलिक चिंतन आज भी केवल मनुष्य की ही थाती हैं. हमें 'एआइ के साथ सोचना' सीखना होगा, न कि 'एआइ द्वारा सोचा जाना' स्वीकार करना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### सच्चा राजा

एक बड़ा महत्वाकांक्षी राजा था। उसने छोटे-बड़े बहुत-से राज्य जीते। चारों ओर उसकी दुंदुभि बजने लगी। मारे अहंकार के उसका दिमाग आसमान पर चढ़ गया। वह मानने लगा कि उसके मुकाबले का कोई भी राजा नहीं है।

एक बार की बात है। वह छोटे-छोटे राज्यों को जीतकर अपने देश को लौट रहा था। रास्ते में एक गांव पड़ा। वहां उसने देखा कि एक साधु अपनी कुटिया के पास बैठा मस्ती से गा रहा है। उसकी मस्ती को देखकर राजा वहां रुक गया।

उसने साधु से पूछा, तुम कौन हो ?

साधु ने कहा, राजा!

राजा ने यह सुनकर सोचा कि शायद साधु ने उसके सवाल को ठीक से सुना नहीं। कहां फकीर और कहां राजा! उसने अपने सवाल को दोहराया, तुम कौन हो ?

उत्तर वही मिला, राजा।

राजा ने कहा, राजा के पास तो राज्य और खजाना होता है। तुम्हारा राज्य और खजाना कहां है ?

साधु ने राजा की ओर देखा। फिर बोला, देखो, मैंने अपने मन को जीत लिया है। इसलिए मेरा मन मेरा राज्य है। जहांतक खजाने की बात है, प्रकृति ने चारों ओर खजाना-ही-खजाना फैला रखा है। वह सब मेरा ही तो है।

राजा ने समझा कि उसका कहना सही था। राज्यों को जीतना आसान है, पर मन को जीतना कठिन है। इसलिए सच्चा राजा मैं नहीं, वह साधु है।

## आपका पत्र मिला

### गैर-व्यापार बाधाएं

क्या अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के क्रम भारत अमेरिका को इस बात पर राजी कर पाएगा कि वह दोनों देशों के कारोबार में गैर-व्यापार बाधाएं खड़ी ना करे? भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर भारत में हैं। उन्हें आशा है कि मंगलवार और बुधवार की वार्ताओं के दौरान ऐसा हो जाएगा। मगर मुद्दा है कि क्या बातचीत का आधार द्विपक्षीय समझौते का वही फ्रेमवर्क है, जिस पर पिछले फरवरी में सहमति बनी थी? या बदली परिस्थितियों के मद्देनज़र भारत फिर से सौदेबाजी कर रहा है? फ्रेमवर्क के एलान के बाद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया था। उससे भारत सरकार को नया मौका मिला। उसका लाभ उठाकर वह उन आलोचनाओं को दूर कर सकती है, जिनसे इस मामले में उस पर समर्पण करने के आरोप लगे हैं।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में कहा कि भारत- अमेरिका ट्रेड डील को तब तक लागू नहीं किया जाएगा, जब तक भारत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सुनिश्चित नहीं हो जाता।

इसका अर्थ है कि भारत पर लगने वाले शुल्क दरों को अमेरिका बांग्लादेश, वियतनाम और कुछ मामलों में चीन पर लगे टैरिफ से कुछ नीचे कर दे, तो डील भारत को स्वीकार्य हो जाएगा। स्पष्टतः यह अपने मानक को काफी नीचे रखना है। फ्रेमवर्क में शामिल अमेरिका से अनिवार्य खरीदारी, ऊर्जा खरीद पर उसकी अनुचित शर्तों को मानने, और अपने बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोलने जैसी शर्तें शामिल हैं। उन्हें फिर वार्ता की मेज पर लाने के बजाय भारत का निम्न मानक को अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# मंदिर में घंटा कब बजाना चाहिए इसका सही नियम और महत्व



हिंदू परंपरा में मंदिर में स्थापित घंटा या घंटी बजाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी छिपा है। मान्यता है कि घंटी की ध्वनि 'ॐ' के समान कंपन उत्पन्न करती है, जो मन और वातावरण दोनों को शुद्ध करती है। यही कारण है कि मंदिर में प्रवेश करते ही घंटा बजाने की परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। स्कंद पुराण सहित कई शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि घंटी की आवाज से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और देव शक्तियां सक्रिय होती हैं। इस कार्य में भी कुछ नियमों और सावधानियों का पालन करना जरूरी है। अनजाने में की गई छोटी-सी गलती पूजा के पूर्ण फल में बाधा बन सकती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि मंदिर का घंटा कब और कैसे बजाना चाहिए।

**कब बजाना चाहिए मंदिर का घंटा**

शास्त्रों के अनुसार मंदिर में प्रवेश करते समय घंटी बजाना सबसे शुभ माना जाता है। घंटी की ध्वनि मन को सांसारिक उलझनों से दूर कर एकाग्र बनाती है, जिससे भक्त पूरी श्रद्धा के साथ पूजा कर पाता है। आरती के समय घंटी बजाना भी अत्यंत फलदायी माना गया है, क्योंकि इससे पूजा की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। घर के मंदिर में भी सुबह और शाम पूजा आरंभ करने से पहले घंटी बजाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और वातावरण पवित्र बना रहता है। पुराणों में घंटी की ध्वनि को सृष्टि की मूल नाद शक्ति का प्रतीक माना गया है, जो मानसिक अशांति और नकारात्मक विचारों को दूर करती है।

**किस समय घंटा नहीं बजाना चाहिए**

वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर से बाहर निकलते समय घंटी बजाना उचित नहीं माना जाता। प्रवेश के समय घंटी बजाकर देवताओं का आह्वान किया जाता है, लेकिन लौटते समय ऐसा करने से पूजा के दौरान प्राप्त शांति और सकारात्मकता बाधित हो सकती है। इसलिए पूजा के बाद शांत मन से देवताओं को प्रणाम करके बाहर निकलना चाहिए।

**घंटी बजाते समय ध्यान रखने योग्य नियम**

शास्त्रों के अनुसार घंटी को बार-बार या बहुत देर तक नहीं बजाना चाहिए। सामान्य रूप से 2 से 3 बार पर्याप्त होता है। घर में पूजा करते समय बाएं हाथ से घंटी बजाना चाहिए। रात्रि में तेज आवाज में घंटी बजाने से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि घंटी की ध्वनि कुछ क्षण तक गूंजनी चाहिए, जिससे सकारात्मक कंपन उत्पन्न हो।

# पूजा के बाद बची सामग्री का क्या करना चाहिए?



चाहे घर में छोटी पूजा हो या कोई बड़ा धार्मिक अनुष्ठान, पूजा के बाद कुछ सामग्री का बच जाना आम बात है। भोग, फूल, माला या अन्य चढ़ाई गई चीज़ों का दोबारा पूजा में इस्तेमाल नहीं किया जाता, ऐसे में अक्सर यह

**फूल माला और हल्दी-कुमकुम का आसान उपयोग**

सवाल उठता है कि इन्हें सही तरीके से कैसे निपटाया जाए। कुछ सामग्री ऐसी होती हैं जिन्हें पूजा घर में सुरक्षित रखा जा सकता है, लेकिन कई वस्तुएं ऐसी होती हैं जिनके लिए उचित और सम्मानजनक तरीका अपनाना जरूरी होता है। पूजा से जुड़ी वस्तुओं के निपटान में साफ़-सफाई और धार्मिक नियमों के साथ-साथ पर्यावरण का ध्यान रखना भी बेहद ज़रूरी है। इसलिए पूजा में हमेशा सात्विक और प्राकृतिक चीज़ों का ही उपयोग करें और प्लास्टिक या अन्य नुकसानदायक सामग्री से बचें। आगे जानते हैं कि पूजा के बाद बची सामग्री के संबंध में क्या नियम हैं और उन्हें किस तरह सही तरीके से उपयोग या विसर्जित किया जाना चाहिए।

**दीपक में बचा हुआ घी या तेल**

यदि पूजा में रखा गया घी पूरा खत्म नहीं हुआ है, तो उसे संभालकर रख सकते हैं और अगली पूजा में दीया जलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। घी का दोबारा दीपक में प्रयोग करना शुभ माना जाता है। वहीं तेल के मामले में सावधानी रखनी चाहिए। पूजा में इतना ही तेल रखें कि वह दीया जलते-जलते समाप्त हो जाए। पूजा में बचा हुआ तेल किसी अन्य कार्य या भोजन बनाने में इस्तेमाल करना शुभ नहीं माना जाता।

**अक्षत, हल्दी और कुमकुम**

पूजा में अर्पित की गई अक्षत, हल्दी और कुमकुम को दोबारा पूजा में प्रयोग नहीं किया जाता। इन्हें तुलसी के पौधे या पीपल के वृक्ष में अर्पित करना श्रेष्ठ माना गया है। चाहें तो इन्हें स्वच्छ जल में प्रवाहित भी कर सकते हैं। अक्षत को चिड़ियों को डालना भी एक अच्छा और पुण्यकारी उपाय है। ध्यान रखें कि जहां ये सामग्री डाली जाए, वह स्थान साफ हो और वहां किसी का पैर न पड़े।

**पूजा में रखे गए फल और प्रसाद**

भगवान को अर्पित किया गया भोग और प्रसाद सभी में बांट देना चाहिए। यदि फिर भी कुछ बच जाए, तो उसे गाय या आसपास के पशु-पक्षियों को खिला दें। पूजा की खाद्य सामग्री को कूड़े में फेंकना अशुभ माना जाता है, इसलिए इसका सम्मानपूर्वक उपयोग करें।

**पूजा में उपयोग किए गए वस्त्र**

पूजा में चढ़ाए गए या उपयोग किए गए वस्त्र दोबारा पूजा में लगाए जा सकते हैं। यदि वे पहनने योग्य हों, तो उन्हें जरूरतमंद लोगों को दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पूजा में उपयोग किए गए फूल और माला**

पूजा के फूल और माला को कभी भी कूड़े में नहीं फेंकना चाहिए। इन्हें गमले की मिट्टी में दबा सकते हैं या किसी पवित्र पेड़ की जड़ में डाल सकते हैं। इससे ये प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता।

**पूजा में उपयोग की गई बाती या रुई**

पूजा में जली या उपयोग की गई बाती को तुलसी के पौधे के पास रख देना या किसी पवित्र स्थान की मिट्टी में दबा देना उचित माना जाता है। इसे इधर-उधर फेंकने से बचें।

# मंदिर दर्शन के बाद सीढ़ियों पर क्यों बैठते हैं भक्त?

सनातन धर्म में मंदिर दर्शन को केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और मानसिक शांति का साधन माना गया है। अक्सर देखा जाता है कि मंदिर में

**क्या है इसके पीछे की धार्मिक मान्यता**



देवदर्शन के पश्चात श्रद्धालु तुरंत घर लौटने के बजाय कुछ समय मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करते हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इसके पीछे केवल शारीरिक थकान नहीं, बल्कि गहरी धार्मिक, पौराणिक और आध्यात्मिक मान्यताएं निहित हैं।

**1. दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने की परंपरा**

धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिर में ईश्वर का वास होता है, जहां सकारात्मक और सात्विक ऊर्जा का प्रवाह अत्यंत प्रबल रहता है। गर्भगृह में दर्शन करते समय भक्त का मन सांसारिक विचारों से मुक्त होकर ईश्वर में एकाग्र हो जाता है। ऐसे में सीढ़ियों पर कुछ देर शांत भाव से बैठना उस दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने का माध्यम माना जाता है। इससे मन में उत्पन्न शांति स्थायी होती है और भक्त को आध्यात्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

**2. पौराणिक कथाओं में विश्राम का उल्लेख**

पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में वर्णन मिलता है कि ऋषि-मुनि एवं साधक देवदर्शन के बाद तुरंत सांसारिक जीवन में नहीं लौटते थे। वे मंदिर प्रांगण या सीढ़ियों पर बैठकर ध्यान, जप या मौन साधना करते थे। मान्यता है कि ऐसा करने से ईश्वर की कृपा हृदय में स्थिर होती है। यदि दर्शन के तुरंत बाद व्यक्ति बाहरी दुनिया की हलचल में लौट जाए, तो दर्शन का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

**3. आध्यात्मिक और भौतिक जगत के बीच संतुलन**

मंदिर की सीढ़ियों को धार्मिक दृष्टि से एक संक्रमण स्थल माना गया है। यह स्थान आध्यात्मिक लोक और सांसारिक जीवन के बीच सेतु का कार्य करता है। यहां बैठने से मन धीरे-धीरे भक्तिभाव से सामान्य अवस्था में आता है। यह संतुलन मानसिक अशांति से बचाता है और व्यक्ति को सहजता से अपने दैनिक जीवन में लौटने में सहायता करता है।

**4. योग और आयुर्वेद की दृष्टि से महत्व**

योग एवं आयुर्वेद के अनुसार दर्शन के समय शरीर की इंद्रियां और मन अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। इससे ऊर्जा का प्रवाह तेज हो जाता है। ऐसे में कुछ समय शांत बैठना शरीर और मन को संतुलन प्रदान करता है। सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करने से रक्तचाप सामान्य रहता है, मन स्थिर होता है और एकाग्रता बढ़ती है। यही कारण है कि साधक और वृद्धजन इस परंपरा का विशेष पालन करते हैं।

**5. विनम्रता और अहंकार त्याग का प्रतीक**

भूमि या सीढ़ियों पर बैठना धार्मिक रूप से विनम्रता और समर्पण का प्रतीक माना गया है। इससे भक्त के भीतर यह भाव जागृत होता है कि ईश्वर के सामने सभी समान हैं। यह परंपरा व्यक्ति के अहंकार को शांत करती है और जीवन में सरलता व संतुलन लाने में सहायक बनती है। यही संस्कार धीरे-धीरे सामाजिक व्यवहार में भी दिखाई देता है।

# हनुमान मंदिर से लौटते ही बदलें रास्ता, शनि पीड़ा से मिलेगी मुक्ति



अक्सर लोगों से यह सुनने को मिलता है कि जिस रास्ते से हनुमान मंदिर जाना चाहिए, फिर उस रास्ते से वापस नहीं लौटना चाहिए। बता दें कि यह मान्यता हिंदू धर्म की परंपराओं और ज्योतिषीय सिद्धांतों पर आधारित है। जिसका सीधा संबंध हनुमान जी और शनिदेव भगवान से है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि आखिर हनुमान मंदिर जाने के बाद उसी रास्ते से वापस क्यों नहीं लौटना चाहिए।

**क्या है ज्योतिषीय कारण-** हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है और माना जाता है कि वह अपने भक्तों की शनि की साढ़े साती, ढैय्या और अन्य अशुभ प्रभावों से रक्षा करते हैं। इसलिए मंदिर से वापस आने के बाद रास्ता बदलने का नियम सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि जीवन की नकारात्मकता और बाधाओं को वहीं पर छोड़े जाने का प्रतीकात्मक तरीका है। माना जाता है कि जब कोई भक्त संकटमोचन हनुमान जी के मंदिर जाता है, तो वह अपने कष्ट, दुख, दुर्भाग्य और शनि से जुड़े दोष लेकर जाता है। वहीं मंदिर में दर्शन और पूजा करने से बाद यह सारे दोष, बाधाएं और नकारात्मक ऊर्जा वहीं छूट जाती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक अगर आप फिर उसी रास्ते से जाते हैं, तो आप उन अशुभ प्रभावों और बाधाओं को अपने साथ लेकर आते हैं, जिनको आप मंदिर में छोड़ आए थे। वहीं अलग रास्ता अपनाना एक नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

ऐसा करना यह दर्शाता है कि आपने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया है। आप अब एक नए, बाधा मुक्त और शुभ मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। यह नियम और परंपरा जीवन में पुराने कष्टों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और सकारात्मकता के मार्ग पर चलने का संकेत देता है। रास्ता बदने से जातक यह निश्चित करता है कि आप पुरानी समस्याओं को वापस अपने घर नहीं लाएंगे। हनुमान जी की पूजा करने और प्रसन्न करने से शनिदेव शांत होते हैं। ऐसे में मंदिर से लौटते हुए जब आप रास्ता बदलते हैं, तो यह शनि के अशुभ प्रभाव को निष्क्रिय करने का तरीका माना जाता है।

यह क्रिया बताती है कि आप शनि के दोषों से मुक्त होकर एक नए और सुरक्षित मार्ग को चुन रहे हैं। जिस पर हनुमान जी की सुरक्षा बनी है। इसलिए अधिकतर भक्त हनुमान मंदिर से वापस आते समय रास्त बदलने के नियम का पालन करते हैं।

# गणपति को मोदक क्यों है इतना भाता

गणेश उत्सव पर भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरह के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। गणपति बप्पा को इनमें से सबसे ज्यादा मोदक का प्रसाद चढ़ाया जाता है। वहीं लोगों के बीच यह मान्यता है कि मोदक भगवान गणेश को सबसे ज्यादा पसंद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर भगवान गणेश को मोदक का भोग ही क्यों लगाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके पीछे की धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं क्या है।

**मोदक का प्रसाद चढ़ाने का धार्मिक महत्व**

धार्मिक शास्त्रों में मोदक को ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। मोदक का आकार गोल होता है, जोकि पूर्णता और सुख-समृद्धि को दर्शाता है।

मान्यता है कि मोदक खाने से मन और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शुद्ध दूध तैयार किया जाता है। मोदक भगवान गणेश को अतिप्रिय हैं। साथ ही लोगों को भी इसका प्रसाद अच्छा लगता है। इसको बनाने के लिए किसी भी चीज का अधिक इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इसको शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसलिए मोदक बप्पा को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है।मोदक का मीठा स्वाद हमें यह संदेश देता है कि ज्ञान का फल हमेशा मधुर होता है।

भगवान गणेश को 21 मोदक का भोग लगाने की परंपरा काफी लंबे समय से चलता आ रहा है। 21 संख्या ब्रह्मांड की 21 ऊर्जा शक्तियों का प्रतीक मानी जाती है। मोदक चावल के आटे, नारियल और गुड़ से बनाए जाते हैं। जोकि शररी को ऊर्जा प्रदान करते हैं। मोदक को दूध से बने खोए से भी बनाया जाता है और यह शुद्ध होता है।



मोदक को आप व्रत में भी खा सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 7 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे सप्तमी तिथौ मंगल वासरे 13/26/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 16/25/ शोभन योग 14/31/ बव करणे 13/26/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक/ शीतलाष्टमी/ कालाष्टमी।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव से बचें। यात्रा की संभावनाएं बनेंगी। व्यय अधिक होगा।

**वृष :** रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा। गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयास भलीभूत होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा न करें। सम्बन्धों में विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग रहेगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। कामी पर सेन रखे। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। धन, सम्मान, यश की प्राप्ति होगी।

**धनु :** भगवती सरस्वती जी की उपासना आपके लिए लाभकारी होगी। समय के महत्व को समझें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मकर :** धन प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुल पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। सम्बन्धों में निकटता आयेगी।

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नम :-**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**-इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ क्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा**- यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

**श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा**

यह गणेश जी का शक्तिशाली मंत्र है। इसे जपने से सफलता, खुशियां और मन्नत पूरी होना सुनिश्चित होती है। जीवन में आने वाली परेशानियों को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए इसे नियमित रूप से जपना चाहिए।

**मंत्र जाप के लाभ**-नौकरी में प्रमोशन और सफलता की संभावना बढ़ती है।कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ता है। मानसिक तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में गति आती है। भगवान की कृपा और शुभ अवसर प्राप्त होते हैं।

# गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के माग

हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं। **गीता के सफलता मंत्र हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्। तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।** इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

इसका श्लोक का अर्थ है कि, आपका अधिकार केवल कर्म करने में है, उसके फल पर नहीं। इसलिए तुम्हें कर्म के फल के लिए चिंतित नहीं होना चाहिए और न ही कर्म न करने में आसक्त होना चाहिए।




# तहसील दिवस में डीएम-एसपी का सख्त संदेश : लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** शनिवार को आयोजित टीईटी परीक्षा के कारण इस बार संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन सोमवार को मधुबन तहसील सभागार में किया गया। जिलाधिकारी आनंद वर्धन और पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे लोगों की लंबी कतारें तहसील गेट से लेकर सभागार तक दिखाई दीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 135 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि तीन गंभीर मामलों में तत्काल राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देशों के साथ सौंपा गया।तहसील परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। फरियादियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों ने लोगों को पांच-पांच की संख्या में सभागार के भीतर भेजा। प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत रखने की अनुमति दी गई। सुरक्षा व्यवस्था के चलते व्यवस्था तो बनी रही, लेकिन गेट पर लंबी कतारें भी देखने को मिलीं। भीषण उमस और गर्मी ने तहसील दिवस में पहुंचे सभी लोगों की परीक्षा ली। फरियादी, अधिकारी और कर्मचारी सभी पसीने से तर-बतर नजर आए। इसके बावजूद अधिकारी लगातार लोगों की शिकायतें सुनते रहे और समस्याओं के समाधान में जुटे रहे। जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल जनसमस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक फरियादी की शिकायत बार-बार तहसील दिवस या जनता दर्शन में आ रही है तो यह संबंधित अधिकारी की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने तहसील के विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों की स्थिति पर भी नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रिकॉर्ड की औचक जांच भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन और तहसील दिवस का उद्देश्य यही है कि आम नागरिक को न्याय के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसलिए प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने भी पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मधुबन थाने के हेड मुहर्रिर को तलब कर रजिस्टर संख्या-8, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों, अभिलेखों एवं अन्य पुलिस रिकॉर्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।पूछताछ के दौरान कई बिंदुओं पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर एसपी ने नाराजगी जाहिर करते हुए रिकॉर्ड तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि किसी पुलिसकर्मी द्वारा लेन-देन या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। तहसील दिवस के दौरान कुछ महिलाएं अपनी शिकायत लेकर अधिकारियों के सामने पहुंचीं। महिलाओं ने रोते हुए बताया कि उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कमलेश बहादुर ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित क्षेत्र में पुलिस बल भेजकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पूरे तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार एक-एक शिकायत की समीक्षा करते रहे। राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर दिखाई देना चाहिए। इस अवसर पर बीएसए संतोष कुमार उपाध्याय, एसीएमओ डॉ. बी.के. यादव, जिला कृषि अधिकारी सोमप्रकाश गुप्ता, एसडीएम (प्रशासनिक) सत्यप्रकाश, एसडीएम (न्यायिक) दीपक सिंह, तहसीलदार डॉ. धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद कुमार अग्रहरी, बीडीओ अनिल मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर पटेल, ईओ संतोष वर्मा, सीडीपीओ सोमप्रकाश तिवारी, विद्युत विभाग के एक्सईएन श्रीप्रकाश, एसडीओ सतीश चौहान, क्षेत्राधिकारी दिनेश दत्त मिश्रा, मधुबन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, रामपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने नवप्रवेशित बच्चों को बांटी किताबें



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मऊ जनपद के नगर पंचायत मधुबन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर शामिल हुए। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने तिलक, पुष्पवर्षा और बैंड-बाजे के साथ दोनों अधिकारियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही तीन नवप्रवेशित बच्चों का औपचारिक नामांकन कर उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कीं। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित वातावरण और अनुशासित शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने तथा अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शिक्षा विभाग के कार्यों की भी सराहना की। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने भी विद्यालय की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सुंदर पटेल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### खुरहट में स्कूली वाहनों की जांच

**स्वतंत्र भारत मऊ।** के खुरहट क्षेत्र में परिवहन एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने स्कूली वाहनों की जांच अभियान चलाकर 16 वाहनों का चालान किया। परिवहन विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधकों को 10 जुलाई 2026 तक वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा का पालन न होने पर विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी।

### जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला महिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में 10 नवजात बालिकाओं का स्वागत कर बेबी किट वितरित की गई। परिजनों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया।

### हज-2027 के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** में हज-2027 यात्रा के इच्छुक लोगों के लिए राज्य अनुदानित मदरसों एवं मदरसा अरबिया खैरूल मदरसा, घोसी में हज सुविधा शिविर लगाए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 है। इच्छुक आवेदकों से समय रहते आवेदन करने और आवश्यक जानकारी के लिए हज सुविधा शिविर या जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से संपर्क करने की अपील की गई है।

### यूनियन बैंक ने बीमा लाभार्थियों को सौंपे दो-दो लाख रुपये के चेक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नीलम देवी और रूबीना को दो-दो लाख रुपये के बीमा दावे के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

### सीईआईआर पोर्टल से मऊ पुलिस ने 20 गुम मोबाइल किए बरामद

**स्वतंत्र भारत मऊ ।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से करीब 5.15 लाख रुपये कीमत के 20 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर सिंह के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में वीवो, रेडमी, सैमसंग, रियलमी और ओप्पो कंपनी के मोबाइल शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने मऊ पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने आमजन से मोबाइल गुम होने पर तत्काल सीईआईआर पोर्टल या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने की अपील

### साइबर ठगी के शिकार का रुपया हुआ वापस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** थाना कोपागंज साइबर पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार बृजेश कुमार निवासी देवकली विशुनपुर के खाते में ठगे गए 18,201 रुपये सफल प्रयास कर वापस कराए। पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस ने लोगों से साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क और जागरूक रहने की अपील की।

### खेत में पिलर उखाड़ने का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नकिहवा धर्मपुर गांव में खेत में लगे पिलर उखाड़ने का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।पुलिस के अनुसार पीड़िता सोनिया, पत्नी नन्दलाल, निवासी नकिहवा धर्मपुर की तहरीर पर घूरा यादव व छोटू यादव, दोनों पुत्र रामकिशुन, निवासी नकिहवा धर्मपुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा संख्या 235/2026 दर्ज किया गया है। घटना 5 जुलाई 2026 को सुबह करीब 9 बजे की बताई गई है, जबकि मुकदमा उसी दिन रात 10:34 बजे दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह कर रहे हैं।

### सरयू नदी के कटान को रोकने के लिए 5.66 करोड़ की परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** बाढ़ और सरयू नदी के लगातार बढ़ते तट कटान से प्रभावित क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने सोमवार को सरयू नदी के दायें तट पर स्थित परसिया देवार एवं धर्मपुर विशुनपुर के मध्य प्रस्तावित तट कटान निरोधक परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि परियोजना की कुल स्वीकृत लागत ?566.16 लाख है। वर्ष 2025 में सरयू नदी ने लगभग 3 किलोमीटर लंबाई और 125 मीटर चौड़ाई तक दायें तट की ओर तीव्र कटान किया है, जिससे नदी का बहाव आबादी की ओर बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए गए तो आसपास के गांवों, कृषि भूमि और मकानों पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ एवं तट कटान प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक चरण का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप, पूरी गुणवत्ता और तय समयसीमा में किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।अधिकारियों के अनुसार परियोजना के तहत 1500 मीटर लंबाई में सरयू नदी के दायें तट पर 3:1 स्लोप के अनुसार तट संरक्षण कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही स्टोन बोल्डर लॉन्चिंग एप्रन एवं प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया जाएगा, जिससे तट को मजबूती मिलेगी।

## अठहठा संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील राहगीरों की बढ़ी परेशानी



**स्वतंत्र भारत सेवराई।** तहसील क्षेत्र के मोहम्मदाबाद विधानसभा अंतर्गत अठहठा गांव को जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। करीब दो किलोमीटर लंबी इस सड़क पर 200 से अधिक बड़े-छोटे गड्ढे हो जाने से आवागमन जोखिम भरा बन गया है। सड़क की जर्जर हालत के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन सुगम और सुरक्षित बनाने की मांग की है।

## (6)मंदिर जीर्णोद्धार में न हटाई जाए माता जी की मूल मूर्ति, शास्त्रों का दिया हवाला

स्वतंत्र भारत मऊ। शीतला माता मंदिर मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार और गर्भगृह के विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय सामने आया है। माता जी की मूल मूर्ति (विग्रह) के विस्थापन और पुनर्प्रतिष्ठा को लेकर %ब्राह्मण विकास परिषद% के अध्यक्ष ऋषिकेश पांडेय ने सभी सनातन प्रेमियों और श्रद्धालुओं के समक्ष शास्त्रों की मर्यादा और धार्मिक आस्था से जुड़े कई गंभीर तथ्य रखे हैं। परिषद का स्पष्ट मानना है कि सदियों पुरानी जागृत मूल मूर्ति को अपने स्थान से हटाना न तो शास्त्रीय दृष्टिकोण से उचित है और न ही जनभावनाओं के अनुकूल। विस्थापन से खंडित हो सकती है मर्यादा: जटिल हैं कर्मकांडीय नियम पत्र में शास्त्रीय एवं कर्मकांडीय मर्यादाओं का विशेष उल्लेख करते हुए बताया गया है कि किसी भी जागृत शक्तिपीठ से भगवती की मूर्ति को हटाना कोई सामान्य बात नहीं है। शक्ति दीक्षा की अनिवार्यता: शास्त्रों के अनुसार, शक्ति की मूर्ति को विस्थापित या पुनः प्रतिष्ठित करने का अधिकार केवल उसी आचार्य को होता है जिसने विधिवत %शक्ति दीक्षा% ली हो। दोगुनी जटिल प्रक्रिया: मूर्ति स्थापना की तुलना में उसे वहां से हटाने और दूसरी जगह स्थापित करने में दोगुनी कठिन प्रक्रियाओं (जैसे अंतर-मातृका, बहिर्मातृका और विभिन्न न्यास) का पालन करना पड़ता है, जो अत्यंत जोखिम भरा है।%निर्माल्या% होने का खतरा: दोबारा पूजा नहीं होगी संभव इसलिएसबसे बड़ा धार्मिक संकट यह है कि बिना तत्व धारण और विधिवत विसर्जन के मूर्ति को स्पर्श भी नहीं किया जा सकता। यदि नियमों के अनुसार भगवती का विसर्जन किया जाता है, तो वह मूल मूर्ति %निर्माल्या% (भाव-रहित या विसर्जित वस्तु) की श्रेणी में आ जाती है।शास्त्रों के अनुसार, निर्माल्या वस्तु देवताओं को स्वीकार्य नहीं होती। ऐसी स्थिति में पुरानी मूर्ति की दोबारा पूजा संभव नहीं हो पाएगी और वहां नई मूर्ति स्थापित करनी पड़ेगी। परिषद का कहना है कि कोई भी भक्त यह कभी नहीं चाहेगा कि सदियों पुरानी

## पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप उप जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम चौकिया निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता मु. रफीक पुत्र मु. अय्यूब ने आरोप लगाया है कि ग्राम चौकिया स्थित आराजी संख्या 392 की भूमि पर उनका वर्षों पुराना कब्जा है, जहां उनका पक्का पिलर एवं पशुओं का पगहा (पशुशाला) स्थापित है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग की पैमाइश के दौरान कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से उनकी लगभग 4 बिस्वा 2 धुर भूमि को दूसरे पक्ष के नाम कर दिया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विपक्षी परवेज अंसारी और शाहिद अली को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गलत तरीके से पैमाइश कराई गई तथा उनकी पुश्तैनी भूमि पर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि मामला पहले से न्यायालय में विचाराधीन रहा है, इसके बावजूद उनकी जानकारी के बिना कार्रवाई की गई। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर यथास्थिति बनाए रखने, अवैध कब्जा रोकने तथा दोषी अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनके परिवार के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो सकता है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## न्यायालय के आदेश पर मारपीट

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चकउथ गांव निवासी राजेन्द्र सैनी की तहरीर पर न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, थाना मधुबन में मुकदमा संख्या 236/2026 धारा 3(5), 115(2), 352 एवं 324(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। घटना 30 मार्च 2026 की शाम लगभग 7 बजे की बताई गई है, जबकि मुकदमा 5 जुलाई 2026 को रात 10:38 बजे न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ।इस मामले में हिमांशू सैनी, प्रियांशू सैनी, मधु सैनी, जूही सैनी तथा 4-5 अज्ञात व्यक्तियों को नामजद/आरोपी बनाया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह को सौंपी गई है।

## पीजी कालेज में स्नातक वाणिज्य में आनॅलाइन प्रवेश प्रारम्भ

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में स्नातक वाणिज्य में प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक वाणिज्य में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों की सूची प्रवेश हेतु कालेज की वेबसाइट- www.pgcghazipur.ac.in पर अपलोड कर दी गयी है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन 07 जुलाई 2026 से 08 जुलाई 2026 तक आनलाईन आवेदन- पत्र भर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाईन भरे गए प्रवेश आवेदन -पत्र डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ वाणिज्य विभाग में काउन्सलिंग समिति के समक्ष 09 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 तक प्रस्तुत /जमा करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समयानुसार प्रवेश आवेदन -पत्र व शुल्क जमा न करने पर उक्त सीट रिक्त मानी जायेगी और पुनः प्रवेश हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। प्रवेश हेतु जारी सूची से रिक्त सीटों पर उक्त सूची से बाहर के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने प्रवेश में डिजिटल इण्डिया एवं पूर्ण पारदर्शिता की नीति अपनाते हुए Online Counselling (आनलाईन काउन्सलिंग) की व्यवस्था की गयी है। आनलाईन काउन्सलिंग द्वारा अभ्यर्थी अपने घर बैठे पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रवेश आवेदन- पत्र भर सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने सम्मानित अभिभावकों से अपील की है कि समय रहते अपने पाल्यों का आवेदन-पत्र आनलाईन भरवाकर सम्बन्धित अभिलेखों की मूल-प्रति के साथ काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत / जमा करने में सहयोग करें। प्रवेश के लिए सभी प्रक्रिया आनलाईन है।

## यातायात पुलिस ने किया 194 वाहनों का चालान

**स्वतंत्र भारत बिरनो गाज़ीपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गाज़ीपुर यातायात पुलिस ने बिरनो टोल प्लाजा पर व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 194 वाहनों का चालान किया गया तथा लगभग ?3,58,500 का जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में पूरे दिन हड़कंप की स्थिति बनी रही। यह विशेष अभियान अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक गाज़ीपुर डॉ. ईरज राजा के पर्यवेक्षण में दिनांक 04 जुलाई 2026 को संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री राकेश कुमार मिश्र, एआरटीओ गाज़ीपुर, क्षेत्राधिकारी यातायात, यातायात निरीक्षक श्री बालेंद्र कुमार तथा थानाध्यक्ष बिरनो ने संयुक्त रूप से किया। अभियान को प्रभावी एवं व्यापक बनाने के लिए कुल 8 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने बिरनो टोल प्लाजा पर आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से ड्रंकन ड्राइविंग, प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म तथा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ([illegible]) की जांच की। जांच के दौरान नशे की हालत में वाहन चला रहे एक चालक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग कर रहे 3 वाहनों, [illegible]नंबर प्लेट एवं नंबर प्लेट संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 वाहनों तथा ब्लैक फिल्म लगी 17 गाड़ियों का चालान किया गया। अन्य विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी बड़ी संख्या में चालान किए गए, जिससे कुल 194 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग ?3 लाख 58 हजार 500 का अर्थदंड लगाया गया। यातायात अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि आमजन में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नशे की हालत में वाहन चलाना, अवैध प्रेशर हॉर्न का प्रयोग, ब्लैक फिल्म लगाना तथा बिना निर्धारित मानकों वाली नंबर प्लेट का इस्तेमाल सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में भविष्य में भी लगातार विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। निर्धारित मानकों के अनुरूप नंबर प्लेट लगाएं, वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं, प्रेशर हॉर्न एवं ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें तथा किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का मुहम्मदाबाद गोहना में भव्य स्वागत



**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का सोमवार शाम मुहम्मदाबाद गोहना पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक सहित विभिन्न स्थानों पर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। भाजपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पूनम सरोज के नेतृत्व में सुरहुरपुर और कैलेंडर तिराहे से भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई, जो शहीद चौक पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। इस दौरान विनोद राय का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री श्रीराम सोनकर तथा भाजपा नेता अखंड प्रताप सिंह ने भी अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया।शहीद चौक पहुंचने पर विनोद राय ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पुनः पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और विकास की गति को आगे बढ़ाएगी। स्वागत के अंत में उन्होंने पूनम सरोज को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, डॉ. उमेश सरोज, अंकित सरोज, छोटू प्रसाद, जनार्दन शर्मा, लालजी वर्मा, भूपेंद्र सिंह, पंकज सिंह, ओमकार सिंह, संजीव द्विवेदी, चंकी बाबा, प्रदीप कुमार राय, ज्ञानिश शुक्ल ज्ञानी, संदीप राय रिंकल, सूरज सिंह, भाग्यराज सोनकर, ऋतुराज सोनकर, राजकुमार गुप्ता, पारस सोनकर, अजित जायसवाल, जीवन मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल में अनुज ने जीता स्वर्ण

**स्वतंत्र भारत सेवराई (गाजीपुर)।** इंदिरा गांधी स्टेडियम, गाजीपुर में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल-2026 में सनबीम स्कूल, दिलदारनगर के कक्षा 10 के छात्र अनुज कुमार गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60ङ्क63 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 27 जुलाई को आयोजित होने वाली मंडलीय जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल के लिए उनका चयन किया गया है। जिला ट्रायल में अनुज ने आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और दमदार खेल का प्रदर्शन कर निर्णायकों को प्रभावित किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही उन्होंने मंडलीय प्रतियोगिता में गाजीपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया। मंडलीय जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल में गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर और चंदौली के प्रतिभाशाली मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 10 से 13 अगस्त 2026 तक चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपने-अपने मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुज की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## यूपीआई से अवैध धन लेने के आरोप में लेखपाल निलंबित, विभागीय जांच शुरू

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर के लेखपाल उपेंद्र कुमार को भ्रष्टाचार और सरकारी दायित्वों में लापरवाही के आरोप में उपजिलाधिकारी सेवराई ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार सेवराई की 30 जून 2026 की आख्या में समाचार पत्रों एवं अन्य स्रोतों के आधार पर आरोप लगाया गया है कि लेखपाल उपेंद्र कुमार ने एक व्यक्ति से अपने निजी बैंक खाते में यूपीआई के माध्यम से अवैध रूप से धनराशि प्राप्त की। मामले में उन्हें 27 जून 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्होंने कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। आदेश में यह भी उल्लेख है कि उपेंद्र कुमार अपने लेखपाल क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे हैं तथा दूरभाष से संपर्क करने पर उनका मोबाइल फोन भी बंद मिला। इसे उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही माना गया है। उपजिलाधिकारी सेवराई ने दोनों आरोपों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। निलंबन अवधि में उपेंद्र कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। साथ ही उन्हें प्रत्येक माह यह प्रमाण पत्र देना होगा कि वे किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार या व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। निलंबन अवधि में उन्हें राजस्व निरीक्षक कार्यालय से संबद्ध किया गया है और प्रत्येक कार्यदिवस पर उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। मामले की जांच के लिए नायब तहसीलदार दिलदारनगर को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## दहेज हत्या और हत्या के मामले में दो आरोपियों की जमानत खारिज

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार यादव तृतीय ने दहेज हत्या व हत्या के मामले में दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। जिला जज ने यह आदेश बचाव पक्ष और प्रभारी डीजीसी फौजदारी के तर्कों को सुनने तथा केस डायरी का अवलोकन करने के बाद पारित किया।पहला मामला घोसी थाना क्षेत्र का है। वादी मुकदमा अवधेश चौहान थाना रानीपुर निवासी फतेहपुर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई। आरोप है कि वादी ने अपनी पुत्री गुंजन की शादी 10 जून 2016 को मनोज चौहान कुचहरा निवासी से किया था शादी के बाद पति मनोज, देवर मुकेश, सास दुलारी व ननद सरिता दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे । दिनांक 14 मई 2026 की सुबह में पेट में लात मारा जिससे चार माह गर्भ सहित उसकी मृत्यु होगी। मामले में आरोपी घोसी थाना क्षेत्र के कुचहरा गांव निवासी देवर मुकेश पुत्र मूलचंद की ओर से जमानत के लिए अर्जी दी गई। अर्जी पर बचाव पक्ष और प्रभारी डीजीसी फौजदारी अजय कुमार सिंह के तर्कों को सुनने तथा केस डायरी का अवलोकन करने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दिया।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष म. नृत्यगोपाल दास की तबियत खराब होने के बावजूद चम्पत राय और डा. अनिल मिश्रा नहीं आये देखने

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास ने रामलला के दरबार में हुई चोरी की घोर निंदा करते हुए कहा कि ऐसा पाप नहीं करना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि मैं इधर काफी दिनों से बीमार था और लखनऊ मेदांता हास्पिटल में मुझे भर्ती कराया गया, वहां के डॉक्टरों ने मुझे ईश्वर की कृपा से भेजा। आज मैं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में भाग ले सका। मुझे इस बात का दुख है कि ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय बंसल और वरिष्ठ सदस्य डा. अनिल मिश्रा मुझे देखने तक नहीं आये। यह कैसा गुरूर है। इतना घिनौना काम इन लोगों के रहते



मंदिर परिसर में हुआ, जितना भी इसका विरोध किया जाय कम नहीं है, लेकिन मैं इतना जानता हूं कि भगवान राम इसका निर्णय लेंगे। गुरूर तो रावण का नहीं चला, तो हम लोग तो इंसान हैं। आज की बैठक में जो निर्णय लिया गया, उससे हम सहमत भी हैं और मेरी मंशा है कि भगवान राम की जो भी सेवा करे वह निष्पक्ष भाव से करे। ईश्वर ने ही तो सबको दिया है और जो यह पैसा आ रहा है उनके मंदिर में और मंदिर के देखभाल में खर्च हो रहा है। और उसी मंदिर परिसर में हजारों लोग नौकरी भी कर रहे हैं, उनका जीविकोपार्जन भी चल रहा है। ऐसे लोगों से मेरा अनुरोध है कि इस तरीके का कार्य न करें और मंदिर की सेवा में लगे रहें। बहुत बड़ा पाप हुआ है। श्रद्धालुओं का पैसा लेना यह बहुत बड़ी दुख का विषय है। यह कैसे हम लोग इसका जीतेंगे, यह समय आने पर दिखेगा। आज मैं ईश्वर की कृपा से यहां बैठा हूं और मीटिंग में भाग ले रहा हूं। ईश्वर सबका भला करे।

# क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम को भावभीनी विदाई



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम के जनपद रायबरेली स्थानांतरण पर रुदौली कोतवाली परिसर में सर्किल रुदौली की ओर से भावभीनी विदाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्राधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर रुदौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, चर्चित क्राइम इंस्पेक्टर रुदौली शत्रोधन यादव, मवई थाना अध्यक्ष मनोज कुमार, पटरंगा थाना अध्यक्ष शशिकांत यादव, बाबा बाजार थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# राम मंदिर के चढ़ावा चोरी की पहली ट्रस्ट की बैठक में अयोध्या में सन्नाटा पसरा रहा और सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम



फोटो- गुलजार

# अम्बेडकरनगर में समाधान दिवस पर आये कई मामले

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील जलालपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक-एक कर जनसामान्य की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर यथासंभव मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण कराया। जिन प्रकरणों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार, गुणवत्ता के साथ एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी, प्रभावी एवं जनसंतुष्टि के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान प्रशासन की



सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जलालपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 111 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई जिसमें से 09 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील टांडा में 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 05 का निस्तारण किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। तहसील आलापुर में 142 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील अकबरपुर में 98 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील भीटी में 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# कैंसर से जूझ रहे सपा नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजी सहायता राशि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे वरिष्ठ नेता राम रंग यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दी गई, पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देकर स्वस्थ होने की कामना की। आज समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामरंग यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दी गई रुपये 5,00000 की आर्थिक मदद की। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज में या पार्टी में जब भी कोई गंभीर बीमारी से पीड़ित होता है तो जिसको जैसी आवश्यकता होती है उसकी मदद करते रहते हैं उन्होंने कहा यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि संवेदनाओं आत्मयता और अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के प्रति परिवार जैसा स्नेह रखने की भावना का सशक्त उदाहरण है उन्होंने ईश्वर



से प्रार्थना की श्री राम रंग शीघ्र पूर्णतया स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय जीवन में लौटे प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ऐसे एक नेता है जो सरकार में ना रहते हुए भी अयोध्या विधानसभा में बिना किसी जाति धर्म या पार्टी को देखें बिना कैंसर जैसी बीमारी या अन्य किसी प्रकार की परेशानी से जूझ रहे बहुत से लोगों को अपने स्वयं के आर्थिक मदद से एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा दी गई मदद को घर-घर जाकर प्रदान किया है एवं आगे आवश्यकता पड़ने पर भी उन्होंने अपने पास से मदद करते हुए सभी के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा अयोध्या विधानसभा की जनता उनके व्यवहार कुशलता एवं मेहनत को देखते हुए आने वाले 2027 की विधानसभा चुनाव में अयोध्या से इन्हें पूर्ण बहुमत से जीता कर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनाएंगे जिससे प्रदेश में फिर से अमन चैन एवं तरक्की आ सके।

# सोद्देश्य हुई है मनुष्यों की उत्पत्ति : मौलाना मूनिस

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** रब ने मनुष्यों की उत्पत्ति अकारण नहीं, बल्कि एक विशेष उद्देश्य के तहत किया है। इसका उल्लेख पवित्र पुस्तक कुरान में दर्ज है। लिहाजा प्रत्येक व्यक्ति को अपने पारिवारिक व सामाजिक



उत्तरदायित्वों का न केवल ज्ञान होना चाहिए, बल्कि उनका भली-भांति निर्वहन भी करना चाहिए। उक्त तथ्य मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास मूनिस ने बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में प्रस्तुत किया। वह डॉ. आमिर अब्बास लकी और समी अब्बास की ओर से डॉ. मोहम्मद हसन, नबी हसन व अली हसन आदि के पुण्य हेतु आयोजित मजलिस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अल्लाह ताला के हवाले से कहा कि हमने इंसानों को अशरफ-उल-मख्लूकात यानी फरिश्तों पर वरीयता यूं ही नहीं प्रदान की है। माबूद का मकसद यह है कि तुम उसकी इबादत मशगूल रहो। और यह इबादत सांस जारी रहने तक चलती रहनी चाहिए। मौलाना ने आगे कहा कि सिर्फ नमाज, रोजा, हज, जकात, खुम्स इत्यादि ही इबादत नहीं है अपितु मर्जी-ए-इलाही की खुशनूदी के लिए उठाया गया हर कदम इबादत है। अतिथियों की आवभगत, लोगों की समस्या में सहायक बनना, निर्धनों की सहायता, बीमारों का हालचाल लेना, शिक्षा देना भी इबादत की श्रेणी में आता है। शायर आरिफ अनवर अकबरपुरी के संचालन में अनेक लोगों ने पेशखानी, कासिम मेहदी सोजखानी और अंजुमन अब्बासिया सिरौली-सुल्तानपुर नौहोमातम किया। वसी रजा, यासिर, अज्मी, रेहान अब्बास, चांद बाबू आदि ने अतिथियों की सेवा सत्कार किया।

# विधायक ने जनता दरबार में सुनीं समस्यायें



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली स्थित डाक बंगले पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव द्वारा जनता दरबार का आयोजन कड़ाके की पड़ रही भीषण गर्मी में भी जारी रहा। सुबह से ही जनता दरबार में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी अपनी जन समस्याएं लेकर डाक परिसर पहुंचे। श्री विधायक ने समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना। और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दरबार में बिजली, पेयजल, सड़क, राजस्व, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन एवं पुलिस से जुड़े मामलों की शिकायतें प्रमुख रूप से आई थी। वही विधायक रामचंद्र यादव ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर तेज़ तिवारी, सत्य प्रकाश यादव, गन्ना समिति अध्यक्ष निर्मल शर्मा, नगर अध्यक्ष राम राज लोधी, किशोरी लाल भारती, विकास मिश्रा, दिनेश यादव, अनिल लोधी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर पुलिस चौकी अंतर्गत लखनऊ अयोध्या मार्ग पर भेलसर ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही अयोध्या डिपो की सरकारी रोडवेज बस भेलसर ओवरब्रिज के पास यात्रियों को उतारने के लिए उसकी गति धीमी कर बस चालक ब्रेक लगाकर किनारे ही कर रहा था। कि उसी दौरान उसी के पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर बस के पिछले हिस्से में जाकर घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन तुरन्त घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान शुभम गुप्ता उम्र (23) वर्ष पुत्र कन्हैया लाल निवासी हरदोई तथा प्रियांशु उम्र (22) वर्ष पुत्र कामता कश्यप निवासी गाजीपुर लखनऊ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# वर्ल्ड जूनोसिस डे का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मुख्य चिकित्साधिकारी अयोध्या डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया के निर्देशानुसार दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'वर्ल्ड जूनोसिस डे' का आयोजन किया गया, मुख्य जानकारियां : जिला सर्विलांस अधिकारी पीसी भारती के अनुसार, कुत्ता, बंदर, जैकल या सियार के काटने पर केवल (ज्यादा गहरे घाव) वाले मरीजों को ही 'रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन' इंजेक्शन लगाया जाएगा। डॉ.अरविंद श्रीवास्तव (एपिडेमियोलॉजिस्ट) ने रेबीज वायरस के संक्रमण, डॉग बाइट की श्रेणियों और रेबीज वैक्सीन के सही समय व डोज (खुराक) की जानकारी दी। अन्य बीमारियां: कार्यक्रम में बच्चों को डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के तरीके भी सिखाए गए। इस मौके पर समाजिक कार्यदायी संस्था व्योमिका की अध्यक्ष एकता भटनागर के समन्वय से डॉ दीपिका चंद्रा ने भी बच्चों को अन्य जूनोटिक डिजीज के बारे में बताया इस अवसार पर स्कूल प्रबंधक रमेश मदान, काउंसलर शालू भला अध्यापिका नेहा खानम, सृष्टि मौर्या, निधी सिंह, सोनम जायसवाल, ममता मौर्या, डाटा एंट्री ऑपरेटर कुलदीप सिंह सहित अन्य स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# आज कांग्रेस निकालेगी सद्बुद्धि यात्रा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उतर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित मंदिर में चढ़ावे से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना हेतु दिनांक 07 जुलाई को सुबह 11बजे कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से रिकाबगंज हनुमान गढ़ी तक 'सद्बुद्धि यात्रा 'निकाली जाएगी उक्त आशय कीजानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला ने प्रेस को दी। श्री पाठक ने बताया प्रमुख मांगें 1-पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। श्रीराम मंदिर की व्यवस्था पूर्ण पारदर्शिता एवं श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप संचालित की जाए। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह एवं महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने जिला तथा महानगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के साथी, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी तथा समस्त फ्रंटल संगठन के अध्यक्षों एवं उनकी कमेटियों से अनुरोध किया है कि समय से उपस्थित होकर इस शांतिपूर्ण को सफल बनाएं।

# बेल्ट परीक्षा पास कर 100 खिलाड़ी हुए सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कौशलपुरी कॉलोनी स्थित बलदेव एकेडमी में रविवार को अयोध्या कराटे एकेडमी द्वारा बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें 100 खिलाड़ियों को बेल्ट व सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप' शामिल हुए। वहीं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ अयोध्या के अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने बच्चों की सराहना की और कहा अयोध्या कराटे एकेडमी लगातार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने का प्रयास कर रही हैं। ग्रीन से पर्पल बेल्ट - दिव्यांका श्रीवास्तव, अविका सिंह, सिद्धार्थ शर्मा, शैलजा निषाद, आराध्य सिंह, यश यादव। इस अवसर पर कोच रमेश विश्वकर्मा, कोच प्रखर उपाध्याय, बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम की मनायी पुण्यतिथि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबू जगजीवन राम जी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कमला नेहरू भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक माधव प्रसाद रहे। जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। स्वतंत्रता संग्राम



से लेकर देश के विकास तक उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बाबू जगजीवन राम केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे। उन्होंने सदैव गरीबों, किसानों, मजदूरों एवं वंचित समाज की आवाज़ को बुलंद किया। उनका जीवन हम सभी को सामाजिक समानता, लोकतंत्र और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अशोक कनौजिया, कविंद्र साहनी, अशोक कुमार राय, बृहस्पति मणि पांडे, मोहम्मद आरिफ, चंचल सोनकर, डॉ विनोद गुप्ता, रामेंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में 366 शिकायतें, 12 का निस्तारण



**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिले के आला अधिकारियों के आने की उम्मीद लगाए बैठे फरियादियों को निराशा हाथ लगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रस्तावित आगमन के बावजूद दोनों अधिकारी नहीं पहुंचे। इसके बाद मुख्य राजस्व अधिकारी (सी.आर.ओ.) डॉ. गजेंद्र कुमार ने एस.डी.एम. सुधीर कुमार के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 366 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच एवं कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। एसडीएम ने एडीओ पंचायत को तत्काल छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ. राजेंद्र कुमार भिटौरिया, उप निदेशक कृषि पी.के. कनौजिया, सीओ मिल्कीपुर पियूष, नायब तहसीलदार रंजन वर्मा, बीडीओ हरिश्चंद्र सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शशि कुमार अंगियार बने अंगियार सभा गोसाईगंज के उपाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज (सं)** अंगियार सभा गोसाईगंज द्वारा कार्यकारणी की एक बैठक अंगियार सभा के वरिष्ठ संरक्षक अमरनाथ अंगियार के निज निवास पर आहुत की गई। बैठक में काफी दिनों से रिक्त चल रहे उपाध्यक्ष पद के नाम पर विचार विमर्श किया गया



जिसमें शशि कुमार अंगियार कटरा पोस्ट ऑफिस गली 'पूर्व सभासद नगर पंचायत गोसाईगंज' उनके द्वारा समाज के हर कार्यो में समर्पण एवं लगन की भावना को देखते हुए उनके नाम का प्रस्ताव नंदकुमार अंगियार ने किया। जिसे अंगियार सभा के उपस्थित समस्त पदाधिकारीयों ने ध्वनिमत से समर्थन किया। तेज तर्रार एवं युवा नेता शशि कुमार अंगियार के उपाध्यक्ष पद पर चयन के उपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने खुशी का इजहार करते हुए उनका फूल मालाओं से स्वागत किया, अंगियार सभा के अध्यक्ष राजेश कुमार अंगियार ने उन्हें अंग वस्त्र और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु भगवान श्री राम का मोमेंटो देकर सम्मानित किया और अपने अध्यक्षीय संबोधन में उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यो की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक में अंगियार सभा के वरिष्ठ संरक्षक नंदकुमार अंगियार, अमरनाथ अंगियार,संरक्षक गोपीनाथ अंगियार ,अध्यक्ष राजेश कुमार अंगियार, महामंत्री राम जी 'फैंसी ', कोषाध्यक्ष शशिकांत अंगियार, मंत्री श्री ओम प्रकाश अंगियार , सुनील कुमार अंगियार प्रधानाध्यापक (दीक्षा विद्यालय), मीडिया प्रभारी राजेश कुमार अंगियार, वरिष्ठ कार्यकर्ता योगेश कुमार अंगियार , नीलमणि अंगियार, आनंद कुमार 'पप्पू' सूरज अंगियार, संतोष अंगियार आदि लोगों की उपस्थिति रही।



# डीएम ने जन शिकायतों की सुनवाई कर दिए आवश्यक निर्देश

## एक राजस्व निरीक्षक को डीएम ने दी प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एक को जारी किया कारण बताओ नोटिस



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान एक राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एक राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगाह किया कि धारा-24, धारा-116 तथा निर्विवाद वरासत प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि राजस्व वादों के निस्तारण में शिथिलता अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिजीत आर शंकर तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई किए। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम बसडीला निवासी सीमा शर्मा ने अपनी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम सिरजम निवासी रामानंद यादव ने धारा-24 के आदेश के बावजूद भूमि पर कार्य कराने से रोके जाने की शिकायत की, जिस पर उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम अरईपार निवासी बसंत यादव ने अपनी भूमिधरी की जमीन के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होने की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पथरदेवा निवासी प्रेमलता ने अपनी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार एवं थाना प्रभारी तरकुलवा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों की धारा-24 एवं धारा-116 से संबंधित पंजिकाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा धारा-116 का आदेश एक वर्ष पूर्व पारित होने के बावजूद उसका अनुपालन न कराए जाने की शिथिलता पाए जाने पर उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। वहीं विशुनपुरा बाजार के तत्कालीन लेखपाल एवं वर्तमान राजस्व निरीक्षक उपेंद्र प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदारों को निर्देश दिया कि वे लेखपालों एवं कानूनगो के कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा धारा-24 एवं धारा-116 के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। आज आयोजित सदर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 144 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 8 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के 44 -44 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से अन्य विभागों के 02 प्रकरण का निस्तारण हुए। राजस्व विभाग के 42 मामले आए जिसमें से 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा विकास विभाग के 14 प्रकरण फरियादियो द्वारा प्रस्तुत किए गए। अनिस्तारित शेष 136 प्रकरण संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देशों के साथ प्रेषित कर दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उपजिलाधिकारी ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।
जिलाधिकारी ने तहसील सदर परिसर एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवादों पर सख्त हुए डीएम



**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, नाली निकास, वरासत, बैनामा सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। इनमें सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे। इस पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर पहुंचें और विवादों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान चितबड़ागांव क्षेत्र से एक शिकायतकर्ता ने सरकारी तालाब की भूमि पर अतिक्रमण का मामला उठाया। इस सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल-112 मामले आए जिसमें 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिकायत के अनुसार तालाब के किनारे कुछ लोगों द्वारा चार मकान बना लिए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को तालाब की भूमि की पैमाइश कराकर सीमांकन कराने, खूंटा गाड़कर सरकारी भूमि को चिह्नित करने तथा तालाब की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। वहीं विकास खंड सोहांव के ग्राम कोरन्डाडीह के एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग उन्हें उनकी भूमि पर कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। इस पर डीएम ने नरही थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर शिकायत की जांच करने और शिकायतकर्ता को उसकी भूमि पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके का मुआयना कर निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए मामले का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम सदर अभिनेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस की सद्बुद्धि पदयात्रा आज

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में आज 7 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे 'सद्बुद्धि पदयात्रा' का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राम-जानकी मंदिर पर संपन्न होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने जनपद के समस्त कांग्रेस जनों से समय से उपस्थित होकर पदयात्रा को सफल बनाने की अपील की है।उक्त जानकारी कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### आईजीआरएस प्रकरणों में त्रुटिपूर्ण आख्या पर चार अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का पालन न किए जाने पर नगर पंचायत भाटपाररानी, बरियारपुर, मदनपुर एवं बैतालपुर के अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि संबंधित अधिशासी अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शासन के प्रावधानों के अनुरूप नहीं किया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों का समयबद्ध, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।निर्माणाधीन सड़क को पूर्ण कराने एवं नाला निर्माण में ठेकेदार द्वारा अनियमितता से संबंधित प्रकरण में नगर पंचायत भाटपाररानी के अधिशासी अधिकारी, वार्ड संख्या-04 की सड़कों की मरम्मत संबंधी प्रकरण में नगर पंचायत बरियारपुर के अधिशासी अधिकारी, गुलाम हुसैन के प्रकरण में नगर पंचायत मदनपुर के अधिशासी अधिकारी तथा वार्ड संख्या-10 में सड़क एवं नाले के निर्माण संबंधी प्रकरण में नगर पंचायत बैतालपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा त्रुटिपूर्ण आख्या प्रस्तुत किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रदेश मंत्री रजनी पांडे के देवरिया आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला से किया भव्य स्वागत

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री रजनी पांडे के देवरिया आगमन पर जिले के विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे मार्ग पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रदेश मंत्री रजनी पांडे का स्वागत खरोह चौराहा, गौरी बाजार, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय औरा चौरी, पुरवा, सुभाष चौक तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया। प्रत्येक स्वागत स्थल पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष काली प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री का अभिनंदन करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रजनी पांडे ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने सभी से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया। स्वागत करने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, संजय सिंह एडवोकेट, संतोष त्रिगुणायक, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला मंत्री डॉ. हेमंत मिश्रा, अरविंद पांडे 'बबुना', मुकुल मणि त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, भानु प्रताप सिंह, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, प्रेम अग्रवाल, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, पवन कुमार मिश्रा, गोविंद चौरसिया, विजय बेलदार, यशवंत शाही, राहुल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने विकास खंड सदर के 153 विद्यालयों का कराया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचने से पहले वहां उपस्थित अधिकारियों को विकास खंड देवरिया सदर अंतर्गत संचालित बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों का चेकलिस्ट के अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए रवाना किया। निरीक्षण के लिए भेजे गए जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दो-दो विद्यालयों का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई। लगभग 75 अधिकारियों द्वारा विकास खंड देवरिया सदर के 153 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य शिक्षकों में सकारात्मक सोच विकसित करना, उन्हें शिक्षण कार्य के प्रति प्रोत्साहित करना, उनका उत्साहवर्धन करना तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के भौतिक संसाधन, शिक्षण व्यवस्था, बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता, उनके अधिगम स्तर, विद्यालय की निपुणता की स्थिति, पाठ्यपुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, छात्रों एवं शिक्षकों की डिजिटल उपस्थिति, निपुण तालिका का आच्छादन, विद्युत व्यवस्था तथा ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों की वास्तविक स्थिति का प्रमुखता से निरीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निरीक्षण की फीडबैक रिपोर्ट अगले दिन चेकलिस्ट अनुसार पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसकी समीक्षा कर कमियों का निराकरण करते हुए विद्यालयों को और अधिक सक्षम बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा हमारे भविष्य की बुनियाद है। बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें, यह सभी का उद्देश्य होना चाहिए। शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें तथा पठन-पाठन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ संचालन सुनिश्चित करें। शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराई जाएं। यह सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी देश, समाज और परिवार की सबसे बड़ी पूंजी शिक्षित बच्चे होते हैं। इसलिए सभी शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए तथा जनपद को शिक्षा के क्षेत्र में निपुण बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कटान स्थल का किया निरीक्षण

## कटान रोधी कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, तट के बेहतर सुदृढ़ीकरण का शीध्र प्रस्ताव तैयार करें : जिलाधिकारी



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आगामी संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए तहसील सगड़ी के अंतर्गत ग्राम सहबदिया सुल्तानपुर स्थित बाढ़ कटान प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी किनारे कराए जा रहे कटान रोधी कार्यों एवं परकुपाइन संरचनाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी के किनारे हो रहे कटान को रोकने के लिए कराए जा रहे सभी सुरक्षात्मक कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कटान रोधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जहां आवश्यकता हो, वहां प्राथमिकता के आधार पर अतिरिक्त कटान रोधी कार्य कराकर ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम सहबदिया सुल्तानपुर के ग्रामीण बृजेश पटेल से वार्ता कर पिछले वर्ष की तुलना में नदी द्वारा किए गए कटान की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने नदी के बढ़ते कटाव एवं उससे उत्पन्न हो रहे खतरे से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ के दृष्टिगत जनपद के सभी संवेदनशील क्षेत्रों का लगातार स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सहबदिया सुल्तानपुर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि गत वर्ष की तुलना में नदी का बहाव और अधिक अंदर की ओर आ गया है। यद्यपि यहां पूर्व में पत्थरों से डम्पलर का निर्माण कराया गया है, फिर भी उसके पीछे के हिस्से में कटान की स्थिति बनी हुई है तथा नदी का प्रवाह गांव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक तकनीकी एस्टीमेट तैयार कराया जाएगा। शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित कर तट के बेहतर सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना तैयार कराई जाएगी, जिससे भविष्य में संभावित बाढ़ के दौरान कटान को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि तट को प्रभावी ढंग से सुरक्षित किया जाता है तो उसके समीप स्थित गांव एवं तटबंध दोनों सुरक्षित रहेंगे, जिससे बड़ी आबादी को राहत मिलेगी।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कटान से प्रभावित ग्रामीणों के बयान एवं स्थानीय स्थिति का विस्तृत विवरण संकलित कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। उक्त प्रस्ताव प्रमुख सचिव को प्रेषित किया जाएगा, ताकि शासन स्तर से आवश्यक स्वीकृति एवं संसाधन उपलब्ध कराकर कटान रोकने के स्थायी उपाय सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन बाढ़ एवं कटान से प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी कर रहा है तथा जन-धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय रहते आवश्यक सुरक्षात्मक एवं राहत संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने हाजीपुर निर्माणाधीन बंधे का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्तायुक्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सगड़ी श्याम प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमएस ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल का निरीक्षण कर ओपीडी, इमरजेंसी, एमसीएच विंग तथा विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहें, प्रत्येक मरीज का समय से परीक्षण करें तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार करें।

# मकान पर कब्जे और धमकी का आरोप, डीएम से न्याय की गुहार



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ऊदपुर कस्बा फूलपुर से एक मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला ने अपने मकान पर जबरन कब्जे और धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रार्थिनी सुषमा प्रजापति पत्नी विजयबहादुर ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति विजयबहादुर ने अपनी बहन को मकान निर्माण के लिए अपनी जमीन में से एक बिस्वा जमीन दान में दी थी। लेकिन आरोप है कि बहन प्रेमा और उसका बेटा राजकुमार उसी परिवार के मकान पर भी जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र के अनुसार, शुरुआत में उन्हें मेहमान समझकर रुकने दिया गया था, लेकिन बाद में दोनों ने मकान खाली करने से इनकार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि यह मकान उनके पति के नाम है और उन लोगों का उससे कोई कानूनी संबंध नहीं है। आरोप यह भी है कि जब परिवार ने मकान खाली करने को कहा तो दोनों पक्षों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने और बार-बार पुलिस को गलत शिकायत देने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़िता ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाने और न्याय दिलाने की मांग की है। मामला फिलहाल प्रशासनिक जांच के स्तर पर बताया जा रहा है।

# नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का आजमगढ़ में स्वागत



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय के प्रथम आजमगढ़ आगमन पर सोमवार को हरिऔध कला केंद्र में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। गोरखपुर से आजमगढ़ आते समय विभिन्न स्थानों, महुला बाजार, कांखभार, लाटघाट, रजादेपुर, बाजार, जीयनपुर, बाजार, अंजान शहीद, बनकट, शिवालिक हास्पीटल के पास,हाफाजपुर, जुनेदगंज, भवरनाथ, करतालपुर, बवालीमोड, भाजपा जिला कार्यालय, सिविल लाइन्स विभिन्न स्थानो पर भारी संख्या मे उपस्थित कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के नेतृत्व मे शिवालिक मेडिकल कालेज बिजरवा के पास हजारो की सँख्या में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वगत किया।हरिऔध कला भवन में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा सभागार भाजपा के नारों, फूल-मालाओं और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। हरिऔध कला केंद्र परिसर भारत माता की जय वंदे मातरम् और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा। स्वागत समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का प्रतीक था कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण पहले से अधिक मजबूत हुआ है। अपने संबोधन में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सुशासन में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि विनोद राय के नेतृत्व में गोरखपुर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि विनोद राय के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान हरिऔध कला केंद्र भाजपा के रंग में पूरी तरह रंगा दिखाई दिया। मंच को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे समारोह को उत्सव का रूप दे दिया। जगह-जगह स्वागत द्वार, बैनर और पोस्टर लगाए गए थे, जो आयोजन की भव्यता को और बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ0 संतोष कुमार सिंह, घनश्याम पटेल, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह अखिलेश कुमार मिश्रा गुड्डू, जयनाथ सिंह, सच्चिदानंद सिंह, हवलदार सिंह, अरविंद जायसवाल, मंजू सरोज,बंदना सिंह ,श्री कृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय, ऋषिकांत राय, कल्पनाथ पासवान, रामदर्शन यादव, माला द्विवेदी, ऋषिकेश दूबे, पवन सिंह मुन्ना, अवनीश मिश्रा, आनन्द सिंह, विवेक निषाद, जितेंद्र राय हेमेंद्र सिंह, अवनीश चतुर्वेदी मृगांक शेखर सिन्हा, पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# डीएम व एसएसपी की अध्यक्षता में तहसील बूढ़नपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में तहसील बूढ़नपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
जनपद की अन्य तहसीलों में भी नामित अधिकारियों की अध्यक्षता में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी ने बताया कि सर्वाधिक शिकायतें आईजीआरएस, राजस्व एवं विकास कार्यों से संबंधित प्राप्त हुईं। कुछ मामलों का तत्काल निस्तारण कराया गया, जबकि शेष प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए नियमानुसार पैमाइश कर खूंटा गाड़कर कब्जा दिलाया जाए। यदि कोई दबंग व्यक्ति पैमाइश के बाद खूंटा उखाड़ता है अथवा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करता है तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बरसात के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने नगर पंचायत क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था एवं कूड़ा-कचरा हटाने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि जहां कहीं अतिक्रमण के कारण नालियां अवरुद्ध हैं, वहां तत्काल अतिक्रमण हटाकर जल निकासी सुनिश्चित की जाए। निर्देशों का पालन न होने तथा इसके कारण जनस्वास्थ्य प्रभावित होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत अपने विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतों वाले गांवों एवं आईजीआरएस पर अधिक शिकायत प्राप्त गांवों का भ्रमण कर शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करें तथा समस्याओं का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।
उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 140 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.आर. वर्मा, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद, उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, तहसीलदार बूढ़नपुर, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने किया प्रस्तावित आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द निर्माण स्थल का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने तहसील सगड़ी के अंतर्गत ग्राम रामनगर बैजाबारी में प्रस्तावित ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल का जायजा लेते हुए परियोजना को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप मुख्य मार्ग से ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार सड़क की फीलिंग कराई जाए। उन्होंने निर्माण स्थल की भूमि को भी सड़क के निर्धारित स्तर से आवश्यक ऊंचाई तक फीलिंग कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का प्रमुख केंद्र होगा। इस केन्द्र में बाढ़ के समय बाहर से आने वाली एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं अन्य रेस्क्यू टीमों के ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ राहत एवं बचाव कार्यों में प्रयुक्त इमरजेन्सी उपकरण, सामग्री तथा आवश्यक संसाधनों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। यह कदम जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में मदद करेगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) को निर्देश दिया कि ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' के निर्माण का डीपीआर निर्धारित समय के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई समय से सुनिश्चित की जा सके तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सगड़ी श्याम प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड), अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजगढ़ क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू, खेतों की तैयारी में जुटे किसान, अच्छी बारिश न होने से किसान मायूस

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में मानसून की सक्रियता के साथ धान की रोपाई का कार्य शुरू हो गया है। गांव-गांव में किसान अपने खेतों की जुताई, पलेवा और रोपाई की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कई स्थानों पर खेतों में पानी भरने के बाद किसान परिवार और मजदूर मिलकर धान की रोपाई कर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खेती का कार्य गति पकड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी वर्षा होती रही, तो धान की फसल बेहतर होने की उम्मीद है। दिन भर आसमान में छाए बादल लेकिन हल्की वर्षा होने से किसान रहे मायूस । किसान सुनील कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह कृष्ण कुमार जगदीश सिंह मनोज कुमार अजय कुमार संदीप सिंह ने बताया कि आसमान में दिन भर बादल छाए रहे ऐसा लगा कि भारी वर्षा होगी लेकिन हल्की बारिश के साथ मौसम साफ हो गया। जुलाई महीने का एक हफ्ता बीत गया अच्छी बारिश न होने से किसान भी परेशान हो रहा है।जिससे धान फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।राजगढ़ क्षेत्र के खेत इन दिनों हरियाली की ओर बढ़ रहे हैं और धान की रोपाई का कार्य पूरे गांव में कहीं-कहीं देखने को मिल रहा है। किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन मेघ बरस नहीं रहे हैं। जिससे किसान की धान की रोपाई का मात्र एक जरिया बिजली ही बची है। उसी के सहारे किसान अपने धान की नर्सरी को बचाए हुए हैं। अभी तक राजगढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई है।



## तेज बारिश से गर्मी व उमस से मिली राहत, किसानों के खिले चेहरे

हलिया क्षेत्र में सोमवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं के बाद हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया।सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। दोपहर बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश से तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली। इस बारिश से धान की रोपाई कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेतों में नमी आने से खरीफ फसल की बुआई में तेजी आएगी। किसानों का कहना है कि यह बारिश धान, मक्का व सब्जी की फसलों के लिए फायदेमंद है। बारिश के बाद मौसम खुशगवार होने से बाजारों में भी रौनक लौट आई। लोग घरों से बाहर निकलकर खरीदारी करते दिखे। बच्चे भी बारिश में भीगकर आनंद लेते नजर आए। हालांकि कुछ निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में और बारिश की संभावना है।

# मवई कला के पंचशील पब्लिक स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव, किया गया पौधरोपण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया रेंज के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में सोमवार को वन महोत्सव वृक्षारोपण महाअभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों, स्कूल स्टाफ व बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचशील पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक मौर्य, वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ वन विभाग के अन्य कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर स्कूल परिसर में आम, अमरूद समेत छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया।1 से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है। 'आम पौधा लगाओ-पेड़ बचाओ' लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वन दरोगा नीटू शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण बचाने व लगाए गए पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ लगाने से कई जिंदगियां बचती हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन ने वन विभाग का आभार जताया। वन विभाग ने स्कूल को पौधों की सुरक्षा व सिंचाई की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया।



## अदवा फीडर पर पेड़ों की डालियां काटने के लिए 2 घंटे 20 मिनट का शटडाउन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा हलिया उपकेंद्र के अदवा 11 केवी फीडर पर लाइन मरम्मत कार्य के चलते सोमवार को नियोजित शटडाउन लिया गया है।

# 1 किलो 35 ग्राम अभय चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 35 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त की गई चरस की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। यह गिरफ्तारी 6 जुलाई 2026 को सुबह 2:25 बजे दुर्गा जी मोड़, खोवा मंडी के पास से हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान करनल उर्फ सोनू पटेल (25) के रूप में हुई है, जो मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के बाराडीह, उदितनगर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे खोवा मंडी कांशीराम आवास के पास से पकड़ा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन राजकुमार मीणा व क्षेत्राधिकारी चुनार जटाशंकर मिश्र के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक चुनार विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा था।आज दिनांक 06.07.2026 को पं0 दीनदयाल पुरम कॉलोनी बरौधा कचार मीरजापुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने पार्टी के मनीषि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं कोन मंडल के पुरजागीर में वृक्षारोपण किया । पश्चात उसके जिला कार्यालय पर बैठक आहूत हुई जिसमें मा0 प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन की तैयारी की गई । जिलाध्यक्ष जी ने मोर्चों पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी दिया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमंत, रवीन्द्र नारायण सिंह पटेल, गौरव ऊमर, इन्द्र कुमार सिंह, उदयभान तिवारी, जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, डॉ0 सी0एल0 बिन्द, स्वामीनाथ सिंह, जिलामंत्री संध्या पटेल, रोहित त्रिपाठी, अनिल सिंह, वीरेन्द्र यादव, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दूबे, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी के साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय, नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर।

संख्या– 200/न0पं0त0/2026–27 दिनांक– 03.07.2026

### अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर वाटर टैंकर को पुनः उपयोग योग्य बनाये जाने हेतु राज्य वित्त आयोग/निकायनिधि के अन्तर्गत, प्राप्त धनराशि से रिपेयरिंग/मरम्मत कराया जाना है। इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से **दिनांक 10.07.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी कोटेशन/निविदा उसी दिन **अपरान्ह 03:00 बजे** दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सबसे न्यूनतम दर के अल्पकालीन निविदा/कोटेशन को ही स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। कार्य का का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्रम सं० | कार्य का विवरण | ठेकेदार/फर्म द्वारा अंकित किये जाने वाला सबसे न्यूनतम दर | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर टैंकर रिपेयरिंग/मरम्मत कार्य। | ———— | 07 दिन |

**नियम व शर्तें :–**

1. पंजीकृत फर्म/ठेकेदार का ही अल्पकालीन निविदा/कोटेशन मान्य होगा।
2. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन एक या समस्त अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बतायें अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज में निहित होगा।
3. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।** **अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**

## बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI — मांग सूचना

आंचलिक कार्यालय : "स्टार हाउस", विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोन सं. 0522–2721512

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इण्डिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम –2002 की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित ऋणियों की मांग सूचना जारी की गई थी तथा मांग सूचना पत्र उनके पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजी गयी थी। पुनः इस सूचना के प्रकाशन द्वारा ऋण गृहिता को, जिन्होंने हमसे ऋण प्राप्त किया था, विशिष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि वह इस सूचना के 60 दिनों के भीतर अपने ऋण विवरण अद्योवर्णित का भुगतान कर दें। ऋणगृहिताओं व जमानतदारों को विशिष्ट रूप से और सर्व साधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार क्रय–विक्रय नहीं करने की चेतावनी दी जाती है।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता/जमानतदार का नाम व पता | दृष्टिबंधक सम्पत्ति का विवरण/सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13(2) के अनुसार मांग सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|
| | शाखा : अशोक मार्ग | | |
| 1. | श्रीमती जरीन मेहंदी (ऋणी व बंधककर्ता) पत्नी : जीशान मेहंदी पता : 26, सलेमपुर हाउस, कैसरबाग, लखनऊ– 226001 श्री सैयद ताकी मेहंदी (जमानतकर्ता) पता : 26, सलेमपुर हाउस, कैसरबाग, लखनऊ– 226001 | सम्पत्ति का विवरण : बैंक द्वारा दी गई क्रेडिट सुविधाएं नीचे दिए गए एसेट्स/सिक्योरिटीज (बैंक को चार्ज की गई प्रापर्टीज/एसेट्स की जानकारी) से सुरक्षित हैं :– महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा स्कार्पियो एनजेड 8 डीएमटी (निबन्धन संख्या– यूपी 32 क्यूएल 7271 इंजन नंबर: YDS4E75583, चेसिस नंबर: MA1TJ2YDS6E85135) रंग : काला, ईंधन : डीजल, निर्माण का वर्ष/माह : 5/2025, निर्माणकर्ता का नाम : स्कार्पियो एनजेड 8 डीएमटी) | 19,88,376.00 + उस पर ब्याज + अन्य चार्ज 22.12.2025 से मासिक अंतराल के साथ संयोजित; 01.07.2026 |

उक्त अधिनियम तहत 13(2) नोटिस के माध्यम से हम आपको सूचित करते हैं कि यदि इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर आपने समस्त राशि (ब्याज व अन्य खर्च सहित– नोटिस की तिथि से भुगतान प्राप्त होने की तिथि तक) का भुगतान नहीं किया तो बैंक सरफेसी नियम के तहत सम्पत्ति का अधिग्रहण कर व निविदा द्वारा बिक्री सूचना जारी करेगा। इसके बाद कोई भी मांग सूचना जारी नहीं की जायेगी।

दिनांक : 01.07.2026, स्थान : अशोक मार्ग, लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

## कार्यालय, नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर।

संख्या– 199/न0पं0त0/2026–27 दिनांक– 03.07.2026

### अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज, कुशीनगर में साफ–सफाई व्यवस्था में लगे जेसीबी मशीन को राज्य वित्त आयोग/निकायनिधि के अन्तर्गत, प्राप्त धनराशि से रिपेयरिंग/मरम्मत कराया जाना है। इच्छुक एवं पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से **दिनांक 10.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक** अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना आमंत्रित किया जाता है। समस्त डाली गयी कोटेशन/निविदा उसी दिन **अपरान्ह 03:00 बजे** दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सबसे न्यूनतम दर के अल्पकालीन निविदा/कोटेशन को ही स्वीकृति प्रदान की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। कार्य का का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्रम सं० | कार्य का विवरण | ठेकेदार/फर्म द्वारा अंकित किये जाने वाला सबसे न्यूनतम दर | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | जेसीबी मशीन रिपेयरिंग/मरम्मत कार्य। | ———— | 07 दिन |

**नियम व शर्तें :–**

1. पंजीकृत फर्म/ठेकेदार का ही अल्पकालीन निविदा/कोटेशन मान्य होगा।
2. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन एक या समस्त अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बतायें अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज में निहित होगा।
3. अल्पकालीन निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।** **अध्यक्ष नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद–कुशीनगर।**


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपनी पत्नी मालादेवी को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। नन्हेलाल पुत्र स्व रतीराम,नि.ग्रा. झपकादिलावरपुर , थाना, मदनापुर,शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 665/D-26**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम (ज़ोहरअली) Zohar Ali पुत्र मोहर अली Mohar Ali था जो अब बदलकर जोहर अली ( Johar Ali ) पुत्र मोहर अली Mohar Ali हो गया है। जोहर अली पुत्र मोहर अली, 93 तुलसी पुर शिवगढ़, पोस्ट- सोरांव ज़िला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश पिन कोड 212502
**सी.आर.- 669/D-45**

### सूचना

सूच्य हो कि हम अपने पुत्र मोहित मिश्रा व बहू रोली तिवारी को उनका आचरण ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद उक्त लोगों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से हमारा कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा। रामतीर्थ मिश्र पुत्र स्व0 दुखहरन प्रसाद मिश्र व मालती मिश्रा( पत्नी) निवासीजन ग्रा0 नीमामऊ, प0सुबेहा त0हैदरगढ़, जि0 बाराबंकी।
**सी.आर.- 664/D-50**

### निविदा सूचना

[illegible]

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा प्राप्त 29 अनुरक्षण मद में कुल रु. 5.00 लाख का अनुदान जिसके अन्तर्गत पुरुष शौचालय का अनुरक्षण स्टॉफ रूम के पीछे सिंक का निर्माण तथा प्राचार्य कक्ष का रंग-रोगन इत्यादि कार्य कराया जाना है। इस हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित फर्मों से मोहरबंद निविदाएं दिनांक 14.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 14.07.2026 को अपरान्ह में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सभी अथवा किसी निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य का होगा। निविदा के साथ में रु. 10000.00 की प्रतिभूति जो प्राचार्य के पक्ष में लगाना होगा। कार्य का विवरण एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है का पंजीकृत एवं जी.एस.टी. तथा पैन नम्बर होना अनिवार्य है।

[illegible]

**सी.आर.- 668/L**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पिता का नाम मोहम्मद अकबर अली व मेरी माता का नाम बेगम फहमीदा खातून अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम अकबर अली है और मेरी माता का सही नाम फहमीदा खातून है। भविष्य में मेरे पिता व माता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।
**मो0 अब्दुल समद सिद्दीकी पुत्र अकबर अली, नि0 -4/4 बैदन टोला प्रयागराज**
**सी.आर.- 669/D**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम प्रियांशी यादव (PRIYANSHI YADAV) पुत्री सुशील कुमार यादव है, जो उसके शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या- 2895 5224 9757 में उसका नाम भूमि यादव (BHUMI YADAV) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम प्रियांशी यादव (PRIYANSHI YADAV) पुत्री सुशील कुमार यादव के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।
एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।
**सुशील कुमार यादव पुत्र स्व. ओम प्रकाश यादव निवासी :- 123बी/12बी/1, राजापुर, जिला-प्रयागराज, उत्तर प्रदेश**
**सी.आर.- 669/D**

### एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**
**वाद संख्या T202610430402155 सन् 2026 ई0**
**रेहाना बानो आदि बनाम मो0 यूसुफ आदि प्रतिवादी**
1-हासिम खां पुत्रगण जमायत अली खां, निवासीगण ग्राम-सिसोरा नासिर, परगना-पसगवां,
2-असलम खां तहसील-मोहम्मदी, जिला-खीरी।
चूंकि उपरोक्त नामांकित ... ने इस न्यायालय में यह आवदे न किया है कि .. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के माह 07 दिवस 07 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् 2026 के 06 माह 29 दिवस को निकाली गयी।
**ता0 पेशी- 07/07/2026**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी-खीरी**
**सी.आर.- 667/D-CN**

### कोर्ट नोटिस

**वाद पदों के स्थितिकारण के लिए सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5)**
**अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं0- 2 इलाहाबाद**
**वैवाहिक वाद संख्या -1678 सन 2025**
श्रीमती अन्नू श्रीवास्तव उर्फ अनुपम उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्री ज्योति प्रकाश श्रीवास्तव निवासिनी- चाँदपुर सराय भारत रैयया तह. सोरांव इलाहाबाद... याचिनी
बनाम
शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष पुत्र स्व0 त्रिभुवन लाल श्रीवास्तव निवासी. देवकली तह0 सदर जनपद- प्रतापगढ़...विपक्षी
प्रार्थना अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955
चूँकि .. ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरबित किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है । 2026 के 08 के 03 दिवस को 10 बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि-03.08.2026**
**न्यायाधीश**
**सी.आर.- 669/D-CN**


## कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

### ई-निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर भी उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.07.2026 |
| निविदा डालने की तिथि | 08.07.2026 को 10 बजे से 23.07.2026 को 12 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 23.07.2026 अपरान्ह 03.00 बजे तक |

| क्र. सं. | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | [illegible] | आगणन धनराशि (GST सहित) रु0 लाख में | निविदा मूल्य (GST सहित) | धरोहर धनराशि (आगणन धनराशि का 2%) रु0 लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | -- | जल संचयन व्यवस्था हेतु महानगर के विभिन्न स्थलों पर जल संचयन एवं जन भागीदारी (JSJB) के अन्तर्गत वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। | -- | 250.00 | 11800.00 | 5.00 |

पत्रांक- 23/म0न0/जलकल/2026-27
दिनांक- 06.07.2026
महाप्रबन्धक, जलकल विभाग नगर निगम, गोरखपुर

## दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.-पूरनपुर-पीलीभीत — जेम निविदा सूचना

मिल समिति में वर्ष 2026-27 में निम्नांकित सामानों की आपूर्ति / जॉब कार्यो हेतु प्रत्येक के सम्मुख अंकित तिथि तक जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की गयी है।

| RL No. | Particulars | GEM Bid No Dated | Last Date of Bid |
|---|---|---|---|
| 1. | Retubing and Reclamation of Boiler Tube | GEM/2026/B/7694843 | 11-07-2026 |
| 2. | Black Polythene, Poly Propline Sheet, Supply of Thread cone | GEM/2026/B/7711178 | 11-07-2026 |
| 3. | Heavy Chemicals | GEM/2026/B/7711899 | 11-07-2026 |
| 4. | Replacement of New SS Screen in Rotary Screen | GEM/2026/B/7712046 | 10-07-2026 |
| 5. | Rootech Root Blower Air cooled flow | GEM/2026/B/7711901 | 11-07-2026 |
| 6. | Dryer House Handling Work | GEM/2026/B/7714657 | 15-07-2026 |
| 7. | Sugar Handling work for Godown | GEM/2026/B/7714723 | 15-07-2026 |
| 8. | PVC Aluminium Copper Cable | GEM/2026/B/7715082 | 13-07-2026 |
| 9. | Industrial Paints | GEM/2026/B/7715335 | 13-07-2026 |
| 10. | High Flow Pump Spears | GEM/2026/B/7717234 | 13-07-2026 |
| 11. | Vaccume Filter Servicing | GEM/2026/B/7718086 | 15-07-2026 |
| 12. | Cane Transport | GEM/2026/B/7728550 | 10-07-2026 |
| 13. | Rewinding of Motor | GEM/2026/B/7718455 | 13-07-2026 |
| 14. | Iron and Steel | GEM/2026/B/7721686 | 15-07-2026 |

उक्त निविदा gem.gov.in पर देखी जा सकती है। **प्रधान प्रबन्धक**
पत्रांक : 359/लेखा / जेम निविदा /2026-27 दिनांक : 06-07-2026

सी.आर.- 666/D

## कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर।

पत्रांक: 495/मेला0 लि0–जि0पं0/2026–27 दिनांक: 22–06–2026

### ई–निविदा सूचना

जिला पंचायत, सीतापुर द्वारा समान प्रकृति के कार्य का किसी विभाग में अनुभव प्राप्त ठेकेदारों से ई–निविदा **दिनांक: 08–07–2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक: 14–07–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** https://etender.up.nic.in पर निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। निविदा एवं शर्तें **दिनांक: 08–07–2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक: 14–07–2026 को दोपहर 12.00 बजे तक** उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। तकनीकी निविदा **दिनांक: 15–07–2026 को अपरान्ह 03.00 बजे** से जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। तदोपरान्त निविदा के तकनीकी मूल्यॉकन (Technical Bid Evaluation) में वैध पायी गयी निविदाओं का वित्तीय मूल्यांकन (Financial Bid Evaluation) उपरान्त निविदा खोले जाने की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क कालम 5 व 6 के अनुसार देय होगी, धरोहर धनराशि का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सीतापुर के पक्ष में बंधक हो एवं निविदा शुल्क की धनराशि को "इण्डियन बैंक, शाखा सिविल लाईन, सीतापुर" में रक्षित जिला पंचायत, सीतापुर का खाता "जिला निधि, जिला पंचायत खाता संख्या–21082963797 आई0एफ0एस0सी0 कोड–IDIB000C633" में आनलाईन माध्यम/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0 एफ0टी के माध्यम से जमा करना होगा तथा प्राप्त यू0टी0आर0/ट्राजेक्शन नं0 आदि की स्कैन प्रतिया निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। कार्यों का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध हैं तथा किसी भी कार्यशील दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर। अधिशासी अभियन्ता, जिला पंचायत, सीतापुर। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सीतापुर। अध्यक्ष, जिला पंचायत, सीतापुर।



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## जेडी वेंस की टिप्पणी पर इस्राइली पीएम नेतन्याहू का जवाब

# ‘अमेरिका ही नहीं, हमारे और भी कई दोस्त हैं’

**वॉशिंगटन।** अमेरिका भले ही दावा करे कि वह इस्राइल का इकलौता सहयोगी है, लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ऐसा नहीं मानते हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को भारत का जिक्र करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की उस टिप्पणी का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ही दुनिया में इस्राइल का एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी है। फॉक्स न्यूज संडे ब्रीफिंग को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल को भारत सहित कई अन्य देशों का भी समर्थन प्राप्त है। उन्होंने व्यंग के लहजे में कहा, हमारे कुछ और दोस्त भी हैं, जैसे भारत नाम का एक छोटा-सा देश। वहां 1.4 अरब लोग रहते हैं और हमें वहां जबरदस्त समर्थन मिलता है। पिछले महीने व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान जेडी वेंस ने कहा था कि इस्राइल को अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का सम्मान करना चाहिए। जब उनसे उन खबरों के बारे में पूछा गया कि इस्राइली नेतृत्व अमेरिका-ईरान समझौते से नाखुश है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की



आलोचना कर रहा है, तो वेंस ने कहा था, अगर मैं इस्राइल सरकार के मंत्रिमंडल में होता, तो मैं उस एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी की आलोचना नहीं करता जो पूरी दुनिया में अब भी मेरे साथ है। इस पर अब नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें फेसबुक पर भारत से काफी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, मेरा फेसबुक पर एक अकाउंट है और वहां मुझे जबरदस्त समर्थन मिलता है। हो सकता है कि मुझे कई अन्य जगहों से भी समर्थन मिल रहा हो। उन्होंने वेंस के इस दावे को खारिज किया कि इस्राइल का कोई दूसरा सहयोगी नहीं है।

## नाटो की बैठक से पहले रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

### मिसाइल-ड्रोन अटैक में सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** नाटो शिखर बैठक से ठीक पहले रूस ने युक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कई रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है और मलबे में लोगों के फंसे होने की आशंका के बीच राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने एक साथ कई तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने बताया कि शहर के कम से कम दो जिलों में मलबा गिरने से आग लग गई और नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली है कि रूस एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस और नाटो शिखर सम्मेलन से पहले दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाना और लोगों की जान लेना है।

## भारतवंशियों ने अमेरिका पर छोड़ी अमिट छाप



**वॉशिंगटन।** स्वामी विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक और बीकेएस अयंगर से लेकर बीआर आंबेडकर तक भारतीय विचारकों व आध्यात्मिक नेताओं ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी है। अमेरिकी आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर तैयार एक संकलन में गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा ने भारतवंशियों के योगदान को प्रमुखता से रखा है। 250 एट 250 : मोमेंट्स ऑफ द इंडियन अमेरिकन स्टोरी शीर्षक के इस संकलन में अमेरिका में हिंदू दर्शन के प्रसार में स्वामी विवेकानंद व स्वामी परमहंस योगानंद से लेकर दीपक चोपड़ा व राजन जेड जैसे आधुनिक दौर के गुरुओं तक के योगदान का उल्लेख किया गया है। संकलन में कहा गया है कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में धार्मिक सहिष्णुता एवं सार्वभौमिक स्वीकार्यता का आह्वान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यह पहला अवसर था जब किसी

- इंडियास्पोरा का संकलन जारी

हिंदू संन्यासी ने अमेरिका में इतने बड़े पश्चिमी जनसमूह को संबोधित किया था। उन्होंने 1894 में न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी की स्थापना में मदद की जो अमेरिका में शुरुआती स्थायी हिंदू संस्थानों में शुमार है।

**अमेरिका में हैं 36 हजार योग स्टूडियो**

बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

**51 लाख भारतवंशी रहते हैं**


बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।


## पीओके में पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर गोलियां चलाईं

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रविवार को जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जाक) के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर पाकिस्तानी फोर्स ने गोलियां

- पाकिस्तान सरकार के खिलाफ 40 हजार प्रदर्शनकारी जुटे थे
- कई लोग घायल

चला दीं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक,जाक ने दावा किया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग जुटे थे।

संगठन का आरोप है कि डुडियाल के एएमबी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या या पाकिस्तान प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जाक का कहना है कि यह प्रदर्शन इस्लामाबाद सरकार के खिलाफ है। साथ ही, यह आंदोलन जाक के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है। संगठन ने गिरफ्तार नेताओं और कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान में चल रहे धरना स्थल पर भी कई अलग-अलग इलाकों से लोगों के काफिले लगातार पहुंचते रहे। प्रदर्शन में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी बताई गई। जाक ने कहा कि रावलाकोट और चक की महिलाएं भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही हैं।

## तेहरान में खामेनेई की अंतिम यात्रा शुरू, जनता ने दी श्रद्धांजलि; किसके खिलाफ की गई नारेबाजी?

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को राजधानी तेहरान में शुरू हुई। शहर की सड़कों पर हजारों लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे। खामेनेई के ताबूत को ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा गया था और उसे एक विशेष रूप से सजाए गए ट्रक पर रखा गया। इसी ट्रक पर उनके परिवार के उन सदस्यों के ताबूत भी रखे गए, जिनकी 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका के हमले की शुरुआत में हुए एक हवाई हमले में मौत हो गई थी। ईरान में शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक गुरुवार तक जारी रहेगा। इस दौरान कई सड़कें बंद कर दी गई हैं और हवाई क्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खामेनेई के समर्थन में झंडे और बैनर लहराए। वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए तथा डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बदले की मांग वाले पोस्टर भी उठाए। एक महिला शोककर्ता फातिमा हसन ने कहा, हम यहां सिर्फ अपने नेता को विदाई देने नहीं आए हैं, बल्कि उनका बदला लेने का संकल्प भी लेकर आए हैं।

**ईरान से बातचीत की कोशिश कर रहा अमेरिका**

उधर, अमेरिका ईरान के साथ बातचीत जारी रखने की कोशिश कर रहा है। इन वार्ताओं का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलना, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करना और हालिया युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, अंतिम संस्कार पूरा होने तक इन वार्ताओं के आगे बढ़ने की संभावना कम मानी जा रही है।

### ईरान ने भारत का आभार जताया

**नई दिल्ली।** ईरान दूतावास ने रविवार को पूर्व ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। ईरान ने कहा कि यह भाव दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को दिखाता है। ईरानी दूतावास ने एक्स पर लिखा,भारत गणराज्य में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास भारत की मित्रवत सरकार और जनता, विशेष रूप से भारत सरकार और जनता की ओर से उपस्थित आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करता है जिन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के शहीद नेता, महामहिम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।’

## बांग्लादेश : मुहम्मद यूनुस के खिलाफ कोर्ट में शिकायत

### खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के पूर्व प्रमुख रहे मुहम्मद यूनुस के खिलाफ एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई गई है। यूनुस पर देश में खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। खसरे से अब तक करीब साढ़े सात सौ लोगों की मौत हो चुकी है। सिराजुल इस्लाम के वकील तस्लीमा जहान ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जशिता इस्लाम ने सिराजुल इस्लाम की शिकायत दर्ज की। सिराजुल नौ महीने की बच्ची के पिता हैं, जिसकी डेंगू से मौत हो गई थी। शिकायत के अनुसार, बच्ची की मौत इसलिए हुई क्योंकि वैक्सीन की कमी के कारण उसे टीका नहीं लग पाया था और बाद में ढाका के एक सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण उसे सही इलाज नहीं मिल सका।

## एक नज़र

### फ्रांस के लालिक म्यूजियम में 40 करोड़ रुपए की चोरी

**नकाबपोश बदमाश 20 क्रिस्टल ज्वेलरी लेकर फरार**

**पेरिस।** फ्रांस के लालिक म्यूजियम से रविवार तड़के करीब 40 लाख यूरो (करीब 40 करोड़ रुपए) के आभूषण चोरी हो गए। घटना जर्मनी सीमा से सटे विंगन-सुर-मोडेर कस्बे की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे कई नकाबपोश बदमाश संग्रहालय का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने छह डिस्प्ले केस तोड़े और करीब 20 क्रिस्टल आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी हुए आभूषण क्रिस्टल के बने थे और उनमें कीमती रत्न नहीं जड़े थे। इसलिए एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन्हें पिघलाकर या दोबारा बेच पाना आसान नहीं होगा। लालिक म्यूजियम की शुरुआत 2011 में हुई थी। यह प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्वेलर और ग्लास कलाकार रेने लालिक तथा उनके उत्तराधिकारियों की कला को समर्पित है। संग्रहालय में 650 से अधिक आर्ट नोवो, आर्ट डेको और आधुनिक क्रिस्टल कला की कलाकृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी के बाद संग्रहालय को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में पेरिस के लूव्र म्यूजियम से फ्रांस के क्राउन ज्वेल्स के आठ दुर्लभ आभूषण चोरी हुए थे। उनकी कीमत करीब 8.8 करोड़ यूरो आंकी गई थी। इसी दौरान डेनिस डिडेरो हाउस ऑफ एनलाइटनमेंट से करीब 2,000 दुर्लभ सिक्के और नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री से 15 लाख यूरो कीमत के छह दुर्लभ सोने के नगेट भी चोरी हुए थे।

### श्रीलंका के नेगोम्बो जेल में बलवा, 25 की मौत

**100 से ज्यादा घायल**

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के बाहरी इलाके नेगोम्बो स्थित एक जेल में हुई हिंसक झड़प में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मृतकों में चार जेलकर्मी और 15 कैदी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेगोम्बो अस्पताल की निदेशक पुष्पा गमलाथ ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि अस्पताल में चार जेलकर्मियों और 15 कैदियों के शव लाए गए हैं। पुलिस और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राजधानी कोलंबो से करीब 35 किलोमीटर उत्तर में स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को हिंसा शुरू हुई, जो सोमवार तक जारी रही। स्थानीय टीवी चैनल हिरु ने दावा किया कि झड़प में 20 लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों और घायलों में कैदी और जेल अधिकारी दोनों शामिल हैं। श्रीलंका पुलिस के प्रवक्ता चंदना हेराथ ने जेल के अंदर झड़प और लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने घटना के कारण या अन्य विवरण साझा नहीं किए।

### पाकिस्तान-तुर्किये में रक्षा संबंध बढ़ाने पर फोकस

**भारत के लिए खतरा है यह गठजोड़**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के प्रति अपने देश के अटूट समर्थन को एक बार फिर दोहराया है। उन्होंने साफ कहा कि अंकारा की सफलता और इस्लामाबाद की प्रगति एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। शनिवार को इस्तांबुल में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन को द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने का भरोसा दिलाया। वहीं, राष्ट्रपति एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आर्थिक संबंधों की आधारशिला बताया। शहबाज शरीफ ने कहा, तुर्किये की सफलता ही पाकिस्तान की सफलता है और पाकिस्तान की तरक्की ही तुर्किये की तरक्की है। तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, रक्षा उद्योग में हमारा सहयोग, जो हमारे आर्थिक संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है, नए प्रोजेक्ट्स के साथ दिन-ब-दिन विकसित हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने तुर्किये के निवेशकों को पाकिस्तान में अपनी व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। एर्दोगन ने यह भी स्पष्ट किया कि वे ऊर्जा, परिवहन, महत्वपूर्ण खनिजों और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ अपने सहयोग को और गहरा करना चाहते हैं।

## रिपोर्ट में दावा : जापान पर दबाव बना रहा चीन

**बीजिंग।** चीन की बढ़ती सैन्य, आर्थिक और साइबर गतिविधियों को लेकर जापान और उसके सहयोगी देशों को सतर्क रहने की

- सहयोगियों के साथ पलटवार की मिली सलाह

सलाह दी गई है। यूरोपियन टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) जासूसी, समुद्री घुसपैठ और आर्थिक दबाव के जरिए जापान पर लगातार दबाव बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सिर्फ जापान की सुरक्षा का नहीं, बल्कि नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता का भी सवाल है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जापान के सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और अन्य अत्याधुनिक उद्योग चीनी खुफिया नेटवर्क के निशाने



पर हैं। साइबर हमलों और अंदरूनी लोगों की भर्ती के जरिए संवेदनशील तकनीक हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इससे निपटने के लिए जापान को अपनी काउंटर-इंटेलिजेंस व्यवस्था मजबूत करने, शैक्षणिक आदान-प्रदान की निगरानी बढ़ाने और अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ मिलकर तकनीक चोरी रोकने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स बनाने की सलाह दी गई है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के तटरक्षक जहाज और मछली पकड़ने वाले पोत अक्सर सेनकाकू द्वीप के आसपास के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। जापान इस द्वीप समूह पर अपना अधिकार जताता है, जबकि चीन भी इस पर दावा करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये गतिविधियां केवल उकसावे की कार्रवाई नहीं हैं, बल्कि जापान की संप्रभुता को चुनौती देने की रणनीति का हिस्सा हैं। इसलिए जापान को समुद्री गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और सहयोगी देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करने चाहिए।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिलेगा बंपर यूरेनियम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की सप्लाई का रास्ता साफ जल्द होने वाला है। इस हफ्ते होने वाली हाई लेवल मीटिंग्स न

- इसी हफ्ते उच्चस्तरीय बैठक में होगा निर्णय
- बदल जाएगी भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर

केवल ऑस्ट्रेलिया की रक्षा नीति को बदल देंगी बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर भी बदल जाएगी। द ऑस्ट्रेलियन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस सोमवार को फिजी पहुंच रहे हैं। वहां वह अपने फिजाई समकक्ष के साथ व्वाले यूनियन पर हस्ताक्षर करेंगे। व्वाले फिजीआई भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है परिवार। लेकिन राजनीति में इस



नया समझौता ऑस्ट्रेलिया को फजी की सुरक्षा और पुलिसिंग में एक बड़ी परिवार का मतलब बहुत गहरा है। यह समझौता ऑस्ट्रेलिया के उस अभियान का हिस्सा है जिसके तहत वह पापुआ न्यूगिनी, तवालू, नोरू और इंडोनेशिया जैसे देशों के साथ अपनी सुरक्षा साझेदारी को पत्थर की लकीर बना रहा है। याद कीजिए साल 2022 जब चीन ने सोलमन आइलैंड्स के साथ एक गुप्त सुरक्षा समझौता करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब से ही ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं। उन्हें डर था कि चीन इन छोटे द्वीप देशों में अपने सैन्य अड्डे बना सकता है। फीजी के साथ होने वाला यह भूमिका देगा। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यूगिनी के साथ किया है। यानी अगर फिजी की सुरक्षा पर कोई खतरा आता है तो ऑस्ट्रेलिया वहां सैन्य और तकनीकी मदद भेजने वाला पहला देश होगा। यह सीधे तौर पर चीन के पेसिफिक विस्तार पर एक ब्रेक लगाने की तरह होगा। अब बात करते हैं हम उस डील की जो भारत के लिए गेम चेंजर है। मेलबर्न में प्रधानमंत्री मोदी और पीएम एल्बनीज़ की मुलाकात होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों देश यूरेनियम निर्यात समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं।

**स्टडी** | जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मिलेगी मदद

# ज्वालामुखी विस्फोट से मिला मीथेन घटाने का नया सुराग

**नई दिल्ली।** कार्बन डाइऑक्साइड के बाद वैश्विक तापवृद्धि के लिए सबसे जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों में शामिल मीथेन को हटाने का एक नया प्राकृतिक तरीका वैज्ञानिकों के सामने आया है। दक्षिण प्रशांत महासागर में 2022 में टोंगा के समुद्र के नीचे हुए भीषण ज्वालामुखीय विस्फोट के अध्ययन से संकेत मिले हैं कि कुछ विशेष हालात में वातावरण में बनने वाले रासायनिक कण मीथेन को तोड़ सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज जलवायु परिवर्तन से निपटने की नई तकनीकों का आधार बन सकती है।

**नमक, राख और धूप ने मिलकर किया कमाल**

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया पहले अटलांटिक महासागर के ऊपर देखी गई रासायनिक प्रतिक्रिया जैसी है। वहां सहारा रेगिस्तान की धूल समुद्री नमक के साथ मिलकर लोहे पर आधारित सूक्ष्म कण बनाती है। सूर्य का प्रकाश इन कणों पर पड़ने के बाद क्लोरीन परमाणु उत्पन्न करता है, जो वातावरण में मीथेन से प्रतिक्रिया कर उसे



तोड़ने लगते हैं। टोंगा ज्वालामुखी ने समताप मंडल में 58 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों के बराबर नमकीन जलवाष्प व बड़ी मात्रा में राख पहुंचाई थी। सूर्य के प्रकाश के प्रभाव से इस मिश्रण में क्लोरीन बना, जिसने ज्वालामुखी से निकली मीथेन के एक हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया।


**एक सप्ताह तक लगातार टूटती रही मीथेन**

शोधकर्ताओं ने फॉर्मल्डिहाइड के बादल को 10 दिनों तक ट्रैक किया। वान हर्पेन के अनुसार फॉर्मल्डिहाइड वातावरण में केवल कुछ घंटों तक ही मौजूद रहता है। इसलिए उसका लगातार दिखाई देना इस बात का संकेत है कि ज्वालामुखीय गुबार एक सप्ताह से अधिक समय तक मीथेन को लगातार तोड़ता रहा। अध्ययन के अनुसार विस्फोट से लगभग 3.3 लाख टन मीथेन निकली थी, जिसमें से शोधकर्ताओं के अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन करीब 900 टन मीथेन नष्ट हो रही थी।

### जलवायु परिवर्तन के लिए अहम है यह खोज

कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मैथ्यू जॉनसन के अनुसार यह पूरी तरह अप्रत्याशित खोज है। अब तक जिस प्रक्रिया को अटलांटिक महासागर के ऊपर देखा गया था, उसके समताप मंडल में ज्वालामुखीय गुबार के भीतर भी सक्रिय होने के संकेत पहली बार मिले हैं। मीथेन 20 वर्ष में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में लगभग 80 गुना अधिक गर्मी रोक सकती है। वैश्विक तापवृद्धि में लगभग एक-तिहाई योगदान इसी गैस का है। चूंकि मीथेन अपेक्षाकृत कम समय तक वातावरण में बनी रहती है, इसलिए इसके उत्सर्जन में कमी लाकर अपेक्षाकृत कम समय में वैश्विक तापवृद्धि की रफ्तार धीमी की जा सकती है।


## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089